* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

19 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 07, अंक 329

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ताइवान में दो दिन में दूसरा भूकंप : जापान में सुनामी का अलर्ट



SURJABASHA




## चतरा में माओवादियों से मुठभेड़ सीआरपीएफ जवान को लगी गोली

### लातेहार में भी पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले में भाकपा माओवादी और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। रविवार को हुई इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। मुठभेड़ की घटना जिले के प्रतापपुर-कुंदा थाना क्षेत्र के सिकिद बलही जंगल में हुई, जहां नक्सल विरोधी अभियान पर निकली सीआरपीएफ 190 बटालियन और जिला पुलिस की भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमिटी सदस्य अरविंद भुइयां और सब जोनल कमांड मनोहर गंझू दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के जवान चितरंजन कुमार को माओवादियों की गोली लगी है और वह घायल हो गये हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है।

### कई माओवादियों को लगी है गोली

चतरा जिले के एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतापपुर-कुंदा थाना क्षेत्र के सिकिद बलही जंगल में भाकपा माओवादी संगठन के हार्डकोर नक्सलियों का जमावड़ा है, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हैं। मिली सूचना के आधार पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के दौरान कई नक्सलियों को गोली लगी है। हालांकि सुरक्षा बल को भारी पड़ता देख नक्सली भागने में सफल रहे। सुरक्षा बल के जवान जंगल में लगातार सर्च अभियान चला रहे हैं।

### सर्च अभियान में भारी मात्रा में हथियार बरामद




आजाद सिपाही संवाददादा

**लातेहार।** जिले में पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच जम कर मुठभेड़ हुई। खुद को कमजोर पड़ता देख उग्रवादी जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे। बाद में पुलिस के द्वारा मुठभेड़ स्थल पर सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने उग्रवादियों की एक बंदूक, भारी मात्रा में गोली और अन्य सामान बरामद किये हैं। पुलिस का सर्च अभियान जारी है।

लातेहार एसपी अंजनी अंजन को सूचना मिली थी कि सदर प्रखंड की पेशरार पंचायत के पेचेगड़ा जंगल के पास जेजेएमपी के उग्रवादियों का जमावड़ा लगा हुआ है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जंगल में पुलिस को देखते ही उग्रवादियों ने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी जंगल का लाभ उठा कर लोहरदगा की तरफ भागने में सफल रहे। फिलहाल पुलिस के द्वारा सर्च अभियान जारी है। सर्च अभियान में एसपी अंजनी अंजन, लातेहार अभियान एएसपी संतोष कुमार मिश्र समेत बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे। मुठभेड़ के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

## गिरिडीह में दो छात्राओं का अपहरण के बाद रेप

### 72 घंटे के अंदर आठ आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र में इंटरमीडिएट की दो नाबालिग छात्राओं के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दुष्कर्म मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अमित रेणु ने एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। इसके बाद महज तीन दिन में पुलिस ने चौतरफा घेराबंदी कर कांड में शामिल सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि पुलिस की सख्त कार्रवाई देख मुख्य आरोपी श्रीकांत वर्मा ने थाने में खुद आत्मसमर्पण कर दिया। वहीं आरोपी को संरक्षण देने और भगाने में सहयोग करने के जुर्म में तीन को गिरफ्तार किया गया।

एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि चंद्रमारनी गांव के चारों आरोपियों ने जब श्रीकांत वर्मा की गाड़ी में छात्राओं को देखा, तो उनसे दुष्कर्म करने का दबाव बनाया। इसके बाद दुष्कर्म के बाद छात्राओं के परिजनों से फिरौती वसूली करने की योजना बनायी। इसी लिहाज से दुलार मंडल श्रीकांत वर्मा की गाड़ी में बैठ कर गाड़ी को जंगल की ओर ले गया, लेकिन जंगल में छात्राओं से जोर-जबरदस्ती के दौरान ही मवेशी चरा रही कई महिलाओं की नजर पड़ी। वे दौड़ कर गाड़ी के नजदीक पहुंचीं। तब तक सभी आरोपी गाड़ी लेकर भाग गये, जबकि दोनों छात्राओं को महिलाओं ने उनके घर पहुंचाया दिया। छात्राओं ने पूरी जानकारी घरवालों को दी। आपको बता दें कि बिरनी प्रखंड की दोनों नाबालिग छात्राएं विद्यालय पढ़ने गयी थीं। इसी बीच कुछ कागजात का जेरोक्स कराने फोटोकॉपी की दुकान पर पहुंचीं। तभी श्रीकांत वर्मा गाड़ी से वहां आया और दोनों लड़कियों को जबरन गाड़ी में बैठा कर फरार हो गया। इसके बाद दोनों को हरदिया जंगल ले गया। गाड़ी में श्रीकांत वर्मा एवं उसका ड्राइवर था। दोनों ने छात्राओं से दुष्कर्म किया। बाद में परिजनों की ओर से बिरनी थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी। एसपी के निर्देश पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में बिरनी थाना क्षेत्र के श्रीकांत वर्मा, संजय वर्मा, पवन पासवान, देवेंद्र पासवान और सरिया थाना क्षेत्र के दुलार मंडल, मनोज प्रसाद, रोशन कुमार और सोनू कुमार को पुलिस ने गिरिडीह न्यायालय में पेश किया।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की छात्राओं का वीडियो वायरल करने का आरोपी शिमला से गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** पंजाब में मोहाली की चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली 60 से ज्यादा छात्राओं के नहाने का वीडियो वायरल केस में आरोपी युवती के बाद पुलिस ने उसके बॉयफ्रेंड को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक का नाम सन्नी है और वह शिमला के रोहड़ू का रहनेवाला है। लड़की भी यहीं की है। दोनों एक-दूसरे को बहुत पहले से जानते हैं। इधर, सैकड़ों स्टूडेंट्स ने रविवार शाम यूनिवर्सिटी कैंपस में दोबारा प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्टूडेंट्स ने डीन ऑफिस घेर लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी और पंजाब पुलिस के अधिकारी मामले को दबा रहे हैं। स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि इंक्वायरी पूरी होने से पहले ही लड़कियों के वीडियो वायरल होने की बात खारिज कर दी गयी। पुलिस ने जिन पीड़ित स्टूडेंट्स के बयान लिये, उन्होंने वीडियो बनाये जाने की बात कही, मगर अफसरों ने उसे दबा दिया। प्रदर्शन में स्टूडेंट्स के परिजन भी शामिल हैं। उधर स्टूडेंट्स के प्रदर्शन को देखते हुए यूनिवर्सिटी कैंपस में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गयी। रविवार को यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट ने प्रदर्शन कर रही लड़कियों को रोकने के लिए टैगोर हॉस्टल के गेट पर ताला लगा दिया। इसके बाद भी लड़कियां 10 फीट ऊंचा गेट फांद कर प्रदर्शन में शामिल होने गयीं। उन्होंने 'वी वॉन्ट जस्टिस' के नारे लगाये। कई स्टूडेंट्स ने काले कपड़े पहन कर विरोध जताया।

### बूढ़ा पहाड़ पहुंचे डीजीपी, जांबाज जवानों को किया सम्मानित

## राज्य में नक्सलियों के लिए कोई जगह नहीं : डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गारू।** डीजीपी नीरज सिन्हा रविवार को बूढ़ा पहाड़ पहुंचे और झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के जांबाज जवानों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सलियों के लिए कोई जगह नहीं है और उन पर चौतरफा प्रहार जारी रहेगा। सुरक्षा बलों के मनोबल और इच्छाशक्ति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रतिकूल मौसम, भारी बारिश और आंधी तूफान के बावजूद अभियान जारी है और नक्सली भाग रहे हैं। डीजीपी के नेतृत्व में एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, आइजी सीआरपीएफ अमित कुमार, आइजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर, एसपी शिवानी तिवारी हेलीकॉप्टर से बूढ़ा पहाड़ पहुंचे।



सभी अधिकारियों ने माओवादी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की रणनीति बनायी। साथ ही सुरक्षा बलों के कैंप का निरीक्षण कर जांबाज जवानों को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। सुरक्षा बलों के द्वारा उन्हें पूरी सुरक्षा दी जायेगी। उन्होंने ग्रामीणों के बीच रोजमर्रा की चीजों का वितरण भी किया। बता दें कि यह इलाका झारखंड छत्तीसगढ़ सीमावर्ती माओवादी नेताओं की शरण स्थली रहा है। इस सुरक्षित पनाहगार में माओवादियों के पोलित ब्यूरो और सेंट्रल कमेटी के सदस्य विध्वंसक कार्रवाई की रणनीति बना कर घटना को अंजाम देते थे। बरामद बंकर और शस्त्रागार सुरक्षा बलों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। नक्सलियों के ट्रेनिंग कैंप के रूप में मशहूर इस इलाके से कई फौजी दस्ते तैयार कर झारखंड के दूसरे क्षेत्रों में भेजे जाते थे। संयुक्त अभियान दल कोबरा, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ के साथ लातेहार-गढ़वा पुलिस ने पहाड़ के निचले हिस्से में रणनीति के तहत पहले धीरे-धीरे कैंप स्थापित किया। फिर आगे बढ़े और अंततः बूढ़ा पहाड़ को अपने कब्जे में कर लिया।

### दुमका की घटना को धनबाद में दोहराने की कोशिश

## पेट्रोल लेकर युवती के कमरे में घुसा मनचला लक्खी रजवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में कोयलांचल के नाम से मशहूर धनबाद में दुमका की घटना की पुनरावृत्ति होनेवाली थी। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कुरवा में दो नाबालिग बहादुर बहनों की हिम्मत ने इस घटना को दुहराने से खुद को बचा लिया। पेट्रोल लेकर देर रात लक्खी रजवार दरवाजे को तोड़ने हुए कमरे में सो रही नाबालिग बहनों के पास पहुंच गया था, लेकिन अचानक एक बहन की आंख खुल गयी, जिसके बाद उसने पास सो रही दूसरी बहन को उठाया और युवक का बहादुरी से सामना करते हुए दोनों ने हो हल्ला किया।

हो-हल्ला के बाद दोनों बहनों की मां और दादा मौके पर पहुंच गये, लेकिन तब तक सिरफिरा युवक लक्खी रजवार भाग खड़ा हुआ। हालांकि इस दौरान साथ लाये पेट्रोल की बोतल को दोनों बहनों ने लक्खी रजवार के हाथ से छीन लिया। दोनों युवतियों ने अपनी मां और दादा को सारी बातें बतायीं। साथ ही सिरफिरे युवक का भी नाम उन लोगों ने बताया दिया। घटना रविवार देर रात्रि की बतायी जा रही है। इस मामले को लेकर दोनों बहनों ने गोविंदपुर थाना में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन फिलहाल लक्खी रजवार पुलिस की पकड़ से बाहर है। आरोपी युवक के परिजन केस वापस लेने का दबाव पीड़िता और उनके परिजनों पर बना रहे हैं।

कुरवां गांव में रात्रि लगभग 2 बजे घर में सो रही दो नाबालिग बहनों के कमरे में एक सरफिरा लड़का लक्खी रजवार घुस गया। वो अपने हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंचा था। किशोरी के द्वारा शोर-शराबा किये जाने के बाद घर के लोग जग गये, जिस कारण एक बड़ी घटना घटने से बच गयी। दोनों बहनों ने बताया कि जब लड़के का विरोध किया तो दोनों बहनों के साथ लड़के द्वारा मारपीट भी की गयी और गर्दन दबा कर जान मारने की भी कोशिश की।

युवक ने धमकी दी कि दोनों को पेट्रोल छिड़क कर आग लगा देंगे वरना चुप रहो, लेकिन लड़कियों ने शोर मचाना जारी रखा। इससे घर के बाकी सदस्य जाग गये।

इस पूरे मामले में धनबाद मुख्यालय एसडीपीओ सह पुलिस प्रवक्ता अमर कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। चूंकि लड़कियां नाबालिग हैं, जिस कारण पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूरे मामले में अनुसंधान जारी है। अनुसंधान के बाद पूरे मामले पर कार्रवाई की जायेगी।

## महाराष्ट्र एटीएस ने झारखंड के 15 लाख के इनामी माओवादी कारू हुलास यादव को गिरफ्तार किया

- हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र का रहनेवाला है हुलास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी कारू हुलास यादव को महाराष्ट्र एटीएस ने गिरफ्तार किया है। उसको महाराष्ट्र एटीएस की टीम ने रविवार को पालघर जिले के नालासोपारा थाना क्षेत्र स्थित एक चॉल से गिरफ्तार किया है। वह भाकपा माओवादी संगठन में रीजनल कमेटी का सदस्य है। महाराष्ट्र एटीएस की टीम उससे पूछताछ कर रही है।

**इलाज के लिए गया था :** कारू हुलास यादव मूल रूप से हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। वह महाराष्ट्र के पालघर जिले में इलाज करवाने के लिए गया था। इसी दौरान इसकी सूचना महाराष्ट्र पुलिस को मिली, जिसके उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने झारखंड पुलिस को इसकी जानकारी दी है।

**मोस्ट वांटेड है कारू हुलास यादव :** झारखंड पुलिस ने कारू हुलास यादव को मोस्ट वांटेड घोषित किया है। सूचना देनेवाले का नाम गोपनीय रखने और इनाम देने की भी घोषणा की गयी है।

**एकलौता हार्डकोर उग्रवादी :** नक्सली कारू यादव का दस्ता चतरा और हजारीबाग के सीमांत इलाके का दस्ता सक्रिय है। सीमांत इलाके में दुर्दांत माओवादियों के मारे जाने और पकड़े जाने के बाद एकलौता हार्डकोर उग्रवादी रह गया है, जो लेवी वसूलने के साथ-साथ पोस्टर चिपका कर लोगों के बीच दहशत फैला रहा था।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 46,900 रु./10 ग्राम
चांदी 57,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## जब भाजपा के साथ होते हैं तो भूल जाते हैं विशेष राज्य का दर्जा, पाला बदलते ही याददाश्त लौट आती है

# नीतीश फिर लेकर आये बिहार के लिए विशेष चूरन

**बिहार के मुख्यमंत्री और 2024 में खुद को विपक्ष का पीएम पद का चेहरा माननेवाले नीतीश कुमार ने एक बार फिर बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग उठायी है। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा है कि अगर उन्हें केंद्र में सरकार बनाने का मौका मिला, तो वह बिहार के अलावा अन्य पिछड़े राज्यों को भी विशेष राज्य का दर्जा देंगे। यह पहली बार नहीं है, जब नीतीश ने यह मुद्दा उठाया है। वह पहले भी राज्य के लिए विशेष दर्जे की मांग करते रहे हैं, लेकिन तब, जब वह भाजपा के साथ चुनाव में नहीं उतरते। भाजपा से अलग होते ही यह बिहार के हर चुनाव में मुद्दा बना है, लेकिन अभी तक इसे विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस मांग के पीछे की सियासत क्या है और नीतीश कुमार कुछ दिनों के अंतराल पर यह मांग क्यों उठाते रहते हैं। दरअसल, यह उनकी एक सूत्री सियासत का परिचायक है। बिहार ही नहीं, देश के बहुत से लोगों को पता भी नहीं होगा कि आखिर विशेष राज्य का दर्जा किस चिड़िया का नाम है और यदि यह मिल भी गया, तो क्या हासिल होगा। नीतीश कुमार इस सवाल पर अकसर चुप्पी साध जाते हैं। यहां एक और गौर करनेवाली बात यह है कि वह यह मांग तभी उठाते हैं, जब वह भाजपा से अलग होते हैं, क्योंकि वह जानते हैं कि केंद्र को सवालों के कटघरे में खड़ा करने के बाद ही उनकी राजनीतिक दुकानदारी चलेगी। इसलिए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग सियासी चाल के अलावा कुछ भी नहीं है। नीतीश कुमार की इसी सियासत की परत-दर-परत पड़ताल कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

## गजबे राजनीति करते हैं नीतश कुमार



जैसे-जैसे 2024 नजदीक आ रहा है, राजनीतिक दलों की, खास कर गैर-भाजपा दलों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। तमाम सियासी हलचलों के बीच नित नये मुद्दों की तलाश हो रही है। मुद्दे उठाये भी जा रहे हैं, बैठकों और मेल-मुलाकातों का सिलसिला भी लगातार चल रहा है। ऐसे में खुद को 2024 में विपक्ष का पीएम पद का सर्वमान्य चेहरा बनाने का सपना लिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने विशेष राज्य के दर्जे की मांग पर फिर से वापस लौट आये हैं। उन्होंने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए अपनी लगभग 15 साल पुरानी मांग को फिर से उठाया है। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग पूरी तरह से जायज है और बिहार इसका हकदार है। बोलने के क्रम में उन्होंने यह भी कह दिया कि यदि राज्य में कोई विशेष दर्जे की मांग का विरोध करता है, तो संभव है कि वह व्यक्ति इस मुद्दे को नहीं समझता है। यह पहली बार नहीं है, जब नीतीश ने यह मांग उठायी है। इस बार फर्क केवल इतना है कि उन्होंने कहा है कि यदि 2024 में उन्हें केंद्र में सरकार बनाने का मौका मिला, तो वह केवल बिहार को ही नहीं, सभी पिछड़े राज्यों को विशेष दर्जा देंगे। उनका यह वादा एक केंद्रीय नेता का वादा है और इससे साफ है कि नीतीश अब खुद को मोदी के समकक्ष खड़े होने के लिए तैयार कर रहे हैं।

बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग नीतीश 2007 से कर रहे हैं। आम तौर पर यह मांग चुनाव से पहले जोरदार तरीके से उठायी जाती रही है। तब एक सवाल उठता है कि उनके द्वारा इस मुद्दे को अभी फिर से उठाने का क्या कारण है?

दरअसल, नीतीश कुमार जानते हैं कि बिहार में अपनी दुकानदारी चलाने के लिए उन्हें इस मांग की बैसाखी की जरूरत है। इतना ही नहीं, भाजपा को छोड़ राजद और कांग्रेस से गठबंधन करने का औचित्य साबित करने के लिए भी उन्हें कोई न कोई शिगूफा छोड़ना ही होगा। इसके बाद ही वह बिहार से बाहर निकल कर अपनी छवि चमका सकेंगे। लेकिन इससे पहले यह जानना जरूरी है कि बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग पैदा कहां से हुई।

### नीति आयोग की रिपोर्ट

नीतीश कुमार नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट से परेशान हैं, जिसमें बिहार को विकास दर और मानव विकास सूचकांकों के मामले में सबसे निचले राज्यों में रखा गया है। उन्हें अपनी सुशासन बाबू की छवि की चिंता सता रही है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि बिहार की वार्षिक प्रति व्यक्ति आय 50 हजार 735 रुपये है, जो राष्ट्रीय आंकड़े एक लाख 34 हजार 432 रुपये से काफी दूर है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की 51.91 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है। यह देश में सर्वाधिक है। स्कूल छोड़ने, बच्चों के कुपोषण, मातृ स्वास्थ्य और शिशु मृत्यु दर के मामले में भी बिहार लगातार खराब प्रदर्शन कर रहा है। इस खराब प्रदर्शन के बावजूद बिहार को केंद्र से पर्याप्त मदद मिल रही है, लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा है। इसलिए नीतीश कुमार जब-जब भाजपा से अलग होते हैं, उन्हें विशेष दर्जे की मांग की याद सताने लगती है।

### राजनीतिक कारण

समय-समय पर भाजपा पर दबाव बनाने की कोशिश नीतीश की पुरानी रणनीति रही है। हकीकत यह है कि बिहार में अधिक सीटें होने के बावजूद भाजपा ने कभी नीतीश पर दबाव नहीं बनाया। इसके बावजूद उन्होंने केवल अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए भाजपा का साथ छोड़ा, जो अब उन्हें महंगा पड़ता दिखाई दे रहा है। वह यह भी जानते हैं कि विशेष राज्य का दर्जा एक ऐसी मांग है, जिसे केंद्र कभी नहीं मानेगा, क्योंकि इससे राज्यों के दावों की बाढ़ आ जायेगी।

### क्या है विशेष राज्य का दर्जा

यूपीए के शासनकाल के दौरान केंद्र सरकार ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में जानकारी दी थी कि विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने का मुद्दा सबसे पहले राष्ट्रीय विकास परिषद की अप्रैल, 1969 में आयोजित बैठक के दौरान 'गाडगिल फॉर्मूला' के अनुमोदन के वक्त उठा था। सबसे पहले वर्ष 1969 में ही असम, जम्मू-कश्मीर और नागालैंड को यह दर्जा दिया गया था। इसके बाद अगली पंचवर्षीय योजना के दौरान यह दर्जा पांच और राज्यों, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, सिक्किम और त्रिपुरा को भी दे दिया गया। फिर 1990 में दो और राज्यों, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम को यह दर्जा दिया गया। वर्ष 2001 में उत्तराखंड के गठन के साथ ही उसे भी विशेष राज्य का दर्जा दे दिया गया।

### विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने को लेकर विशेष नियम

भारत सरकार ने किसी भी राज्य को विशेष दर्जा देने के लिए कुछ नियम बनाये हैं। इनमें पहला है कि राज्य दुर्गम क्षेत्रों वाला पर्वतीय भूभाग हो, तो यह दर्जा दिया जा सकता है। इसके अलावा किसी राज्य की कोई भी सीमा अगर अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगती हो, तो भी उसे विशेष राज्य का दर्जा दिया जा सकता है। तीसरा नियम यह है कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय और गैर-कर राजस्व बेहद कम होने पर भी यह दर्जा दिया जा सकेगा। फिर किसी राज्य में आधारभूत ढांचा नहीं होने या पर्याप्त नहीं होने पर भी विशेष राज्य का दर्जा प्रदान किया जा सकता है। इसके अलावा ऐसे किसी राज्य को भी विशेष राज्य का दर्जा दिया जा सकेगा, जिसमें जनजातीय जनसंख्या की बहुलता हो अथवा जनसंख्या घनत्व बेहद कम हो। इन सभी के अलावा किसी राज्य का पिछड़ापन, विकट भौगोलिक स्थितियां अथवा सामजिक समस्याएं भी विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने काआधार बन सकती हैं।

### बिहार इस फार्मूले में फिट नहीं करता

अब बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग से जुड़ा सबसे अहम तथ्य यही है कि बिहार इनमें से कोई भी शर्त पूरी नहीं करता है। बिहार का बहुत छोटा हिस्सा छोड़ कोई हिस्सा किसी अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा हुआ नहीं है और राज्य का कोई भी हिस्सा दुर्गम इलाका भी नहीं कहा जा सकता। इसके अलावा जनजातीय आबादी वाला झारखंड पहले ही अलग राज्य बन चुका है। इसलिए अब बिहार की आबादी में जनजातीय जनसंख्या की बहुलता भी नहीं है। राज्य में पर्याप्त आधारभूत ढांचा भी है और बिहार के वासियों की प्रति व्यक्ति आय और राज्य का गैर-कर राजस्व भी कम नहीं है। इसलिए उसे यह दर्जा दिये जाने की राह में अड़चनें ही अड़चनें हैं।

### विशेष राज्य का दर्जा मिलने से क्या फायदा होता है

विशेष राज्य का दर्जा मिल जाने से किसी भी राज्य को सबसे बड़ा लाभ केंद्रीय सहायता के रूप में मिलता है। दरअसल किसी भी राज्य, जिसे विशेष राज्य का दर्जा हासिल नहीं है, को केंद्र द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता में 70 फीसदी रकम कर्ज के रूप में दी जाती है तथा शेष 30 फीसदी रकम सहायता के रूप में मिलती है, जिसे लौटाना नहीं होता, जबकि विशेष राज्य का दर्जा मिल जाने के बाद किसी राज्य को केंद्र सरकार से सिर्फ 10 प्रतिशत रकम ही कर्ज के रूप में दी जाती है और शेष 90 प्रतिशत रकम सहायता के रूप में प्रदान की जाती है। विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त राज्यों को कर्जमुक्त केंद्रीय सहायता के अतिरिक्त भी लाभ होते हैं। ऐसे राज्य में यदि निजी पूंजी निवेश के आधार पर कोई उद्योग या कारखाना स्थापित किया जाये, तो उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, आयकर, बिक्री कर और कॉरपोरेट टैक्स आदि केंद्रीय करों में भी खासी छूट प्रदान की जाती है, जिससे राज्य में निवेश करना लाभदायक लगने लगता है। इस तरह का निवेश होने से राज्य में रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होते हैं।

### केवल सियासी है नीतीश की मांग

तो इसका मतलब यही निकलता है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग के साथ नीतीश कुमार की राजनीति एक बार फिर राज्य की जनता से सहानुभूति बटोरने की है। सत्ता में उनके सहयोगी तेजस्वी यादव जब विपक्ष में थे, तब वह कहते रहे हैं कि इस मसले पर नीतीश कुमार सिर्फ राजनीति करते हैं और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाना उनके लिए संभव नहीं है। उनकी यह बात अब भी सही प्रतीत हो रही है।

### तो फिर नीतीश की मांग को गंभीरता से लिये जाने की जरूरत है?

इन तमाम तथ्यों के आलोक में यह सवाल उठता है कि क्या नीतीश कुमार की मांग को गंभीरता से लिये जाने की जरूरत है और क्या नीतीश खुद अपनी मांगों को लेकर गंभीर हैं। दरअसल जब केंद्र और बिहार में एनडीए की सरकार थी, तो यह मांग क्यों नहीं उठायी गयी, यह बड़ा सवाल है, क्योंकि यह वादा तो भाजपा ने ही किया था। फिर उस समय नीतीश ने यह मांग उठाना तो दूर, कभी इसकी चर्चा भी नहीं की, जब भाजपा सत्ता में उनकी सहयोगी थी। इसके अलावा नीतीश अपने सहयोगियों को भी नहीं समझा पा रहे हैं कि उनकी मांग कितनी जायज है। कुल मिला कर कहा जाये, तो नीतीश की पुरानी और इस गंभीर मांग के प्रति प्रतिबद्धता अब नहीं दिखती। इस मांग के पीछे उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा ही दिखती है।

# तमिलनाडु में मंदिर और जमीन को हड़प रहा है वक्फ बोर्ड

अरुण देव

**अभी** कुछ दिन पहले ही तमिलनाडु से एक ऐसा समाचार आया है, जो यह बता रहा है कि भारत में वक्फ बोर्ड कितना शक्तिशाली बन गया है और वह कैसे देश की संपत्ति को कब्जा कर रहा है। बता दें कि तमिलनाडु में एक कस्बा है थिरुचेंदुरई। यहां 1,500 वर्ष पुराना एक मंदिर है और यहां रहने वाले लोगों में 95 प्रतिशत हिंदू हैं। इसके बाद भी वक्फ बोर्ड ने इस गांव की जमीन और मंदिर को अपना बताया है। तमिलनाडु वक्फ बोर्ड का दावा है कि इस गांव की भूमि और मंदिर वक्फ की संपत्ति है। इससे बड़ा आश्चर्य और क्या हो सकता है। बता दें कि इस्लाम 1,400 वर्ष पहले ही इस दुनिया में आया है। यही नहीं, भारत में वक्फ का इतिहास तब शुरू होता है, जब यहां मुसलमानों ने राज करना शुरू किया। यानी जो इस्लाम थिरुचेंदुरई स्थित मंदिर से भी आयु में छोटा है, उसके अनुयायी कह रहे हैं कि वह मंदिर वक्फ संपत्ति पर बना है। इसलिए जो भी तमिलनाडु की घटना के बारे में सुनता है, वह दंग रह जाता है।

अब पहले उस घटना के बारे में जान लेते हैं। अभी कुछ ही दिन पहले थिरुचेंदुरई के एक निवासी राजगोपाल अपनी एक एकड़ जमीन बेचने के लिए संबंधित सरकारी कार्यालय में गये। वहां उन्हें कहा गया कि आप जमीन बेच नहीं सकते हैं। यह भी कहा गया कि जमीन बेचने से पहले आपको चैन्ने स्थित तमिलनाडु वक्फ बोर्ड कार्यालय से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लाना होगा। यह सुन कर तो राजगोपाल के पैरों के नीचे की जमीन ही खिसक गयी। उन्हें पता चला कि उनकी जमीन के साथ-साथ थिरुचेंदुरई के अन्य लोगों की जमीन और मंदिर वक्फ संपत्ति घोषित हो चुका है। इसके बाद से थिरुचेंदुरई के हिंदू परेशान हैं। वे सोच रहे हैं कि ऐसा कैसे हो सकता है। अब इसे सरकारी स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि मामला नहीं सुलझा तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा और वहां से भी न्याय मिलेगा या नहीं, इसका कोई ठिकाना नहीं है। क्योंकि तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले नेताओं ने वक्फ बोर्ड को इतनी शक्ति दे दी है कि वह अब भारत को निगलने के लिए उठ खड़ा हुआ है।

एक दूसरा मामला गुजरात का है। लगभग एक वर्ष पहले भगवान कृष्ण की नगरी बेट द्वारका के दो टापू पर सुन्नी वक्फ बोर्ड ने दावा किया है कि ये दोनों उसके हैं। वक्फ बोर्ड का दुस्साहस देखिए कि उन टापुओं पर कब्जा लेने के लिए वह गुजरात उच्च न्यायालय पहुंच गया। हालांकि न्यायालय ने उसके दावे पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए उसे निरस्त कर दिया। बता दें कि बेट द्वारका में आठ टापू हैं। इनमें दो पर 90 प्रतिशत मुसलमान रहते हैं। इसी आधार पर वक्फ बोर्ड ने उन टापुओं को अपना बताया है।

है न आश्चर्य की बात कि जो द्वारका नगरी आज से लगभग 5,000 वर्ष पूर्व बसायी गयी थी, उसे वक्फ बोर्ड अपना बता रहा है। कह सकते हैं कि यह वक्फ बोर्ड की बदमाशी के अलावा और कुछ नहीं है।

### 1500 वर्ष पुराना है मंदिर, यहां 95 प्रतिशत हिंदू आबादी है




अब प्रश्न उठता है कि वक्फ बोर्ड इतनी मनमानी और बदमाशी क्यों कर रहा है। इसका उत्तर वक्फ बोर्ड के कानून में छुपा हुआ है। वक्फ एक्ट-1995 की धारा 40 के अनुसार वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने से पहले उसके मालिक को बताने के लिए बाध्य नहीं है। इस कारण वक्फ बोर्ड चुपके से किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित कर देता है। और जब तक उसके असली मालिक को इसकी जानकारी होती है, तब तक बहुत देर हो जाती है। यह बात भी है कि इसका मुकदमा किसी न्यायालय में नहीं चल सकता, बल्कि वक्फ प्राधिकरण में चलता है, जहां के सभी सदस्य मुसलमान ही होते हैं। इस कारण वहां से किसी हिंदू को शायद ही कभी न्याय मिलता है। इसी धारा का दुरुपयोग कर तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने थिरुचेंदुरई कस्बे के मंदिर और वहां की जमीन को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया।

यही धारा वक्फ बोर्ड को यह भी अधिकार देती है कि वह किसी भी अवैध मजार या मस्जिद को वैध कर सकता है। यही कारण है कि आये दिन पूरे भारत में गलत तरीके से मजारें और मस्जिदें बन रही हैं। इन्हें बनाने वाले लोग अपने क्षेत्र के वक्फ बोर्ड कार्यालय में एक आवेदन लगाते हैं और वक्फ बोर्ड ऐसे अवैध निर्माण को वैध बना देता है। हालांकि नियम है कि वक्फ बोर्ड में आवेदन देने के 50 वर्ष बाद ऐसे अवैध निर्माण अपने आप वैध हो जाते हैं। लेकिन इसमें भी जमकर बदमाशी होती है। कोई भी मुसलमान कहीं मजार या मस्जिद बना देता है और उसे बहुत पुरानी बताते हुए वक्फ बोर्ड में अर्जी लगा देता है। और वक्फ बोर्ड इस तरह की अर्जियों को तुरंत निपटाता है और अवैध निर्माण को वैध कर उसे एक नंबर दे देता है। यानी अब वह वक्फ संपत्ति हो गयी। इस कारण वक्फ बोर्ड की संपत्ति दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय भारत में सेना और रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड के पास सर्वाधिक संपत्ति है। वर्तमान में सेना के पास लगभग 18 लाख एकड़, रेलवे के पास लगभग 12 लाख एकड़ और वक्फ बोर्ड के पास लगभग 8 लाख एकड़ जमीन है।

यानी वक्फ एक्ट-1995 को हथियार बनाकर वक्फ बोर्ड पूरे देश में जमीन हथिया रहा है और जिसकी जमीन पर वह कब्जा कर रहा है, वह भाग रहा है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि तुष्टीकरण की राजनीति ने वक्फ बोर्ड को अति शक्तिशाली बना दिया है। बता दें कि श्रीराम मंदिर आंदोलन के दौरान मुसलमान कांग्रेस से बहुत दूर जा चुके थे। परंपरागत वोट बैंक के खिसकने से कांग्रेस की हालत खराब हो रही थी। उन्हें एक बार फिर से कांग्रेस के नजदीक लाने के लिए तत्कालीन नरसिंहा राव सरकार ने 22 नवंबर, 1995 को एक ऐसा कानून बनाया, जिसने वक्फ बोर्ड को असीमित अधिकार दे दिया। इसी कानून के बल पर वक्फ बोर्ड एक षड्यंत्र के अंतर्गत देश की संपत्तियों पर कब्जा कर रहा है।

बता दें कि वह संपत्ति वक्फ संपत्ति होती है, जो अल्लाह या मजहब के कार्य के लिए दान दे दी जाती है। जैसे मस्जिद, मदरसा, मजार, कब्रिस्तान आदि। ये सभी मजहब के कार्य से जुड़े हैं। इसलिए इनकी जमीन की देखरेख के लिए मुसलमान शासकों ने वक्फ की शुरूआत की। बाद में अंग्रेजों ने वक्फ कानून बनाया। पहली बार 7 मार्च, 1913 को वक्फ कानून बना। इसके बाद 5 अगस्त, 1923 को इसमें कुछ संशोधन किया गया। फिर 25 अगस्त, 1930 और 7 अक्तूबर, 1937 को भी कुछ सुधार किये गये।

मजहब के नाम पर भारत के बंटवारे के बाद भी इस कानून को रखा गया। यही नहीं, 22 नवंबर, 1954 और 1984 में भी इसमें कुछ प्रावधान जोड़े गये। उन्हीं दिनों राजीव गांधी सरकार ने हिंदू-विरोधी एक और काम किया। 1947 में विभाजन के समय जो मुसलमान अपनी संपत्ति छोड़ कर पाकिस्तान चले गये थे, उनकी संपत्ति सरकार ने वक्फ बोर्ड को दे दी, जबकि यह संपत्ति सरकार के अधीन होनी चाहिए थी या फिर जो हिंदू पाकिस्तान से आये थे, उन्हें मिलनी चाहिए थी। इसके बाद 22 नवंबर, 1995 को वक्फ कानून में संशोधन कर उसमें वे बातें जोड़ दी गयीं, जो आज हिंदुओं के लिए बहुत ही घातक साबित हो रही हैं। अपने वोट बैंक के लिए कांग्रेस ने वक्फ बोर्ड को इतना शक्तिशाली बना दिया कि वह आज आज देश की जमीन पर ही कब्जा कर रहा है। इसलिए अनेक कानूनविद् और साधु-संत वक्फ कानून को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel · Subscribe NOW · 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.2 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.36 बजे |



### 1932 के आधार पर राज्य में स्थानीय-नियोजिन नीति बन ही नहीं सकती

# भाजपा की सरकार बनी, तो संताल में मिनी एनआरसी: बाबूलाल मरांडी

**मैंने कभी भी 1932 के आधार पर स्थानीय और नियोजन नीति बनाने की बात नहीं की थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि संताल परगना के विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में बांग्लादेसी घुसपैठियों के आकर बसने की बात सामने आ रही है। इससे क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल गयी है। अगर भाजपा की सरकार राज्य में बनी, तो संताल परगना में मिनी एनआरसी करायी जायेगी। बाबूलाल मरांडी स्थानीय अतिथि भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान के आधार पर राज्य में स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बन सकती है। सत्ताधारी दल के नेता लोगों को बरगलाने के लिए यह शिगूफा छोड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में भी कभी 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय और नियोजन नीति की बात नहीं की थी। कुछ लोगों ने अफवाह उड़ा दी और अन्य लोगों ने बिना कुछ जाने समझे, उस पर विश्वास कर लिया। बाबूलाल ने कहा कि 1932 में सभी जिलों में सर्वे भी नहीं हुआ था। ऐसे में 1932 का खतियान कहां से आयेगा। कहा कि बजट सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में कहा था कि 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय और नियोजन नीति संभव नहीं है। ऐसे में छह माह बाद ही यह संभव कैसे हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन को लग रहा है कि सत्ता में उनके दिन पूरे हो चुके हैं। इसलिए राजनीतिक लाभ के लिए इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। वैसे जनता सब कुछ समझ रही है। कहा कि रंग-गुलाल खेलनेवालों को लग रहा है कि तीन साल तक जनता को वेबकूफ बना लिया। अब आगे भी बनायेंगे। इससे वे खुश हैं। हेमंत सोरेन की विधायकी संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा-भाजपा कहां कुछ कर रही है। मुख्यमंत्री को लग रहा है कि उन्होंने खदान, जमीन आदि लेकर गलती की है, सो सदस्यता जायेगी। इसलिए इधर-उधर भागदौड़ कर रहे हैं। इडी की कार्रवाई के बाद पत्थर कारोबार के प्रभावित होने संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार लोगों को रोजगार देना ही नहीं चाहती है। हेमंत सरकार में ढाई साल तक अवैध रूप से बड़े-बड़े क्रशर अवैध रूप से चलते रहे। सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की तो एनजीटी को रोक लगानी पड़ी। बाबूलाल ने कहा कि अब तो साबित हो चुका है कि अवैध कारोबार का पैसा सत्ता में बैठे लोगों तक पहुंचा।



# स्थानीयता का निर्धारण हो नियोजन का आधार जातीय जनगणना भी जल्द करायें : आजसू

**हेमंत सरकार की स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण के फैसले का स्वागत किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के रांची स्थित प्रधान कार्यालय में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी और केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता मीडिया से मुखाबित हुए। इन तीनों ने हेमंत सोरेन सरकार की ओर से स्थानीयता एवं आरक्षण के संदर्भ में लिये गये निर्णय का स्वागत किया। कहा कि झारखंडी हित और राज्य के विकास के लिए सरकार कोई भी निर्णय लेगी, तो आजसू पार्टी इसका अभिनंदन करेगी।



## स्थानीयता का निर्धारण नियोजन का आधार बने

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थानीयता का निर्धारण ही नियोजन का आधार बने। साथ ही साथ सरकार यह भी स्पष्ट करे कि जिन पदों पर नियुक्तियों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका, उसका आधार खतियान आधारित स्थानीय नीति होगा या मैट्रिक और इंटरमीडिएट का प्रमाण पत्र। प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि नियुक्तियों में किसी प्रकार की बाधा ना आये तथा तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियां शत प्रतिशत स्थानीय व्यक्तियों को ही मिले, इसके लिए सरकार नियुक्ति प्रक्रिया को प्रखंड स्तर पर शुरू करे ।

## स्थानीय नीति और आरक्षण आजसू का मुख्य मुद्दा रहा है

उन्होंने कहा कि हमारी कथनी और करनी में कभी अंतर नहीं रहा। खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं आरक्षण हमारा मुख्य मुद्दा रहा है और इसे लेकर हम संघर्ष करते रहे हैं। आरक्षण को लेकर विगत 6,7 और 8 सितंबर, 2021 को हमने राज्य के 4402 पंचायत तथा सभी 260 प्रखंडों में सामाजिक न्याय मार्च निकाल कर, लाखों हस्ताक्षरयुक्त स्मरण पत्र एकत्रित किया तथा मुख्यमंत्री तक पहुंचाया और जभावनाओं से सरकार को अवगत कराया।

## राज्य में जातीय जनगणना सुनिश्चित करे सरकार

उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी संघर्ष की उपज है और संघर्ष ही हमारी पहचान है। जनमुद्दों को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा। प्रेस वार्ता के दौरान हसन अंसारी ने कहा कि ओबीसी आरक्षण को देने के प्रस्ताव पर भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है, लेकिन जातीय जनगणना कराने को लेकर सरकार ने अभी तक कोई वक्तव्य नहीं दिया। आजसू पार्टी सरकार से यह मांग करती है कि राज्य में जातीय जनगणना सुनिश्चित करे।

## 18 मटकाबाज गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाना पुलिस ने मटका (जुआ) के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में मनोज कुमार गुप्ता, एखलाक अहमद, मोहम्मद नौशाद, शेरू अंसारी, अरबाज अंसारी, मोहम्मद इमरान, अमित मुंडा, मोहम्मद शाहनवाज, उस्मान, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद साकिब, रिजवान खान, पवन कुमार डे, दिल अफरोज आलम, आतिफ आफताब, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद सुहैल और मोहम्मद राजू शामिल है। इनके पास के मटका जुआ खेलने तथा खिलाने का सामान, ताश का पत्ता, केलकुलेटर, मटका चार्ट, रजिस्टर, 13 पीस मोबाइल, 47 हजार 320 रुपये नगद, 368 पीस अलग अलग कंपनी का नशीला कैप्सूल बरामद किया गया है। सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि कोनका रोड में मो रिजवान और मो सोहेल एक खाली पुराना मकान में बड़े पैमाने पर मटका खेलाने का काम कर रहे हैं और अवैध नशीला दवाई का सेवन किया जा रहा है। सूचना पर एसएसपी के निर्देश पर छापेमारी की गयी।

# चित्र प्रदर्शनी और रक्तदान के साथ भाजपा का सेवा पखवाड़ा शुरू

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रदेश में 31 स्थानों पर चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने चित्र प्रदर्शनी और रक्तदान के साथ सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया, जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। पखवाड़े के बीच में पार्टी के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भी 25 सितंबर को बूथ स्तर पर मनायी जायेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रदेश में 31 स्थानों पर चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने किया। दीपक प्रकाश ने कहा कि आज का भारत एक भारत और श्रेष्ठ भारत है। यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। मोदी ने केवल भारत को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को एक नयी दिशा दी है। वहीं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी मां भारती के सच्चे सपूत हैं, जिन्होंने अपना कण-कण और क्षण-क्षण देश सेवा को समर्पित कर दिया है। मोदी के नेतृत्व में भारत का स्वाभिमान और सम्मान उत्तरोत्तर बढ़ रहा। आज पूरी दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा और प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### 1932 के खतियान का किया था विरोध

# छह लोगों को रांची जिला प्रशासन ने भेजा नोटिस

**50 हजार रुपये का बंध पत्र जमा करने को कहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले कई वर्षों से स्थानीय नीति का मुद्दा सुर्खियों में रहा है। बाबूलाल मरांडी जब मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने एक बार डोमिसाइल नीति बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया, लेकिन वह मुद्दा विवाद की भेंट चढ़ गया। रघुवर दास ने अपने हिसाब से स्थानीय नीति बनायी, जो विपक्ष को मान्य नहीं हुई। हेमंत सोरेन जब सीएम बने, तो उन्होंने रघुवर दास के स्थानीय नीति मामले को अमान्य कर दिया। अभी-अभी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट ने 14 सितंबर को मंत्रिमंडल की बैठक में 1932 खतियान का प्रस्ताव पास किया है। इसी दौरान 1932 खतियान का विरोध करने पर छह लोगों को रांची जिला प्रशासन ने नोटिस भेजा है। रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के रहनेवाले प्रदीप तिवारी, कैलाश यादव, रंजन कुमार, नवनीत कुमार, बिट्टू मिश्रा और रामकुमार यादव के नाम एसडीओ ने नोटिस भेजा है।



## क्या कहा गया है नोटिस में

रांची के अनुमंडल पदाधिकारी ने नोटिस में कहा है, मुझे प्रतीत कराया गया है कि आप परिशांति भंग करेंगे या ऐसा कार्य करेंगे, जिससे संभावना है कि परिशांति भंग होगी। इसलिए आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप स्वयं अथवा अपने सम्यक रूप से प्राधिकृत अधिवक्ता द्वारा 19 सितंबर को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में साढ़े दस बजे इस बात का कारण दर्शाने के लिए उपस्थिति हों कि आपसे यह अपेक्षा क्यों न की जाये कि एक वर्ष की अवधि के लिए परिशांति कायम रखने के लिए 50 हजार रुपये का बंध पत्र तथा उसी राशि की दो प्रतभूतियों के साथ प्रस्तुत करने का आदेश दिया जाये।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | संतानपक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता। |
| वृष | कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी। |
| मिथुन | कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| कर्क | कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा। |
| सिंह | जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, उलझनें दूर होंगी। |
| कन्या | राजनीतिक लाभ, अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, परेशानियों में कमी होगी। |
| तुला | धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। |
| वृश्चिक | जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी |
| धनु | सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। |
| मकर | व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ। |
| कुंभ | प्रेम प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। |
| मीन | परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |

### संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा और सिटी एसपी अंशुमन कुमार ने दिये टिप्स

# युवा दस्ता की बैठक में सेवा और संकल्प का प्रण



सूरज कुमार

**कहा- युवा दस्ता के सदस्य दर्शनार्थियों की मदद करेंगे**

**रांची (आजाद सिपाही)।** दुर्गापूजा की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। इसी बीच रविवार को बड़ा तालाब स्थित लक्ष्मी नारायण हॉल में युवा दस्ता रांची के सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे रांची के सिटी एसपी अंशुमन कुमार। बैठक की अध्यक्षता की युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने। युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित थे। युवा दस्ता की बैठक में दुर्गापूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रीय प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में होने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डाला। इसमें मुख्य रूप से यातायात और बिजली व्यवस्था के कारण होनेवाली परेशानियों से अवगत करवाया। साथ ही प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक की रूपरेखा पर चर्चा की गयी। बैठक में सिटी एसपी रांची अंशुमन कुमार ने युवा दस्ता के सदस्यों को कहा कि आप दर्शनार्थियों की सुरक्षा का ध्यान रखेंगे और हमारा रोल आपका ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि त्योहार आपका है। जो भी दर्शनार्थी आयेंगे, वे आपके मेहमान होंगे। आप उनका पूरा खयाल रखें, यह आपका कर्तव्य भी है और जिम्मेदारी भी। पुलिस आपका सहयोग करेगी। वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने युवा दस्ता के गठन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और युवा दस्ता द्वारा किये गये कार्यों से नये सदस्यों को अवगत कराया।

युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्य सारे पंडाल में तैनात रहेंगे और साथ ही श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर किसी महिला बच्चे और बुजुर्ग को किसी तरह की परेशानी होती है तो तुरंत युवा दस्ता के सदस्यों को सूचित करें। वे लोग आपकी सहायता के लिए तैयार हैं। युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि विसर्जन तक सभी मां भवानी के भक्तों की सेवा के लिए तैनात रहेंगे और जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में महेश चंद्रा, मुन्ना बड़ाइक, कैलाश केसरी, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक एवं राहुल सिन्हा चंकी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर युवा दस्ता के सभी क्षेत्रीय प्रभारी, टिंकू महतो, प्रेम वर्मा, मंटू दुबे, बलराम प्रसाद, राजेश कुमार राम, मनीष साहू, अमरदीप साहू, अंकित सिंह, छोटू पासवान एवं ग्रामीण क्षेत्रीय प्रभारी मनीष केसरी, ज्योति शंकर साहू, रितेश साहू, नीरज कुमार, चंदन गुप्ता, राम आधार सिंह, सुनील साहू, डॉ विमल सिंह ने अपने क्षेत्र के सैकड़ों सदस्यों के साथ शिविर में भाग लिया। मौके पर प्रीतम कुमार, सागर प्रशांत, विशाल पाठक, सोनू भारद्वाज, अनुभव, विशाल जयसवाल, लल्लन कुमार साहू सहित दस्ता के एक सौ से अधिक सदस्य शिविर में उपस्थित थे।

# स्थानीय नीति के खिलाफ झारखंड नवनिर्माण मंच का हुआ गठन, कैलाश यादव अध्यक्ष चुने गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**कहा- 1932 खतियान लागू होने से लगभग 60 से 70 फीसदी आबादी बाहर हो जायेगी**

**रांची।** रविवार को धुर्वा पंचमुखी मंदिर प्रांगण में विभिन्न स्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक समाजसेवी सुनील पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने चर्चा के दौरान एक स्वर में कहा कि विगत दिनों हेमंत सरकार द्वारा राज्य में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति प्रस्ताव पारित करने का निर्णय राज्यहित में नहीं है और जनविरोधी है। क्योंकि राज्य में 1932 खतियान लागू होने से लगभग 60 से 70 फीसदी आबादी बाहर हो जायेगी, इसलिए झारखंड नवनिर्माण मंच इस निर्णय का पुरजोर विरोध करते हुए निंदा करता है। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के विरोध में व्यापक जनांदोलन के लिए प्रो गोपाल यादव, चंदेश्वर प्रसाद, शैलेश कुमार, नीलम तिवारी, संगीता पांडेय द्वारा झारखंड नवनिर्माण मंच संगठन निर्माण करने का प्रस्ताव लाया गया। इस प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया और कैलाश यादव को अध्यक्ष और नीलम तिवारी को महासचिव चुना गया। इस दौरान यादव ने कहा कि महागठबंधन सरकार बनाने में बहुसंख्यक बिहारियों का अहम योगदान रहा है। यादव ने कहा कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति का अब व्यापक रूप से जिलावार विरोध किया जायेगा। यादव ने कहा कि किसी भी स्थिति में ब्रिटिश सर्वे 1932 जनविरोधी और असंवैधानिक कानून लागू होने नही दिया जायेगा। इसके लिए मंच कोई भी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहेगा और सड़क से लेकर न्यायालय तक अपनी पूरी ताकत से लड़ेगा। बैठक को नीलम तिवारी, मदन गोपाल तिवारी, रामकुमार यादव, योगेंद्र शर्मा, मैनेजर राय, धर्मेंद्र गिरी, देवबिहारी यादव, अनिल तिवारी, प्रदीप सिंह, चंद्रिका यादव ने संबोधित किया। इनके अलावा सनोज मिश्रा, रामानंद शर्मा, केआर दास, सियाराम सिंह, सत्यानंद सिंह, महानंद प्रसाद, सुनील कुमार, शंकर यादव, सीताराम सेन, इंद्रदेव सिंह, अजय कु सिंह, संगीता पांडेय, मनोज कुमार, शैलेश सिन्हा, कृति देवी, द्वारिका प्रसाद, सुबोध ठाकुर, योगेंद्र शर्मा, अवधेश मिश्रा, राजकुमार झा, जैनेंद्र राय कुलदीप केशरी, जशविंदर सिंह, सोनू यादव, मुन्ना शर्मा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विशेष सत्र बुला कर 27% आरक्षण के प्रस्ताव को पारित कराने की मांग

**वैश्य मोर्चा कोर कमिटी की बैठक, 20 अक्टूबर को रांची में स्थापना दिवस मनाया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के रेडियम रोड में रविवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार ने किया। यह बैठक ओबीसी को 27% आरक्षण के मुद्दे को कैबिनेट से पारित किये जाने के बाद की स्थितियों पर वैश्य मोर्चा की रणनीति तथा आगामी 20 अक्टूबर को रांची में होनेवाले वैश्य मोर्चा के स्थापना दिवस को सफल बनाने पर आयोजित की गयी थी। इस संबंध में स्थानीय नीति सहित ओबीसी को 27% आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं सभी मंत्रियों को वैश्य मोर्चा की ओर से आभार प्रकट किया गया। मांग की गयी कि राज्य सरकार तुरंत विधानसभा का विशेष-सत्र बुला कर इस प्रस्ताव को मंजूरी दे। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी 20 अक्टूबर को रांची में वैश्य मोर्चा का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, मोहन साव, अश्विनी कुमार साहू, केंद्रीय उपाध्यक्ष परशुराम प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, उप-प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव शिवनंदन प्रसाद, गुड्डू साहा, संगठन सचिव अनिल वैश्य, राजधाम साहू, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू, नंदकिशोर भगत, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहू, केंद्रीय सदस्य दिलीप कुमार, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहू, महिला मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी उपस्थित थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# रांची विवि और ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति का अभिनंदन किया



### लोक सेवा समिति की विशेष बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक सेवा समिति की विशेष बैठक रविवार को हुई। बैठक में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा और ओपन यूनिवर्सिटी के त्रिवेणी नाथ साहू का कुलपति मनोनीत होने पर अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद ने की। बैठक में डॉ अजित कुमार सिन्हा, डॉ सुरेश कुमार सिंह और डॉ करमा उरांव को लोकसेवा समिति का मुख्य संरक्षक और प्रो हरविंदर वीर सिंह को महासचिव मनोनीत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति सेवा की 31वीं वार्षिकी पर सेमिनार का आयोजन होगा, जिसका विषय होगा हमारा देश हमारा उतरदायित्व। इसमें देश के प्रख्यात वक्ताओं को आमंत्रित किया जायेगा। कार्यक्रम नयी दिल्ली में 5 नवंबर को होगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले देश और प्रदेश की विभूतियों और शहीदों को सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा इस बैठक में कई सामाजिक, शैक्षिक विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक में डॉ खालिक अहमद, सीमा प्रसाद, अब्दुल लतीफ खान, सुहैल साईद, राबिया, यास्मीन लाला, अब्दुल रज्जाक खान आदि शामिल थे।

## गुस्सा : हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

# अंकित सर्राफ की निर्मम हत्या से वस्त्र व्यापारियों में आक्रोश

### झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के सदस्यों ने घोर निंदा की, डीजीपी से कार्रवाई की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा के कपड़ा व्यवसायी अशोक सर्राफ के 35 वर्षीय पुत्र अंकित सर्राफ की निर्मम हत्या की झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के सदस्यों ने घोर निंदा की है। हत्यारों को अतिशीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के सदस्य रविवार को अशोक सर्राफ के घर गये और ढांढस बंधाते परिवार के सदस्यों को कहा कि संघ उनके साथ है। संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत, मानद सचिव प्रमोद सारस्वत ने इस नृशंस और हृदय विदारक हत्या की निंदा की। संघ ने राज्य के डीजीपी से मांग करते हुए कहा कि ऐसे युवा व्यवसायी के हत्यारों को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलायें। इसके पूर्व भी झारखंड में लगातार व्यवसायियों की हत्या हुई है जो बहुत ही दुखद घटनाएं हैं। झारखंड में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार की जरूरत है। व्यवसायी निर्भीक होकर व्यापार करें, यह माहौल बनाना होगा। अगर स्थिति ऐसी रही तो व्यापारी अपना व्यापार बंद करने या झारखंड छोड़ने को मजबूर हो जायेंगे। इससे झारखंड की आर्थिक विकास पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अंकित सर्राफ की हत्या से पूरे व्यापार जगत और व्यवसायियों में भारी आक्रोश है। प्रशासन शहर में, ग्रामीण इलाके में अपनी गश्ती बढ़ावे और अपराध को रोकने में अंकुश लगाये। इस अवसर पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों में झारखंड थोक वस्त्र के एकता संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत, कार्यकारिणी सदस्य विक्रम जैन, अमित बेगानी, ओमप्रकाश खेतावत सहित अन्य भी रहे।

# बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



### अध्यक्ष भारती शर्मा ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर द्वारा रविवार को हाजीपुर सेंटर एवं पटना सेंटर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 06 से 09 वर्ष, 09 से 12 वर्ष एवं 12 से 15 वर्ष के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष भारती शर्मा, सचिव सीमा गोयल एवं कोषाध्यक्षा श्रुति मिश्रा उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमिटी का चुनाव संपन्न

# मौलाना डॉ ताजुद्दीन बने अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इस्लामी मरकज हिंदपीढ़ी रांची में मुफ्ती एजाज हुसैन मिसबाही की अध्यक्षता में सुन्नी बरेलवी सेट्रल कमिटी की एक बैठक हुई। बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के अनेक एदारे, संस्था, तंजीम, मस्जिद, मदरसे, खानकाह के प्रतिनिधि के साथ साथ अनेक उलेमा बैठक में शरीक हुए। इस बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नयी कमिटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मस्जिद ए रजा कुरैशी मुहल्ला गुदरी रांची के इमाम मौलाना डा ताजुद्दीन अध्यक्ष, अकीलुर्रहमान - महासचिव, मो इसलाम प्रवक्ता बनाये गये। वहीं शकील हबीबी उपाध्यक्ष और सचिव शकीलुर्रहमान हबीबी के साथ साथ 19 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया। इसमें मो. नदीम, मो. इश्तेयाक, मो. इमरान अत्तारी, मो. शोएब, मो. इमरान, मो. असलम, सरताज, अहमद रजा, मो. मोजाहिद, राशिद जमील, मो. जुबैर, मो. नईम, मौलाना मनीर, अशरफ अंसारी, शमीम गद्दी, मो. रेयाज,रिजवान मोजीबी, एकबाल रिजवी, सानू रजा, शाह कराएन के नाम शामिल हैं। सर्वसम्मति से आगामी अक्टूबर 2022 में चांद के हिसाब से ईद मीलादुन्नबी का जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से निकाले जाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन कारी अय्यूब ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मौलाना मुफ्ती मसूद फरीदी, मौलाना नेजामुद्दीन मिसबाही, मुफ्ती शम्स तबरेज, मौलाना दिलदार मिसबाही, मौलाना गुलाम हैदर, मौलाना शेर मोहम्मद, हाफिज अनवर, मौलाना अनवर रजा, वारिस पठान सहित अनेक एदारे तंजीम के प्रमुख प्रतिनिधि ने भी अपने अपने विचार रखे।

# प्रधानमंत्री ने अपने कार्यों से देश का मान बढ़ाया है : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने राज भवन में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर उनके जीवन पर आधारित मोदी@ 20 पुस्तक का विमोचन किया। मौके पर सांसद दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य साहू, विधायक भानु प्रताप शाही, कुलपति, प्रबुद्धजन एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव और उनकी लोकप्रियता सिर्फ देश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि विश्वव्यापी है। पूरे राष्ट्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया। गवर्नर बैस ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने कार्यों से पूरे विश्व में भारत का गौरव और सम्मान बढ़ाया है। राज्यपाल ने कहा कि पीएम मोदी के साथ उन्हें लंबे समय तक कार्य करने का अवसर मिला। गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के पूर्व छत्तीसगढ़ के प्रभारी हुआ करते थे। उनका काम करने का ढंग जमीनी रहा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन ही है कि उनकी पहल पर पूरा विश्व आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। योग समस्त विश्व को स्वस्थ और सुखी बनाने के सहज माध्यम के रूप में उभरा है। यह पूरी दुनिया को भारत का महान उपहार है। प्रधानमंत्री का मानना है कि जनसंवाद की प्रक्रिया के बिना जन भागीदारी अधूरी है, वह सदैव जनता से संवाद स्थापित कर उन्हें विकास के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने जनता के लिए कई लोक-कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। कहा कि विभिन्न नीतियों और योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री के द्वारा किये जा रहे प्रयासों में उनके संकल्प और उनकी दूरदर्शिता को निकट से देखा जा सकता है, चाहे वो खुले में शौच का मुद्दा हो या स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन हो या फिर वोकल फॉर लोकल, डिजिटल इंडिया हो या मेक इन इंडिया। राज्यपाल ने मोदी@ 20 पुस्तक के संदर्भ में कहा कि यह पुस्तक अत्यंत उपयोगी है। प्रस्तावना के बाद इस पुस्तक में पांच खंड हैं। प्रत्येक अध्याय एक प्रख्यात विशेषज्ञ द्वारा लिखा गया है। शोबाना कामिनेनी, सुरजीत एस भाला, गृह मंत्री अमित शाह, डॉ शमिका रवि, उदय एस कोटक, अनुपम खेर, अशोक गुलाटी, डॉ देवी शेट्टी, नंदन नीलेकणी, नृपेंद्र मिश्रा, सदगुरु, सुधा मूर्ति, अजित डोभाल और डॉ एस जयशंकर द्वारा इस पुस्तक में प्रधानमंत्री के संदर्भ में लिखा गया है।

### बूटी मोड़ में अवैध कोयले की ढुलाई करनेवाले बाइक सवार से पैसे लेते पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल

**राची।** अवैध कोयले की ढुलाई करनेवालों से आये दिन पैसे लेने की शिकायत मिलती रही है। अभी-अभी एक वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित बूटी मोड़ चौक का है, जहां एक पुलिसवाला बाइक से अवैध कोयला ढुलाई करनेवाले से पैसे लेने के लिए आगे बढ़ता है। उसे इशारा करता है। बाइक सवार पैसा जमीन पर गिरा देता है। पुलिसकर्मी उस पैसे को उठा लेता है। बता दें कि इससे पहले भी आये दिन बूटी मोड़ चौक पर गाड़ीवालों से पैसे लेने की शिकायतें मिलती रही हैं। कुछ शिकायतें पुलिस मुख्यालय तक भी पहुंची हैं। कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# पूर्व मध्य रेल ने ई-नीलामी पोर्टल लांच किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** भारतीय रेल द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से वाणिज्यिक आय एवं गैर किराया राजस्व अनुबंध को द्रुत गति देने के लिए निविदा की पुरानी प्रक्रिया की जगह ई-ऑक्शन की नयी प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत पार्सल लीजिंग, पार्किंग, पे एवं यूज शौचालय, वाणिज्यिक पब्लीसिटी एवं स्टेशन परं एटीएम स्थापना आदि कार्य को ई-नीलामी के माध्यम से सुनिश्चित किया गया है । भारतीय रेल द्वारा डिजिटल इंडिया एवं डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह ई-नीलामी पोर्टल लांच किया गया है। ई-नीलामी के इस पोर्टल के माध्यम से भारत में कहीं भी स्थित बोलीदाता केवल एक बार पंजीकरण कर भारतीय रेलवे की किसी भी फील्ड, यूनिट द्वारा नीलामी में भाग ले सकते हैं। ई-ऑक्शन की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म www.ireps.gov.in पर रजिस्टर्ड कर सकते हैं। ई-ऑक्शन प्रक्रिया पूरी तरह ऑन लाइन है जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का रेलवे के प्रति विश्वास बढ़ेगा। पूर्व मध्य रेल में अब तक 138 पार्टियां पहले ही पंजीकरण करवा चुकी हैं । स्टेशनों पर खान-पान इकाइयों को भी अब ई-नीलामी प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है।

# मलयाली एसोसिएशन ने मनाया ओणम का त्योहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मलयाली एसोसिएशन ने हर साल की तरह की तरह इस साल भी शनिवार और रविवार के दिन कैरली स्कूल परिसर में ओणम के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया। शनिवार शाम 6.30 बजे से कैरली स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ। रविवार को दोपहर 12.30 बजे से ओणम सद्या (ग्रैंड फीस्ट) के साथ हुआ, जो ओणम समारोह का एक महत्वपूर्ण घटक है। इस अवसर पर मलयाली एसोसिएशन,रांची के सभी सदस्य और अतिथिगण उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार ने साहसिक फैसला लिया : राम टहल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कुरमी विकास परिसद की बैठक आरटीसी, बीएड कॉलेज में केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। कुरमी विकास परिषद के मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार ने आदिवासी, मूलवासी हित में 1932 खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को झारखंड मंत्रिमंडल से स्वीकृति देखकर झारखंडी के चिर प्रतीक्षित मांग को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन और गठबंधन सरकार को बधाई दी। इस मौके पर कुरमी विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी, राजेंद्र महतो, डॉ धनेस्वर महतो, डॉ रुद्र नारायण महतो, केंद्रीय परिषद सदस्य सुनील महतो, राजेंद्र ओहदार, जितेंद्र महतो, संजय कुमार महतो, रामेश्वर महतो, संजय महतो, सुरेश प्रसाद, खिरोध महतो ब्रजलाल महतो, बिरेंद्र कुमार, राजकुमार महतो आदि विशेष रूप से उपस्थिति रहे।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने राष्ट्रव्यापी रथयात्रा के दौरान शनिवार को रांची के राजा विला बैंक्वेट हॉल तुपुदाना में राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को सम्मानित किया। मौके पर सुनील कुमार सिंह ने सम्मानित करने के लिए महेंद्र सिंह तंवर का आभार जताया और कहा कि लगभग 80 वर्ष की आयु में भी महेंद्र सिंह तंवर जिस तरह से समाज को जागरूक करने के लिए कार्य कर रहे हैं वर्तमान में इन्हें वीर कुंवर सिंह की उपाधि दी जा सकती है। बता दें कि महासभा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तीसरी राष्ट्रव्यापी रथयात्रा निकाल रही है। जो जम्मू कश्मीर से 9 अगस्त से प्रारंभ हुई। इस यात्रा का समापन दिल्ली के जंतर-मंतर पर 7 अक्टूबर 2022 को होगा। यह यात्रा देश के कई राज्यों का भ्रमण करते हुए शनिवार को रांची पहुंची थी। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा राजा विला बैंक्वेट हॉल तुपुदाना पहुंची जहां वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह, अनीता चौहान, ग्रुप कैप्टन जे पी एस चौहान, अयोध्या मठाधीश मुकुंदाचार्य, संरक्षक हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह उर्फ बीनू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष ललन सिंह, सचिव रामेश्वर दयाल सिंह, यश परमार सहित महासभा के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# करम मिलन समारोह 20 सितंबर को



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरना-सदन मूलवासी मंच 20 सितंबर को करम मिलन समारोह का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम मेन रोड के अल्बर्ट एक्का चौक पर किया जायेगा। कार्यक्रम में सांसद-विधायकों के अलावा 21 मौजा के पाहनों को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। मुख्य मंच से ठेठ नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। सरना-सदन मूलवासी मंच ने बताया कि साथ ही साथ मंच के सामने ढोल, ढाक, नगाड़ा, शहनाई, ताशा पार्टी, साहित्य और पारंपारिक नृत्य का कार्यक्रम भी चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरना सदान मूलवासी मंच के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण जोर शोर से लगे हुए हैं। इसकी जानकारी प्रेस क्लब में हुई बैठक के बाद दी गयी। बैठक में मंच के संस्थापक नंद किशोर सिंह चंदेल, कुमुद वर्मा, अध्यक्ष सूरज टोप्पो, महिला अध्यक्ष अर्चना मिर्धा, महासचिव पवन कुमार, शिल्पी कुमारी वर्मा, विनय सिंह, हेमंत बारला, मोहन तिर्की, रोहित कुमार, सचिन मुंडा, अंकित शाह, शाहिद रहमान, सद्दाब अमहद खान, राहुल वर्मा, सुमित वर्मा, कौशल कुमार, समेत कमेटी के लोग उपस्थित थे। प्रेसवार्ता में मुख्य संयोजक रंजीत टोप्पो, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पाहन, केंद्रीय धूमकुड़िया महासचिव अभय भूत कुंवर, कृष्णकांत टोप्पो, अनिल उरांव उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सांसद संजय सेठ के आवास पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

# 1000 रोगियों की नि:शुल्क जांच, 2500 खिलौने का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सांसद संजय सेठ के आवास पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय आयोजन में कई सामाजिक कार्य किये गये। पहले दिन शनिवार को भव्य रक्तदान शिविर और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, सांसद संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी, मेयर आशा लकड़ा, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान रक्तदान शिविर में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। पहले दिन होम्योपैथ की दवाओं का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन आज रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बच्चों के बीच खिलौने का वितरण किया गया। इस दौरान कश्यप आई मेमोरियल हॉस्पिटल के द्वारा डॉक्टर भारती कश्यप के नेतृत्व में नेत्र जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 750 से अधिक लोगों को नेत्र का परीक्षण कर, जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मा और दवाएं उपलब्ध करायी गयी। वहीं पारस अस्पताल के द्वारा जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 250 से अधिक लोगों की विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गयी। बच्चों के बीच खिलौने वितरण कार्यक्रम में 2500 बच्चों के बीच खिलौने का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन सोमवार को पौधरोपण और दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरण का वितरण किया जाना है।

# नेत्र सुरक्षा शिविर में डॉ भारती कश्यप ने जांच की

## ■ 600 बच्चों एवं अन्य नागरिकों की आंखों की निःशुल्क जांच की गयी

## ■ कश्यप मेमोरियल आइ हॉस्पिटल ने मुफ्त आई ड्रॉप और 400 चश्मे दिये






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा के तहत रांची में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुफ्त नेत्र जांच शिविर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, अमर बाउरी, मेयर आशा लकड़ा, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, कश्यप मेमोरियल आॅई हॉस्पिटल के डिप्टी डायरेक्टर डॉ बिभूति कश्यप आदि मौजूद थे। कैंप में आये 600 बच्चों एवं अन्य नागरिकों की आंखों की मुफ्त जांच कश्यप मेमोरियल आइ हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ भारती कश्यप एवं उनकी टीम द्वारा की गयी।

डॉ भारती कश्यप ने बताया कि चार यूनिट लगा कर हम लोगों ने बच्चों की चश्मा जांच की। जिस तरह हॉस्पिटल में चार यूनिट में चश्मा जांच होता है, ठीक उसी तरह 4 यूनिट लगा कर चश्मा जांच की गयी। इस दौरान जांच के उपरांत लोगों को मुफ्त आई ड्रॉप और 400 नजदीक के चश्मे उपलब्ध कराये गये। चश्मे की जरूरत वाले सभी बच्चों को कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के प्रांगण में 30 सितंबर को सुबह 11 बजे मुफ्त चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही आंखों की विभिन्न प्रकार की सर्जरी की आवश्यकता वाले मरीजों को कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में लाकर मुफ्त ऑपरेशन किया जायेगा।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## सरला बिरला विवि के प्रो गोपाल पाठक ने गवर्नर रमेश बैस से मुलाकात की



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने राजभवन जाकर राज्य के राज्यपाल सह सरला बिरला विश्वविद्यालय के विजिटर रमेश बैस से शिष्टाचार मुलाकात की। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारियां साझा की तथा विश्व प्रसिद्ध कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय बर्कले के साथ हुए शैक्षिक करार से अवगत कराते हुए कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय के चयनित छात्र बर्कले में जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बहुभाषी कवि ब्रजेंद्र मोहन चक्रवर्ती स्मृति साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। बहुभाषी कवि ब्रजेंद्र मोहन चक्रवर्ती स्मृति साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन ईएलबीबी हाई स्कूल (बांग्ला स्कूल), ओसी कंपाउंड रांची में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राम रंजन सेन ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ राजाराम महतो शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पं श्यामा प्रसाद नियोगी तथा पं सतीश शर्मा को अंग वस्त्र व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। समारोह के अध्यक्षता कर रहे डॉ राम रंजन सेन ने ब्रजेंद्र मोहन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन लोगों के कारण ही रांची का हिंदी ओर बंगाला शास्त्रीय गायक को स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्य अतिथि डॉ राजाराम महतो ने कहा कि बहुभाषी कवि स्व ब्रजेंद्र मोहन व स्व अशोक पागल जैसे कवियों के कवित पाठ से दर्शकों को मंत्रमुग्ध हो जाते थे। डॉ कमल बोस ने समारोह में उपस्थित लोगों के बीच पंडित श्यामा प्रसाद एवम पंडित सतीश शर्मा के संबंधित परिचय कराया। वही रिंकू बनर्जी, गायत्री रुद्र ने रबीन्द्र संगीत की प्रस्तुति पेश की। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने दीप जला कर तथा कवि स्व अशोक पागल, स्व ब्रजेंद्र मोहन चक्रवर्ती के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन रुपाली दास ने एवं रेबा चक्रवर्ती ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संजय चक्रवर्ती, संजीत चटर्जी, अशोक प्रियदर्शी, उषा साहू, संजय महतो, डॉ नीना महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## गोस्सनर कॉलेज एनएसएस विंग का पहाड़ी टोला बस्ती में स्पेशल कैंप



रांची (आजाद सिपाही)।गोस्सनर कॉलेज एनएसएस इकाई 1 और 2 की ओर से पहाड़ी टोला बस्ती रांची में सात दिवसीय स्पेशल कैंप का आयोजन किया जा रहा है । यह कैंप 17 सितंबर से 23 सितंबर तक चलेगा। कैंप का उद्घाटन 17 सितंबर को रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ राजकुमार शर्मा और रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ ब्रजेश कुमार ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉक्टर राजकुमार शर्मा ने कहा कि समाज में रोशनी लाने के लिए खुद को संवेदनशील होने की जरूरत है। रांची विवि के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि बस्ती के लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी रांची के पूर्व कार्यक्रम अधिशासी डॉक्टर गनौरी राम ने कहा कि मंजिल तक पहुंचने के लिए लक्ष्य निर्धारण जरूरी है। इंजीनियर राकेश कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लेना जरूरी होता है। कार्यक्रम में गोस्सनर कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर अनिता अंजू खेस्सी, डॉक्टर सुब्रतो कुमार सिन्हा, डॉक्टर कोरनेलियुस में मुख्य रूप से मौजूद थे।

## देवी-देवताओं के जयकारे से गूंजा श्री श्याम मंदिर

रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर 28वा श्री श्याम भंडारा के आयोजन के अवसर पर जीरा पुलाव व तड़का दाल का प्रसाद निर्मित किया गया था। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भंडारे का भोग अर्पित करने के बाद मंदिर के आचार्य को प्रसाद खिला कर श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। बरसात के मौसम के बावजूद लगभग 2800 भक्तजनों ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। संस्था के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी की देखरेख में भंडारे का प्रसाद मंदिर में ही निर्मित किया गया । भगत श्री श्याम भंडारे का प्रसाद प्राप्त कर भाव विभोर हो रहे थे। पूरा मंदिर परिसर भक्तजनों से भरा हुआ था। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी , महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया, सर्वश्री श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू , पंकज गाड़ोदिया, अजय मारु, राहुल मारु, राजीव मित्तल, राजेश चौधरी, अनिल नारनौली, राजकुमार केडिया, चंडी प्रसाद डालमिया , आशीष डालमिया, मनोहर केडिया, रतन शर्मा, साहित्य पवन, अमित सरावगी, कमलेश सावा, पवन केडिया, प्रदीप मोदी, सुभाष मंगल, प्रकाश काबरा, किशन शर्मा, विशाल पोद्दार, रोशन खेमका, मनोज खेतावत, अभिषेक गुप्ता, वेद भूषण जैन पप्पू, मनीष वर्मा, कविता मित्तल, अन्नपूर्णा सरावगी, कल्पना मारू, रमा सरावगी, नेहा सरावगी, सहित 70 से ज्यादा कार्यकर्ता स्वयंसेवकों ने श्री श्याम भंडारा व्यवस्था में विशेष सहयोग किया। मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार 20 सितंबर को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 18वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ साईं 4:30 बजे से होगा ध्रुवा निवासी श्री पवन गुप्ता व रोहित रंजन परिवार संघ महाबली बजरंगबली की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। मंडल के मंत्री श्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी भक्तों से आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है।

### टेडएक्स कांके और एक्सआइएसएस के टॉक शो में 'ब्रेकिंग द लूप' विषय पर वक्ताओं ने साझा किये विचार

# असफलता को हमेशा सबक के रूप में स्वीकार करके आगे बढ़ें




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतराष्ट्रीय वैचारिक संस्था टेडएक्स कांके और एक्सआईएसएस, रांची ने शनिवार को ब्रेकिंग द लूप विषय पर टेड टॉक शो का आयोजन किया। टॉक शो की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर सुमेधा सेनगुप्ता ने शास्त्रीय नृत्य व पूजा बियाणी ने डांस थेरेपी का प्रदर्शन किया। टॉक शो में एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे ने स्वागत भाषण में कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। आज के इस युग में लोगों के बीच प्रासंगिक होना महत्वपूर्ण है।

टेड एक्स के क्यूरेटर राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि रांची को ज्ञान केंद्र बनाना और लोगों की सोच को उच्च स्तर तक पहुंचना ही टेडएक्स कांके का मूल उद्देश्य है। उद्यमी, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता मेरी स्टेल्ला माइकल ने कहा कि अपने माता-पिता, दोस्तों और अपने आसपास के लोगों को महत्व दें। हो सके तो किसी गांव या बच्चे को गोद लें। किसी भी बाधा के खिलाफ साहस के साथ खड़े रह कर लोगों की मदद करें।

रांची मॉल के संस्थापक रोहित त्रिपाठी ने कहा कि अपना सारा जीवन अपने विचारों को देने के लिए तैयार रहें। खुद के साथ प्रयोग करके अपनी क्षमता का विश्लेषण करते रहें। ओटिस लिफ्ट कंपनी के निदेशक श्रीधर राजगोपाल ने कहा कि आज के कारोबारी माहौल में अपने विचारों को प्रासंगिक बनाये रखना जरूरी है। आज व्यवसाय का पैटर्न बदल रहा है। इसलिए उत्पादों को नये तरह से डिजाइन करना आवश्यक हैं।

रिलायंस जियो के सीइओ शुभ्रो चटर्जी ने कहा कि नेतृत्वकर्ता को हमेशा अपनी सोच में निरंतरता रखनी चाहिए। असफलता को सीख के रूप में स्वीकार करने और आगे बढ़ने के लिए हमेशा कुछ नया करने का प्रयास करना चाहिए। आईआईएम रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर गौरव मनोहर मराठे ने कहा कि हमें स्वतंत्र इच्छा और समाज की इच्छा के बीच बुनियादी अंतर को समझना चाहिए। मनुष्य अच्छा या बुरा नही होता, वह अनोखा या जटिल होता है। कार्यक्रम मे विभिन्न सरकारी संस्थाओं, औदयोगिक क्षेत्र की हस्तियां, एजुकेस्टनिस्ट, एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें कामाक्षी रमन, सिद्धार्थ त्रिपाठी, रमन झा, पीसी मिश्रा, एचपी बियानी, डाक्टर इला बिनायकिया, साकार मोहता प्रमुख है। कार्यक्रम का संचालन आरजे राशी एवं धन्यवाद ज्ञापन डीन एकेडमिक्स डॉ अमर तिग्गा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कनिष्क पोद्दार, हितेश भगत, शामिक चक्रवर्ती, अलोक कुमार, नितिका ठाकुर, सी एम चुग, अनुप प्रसाद, नितीश स्वरूप, अमित कुमार, श्रुति सहाय, आयुर्शी, प्रवीण राजगढ़िया एवं एक्सआईएसएस की वोलेंटियार टीम का योगदान रहा।

## योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के स्टेट चैंपियनशिप का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के बीके बिरला प्रेक्षागृह में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तृतीय स्टेट चैंपियनशिप का समापन कार्यक्रम संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, राखी आजाद उपस्थित थे।

बतौर मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप वर्मा ने योग के इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के सराहनीय कार्य को सराहा और आगे भविष्य में सभी को मिल कर विशेष योगदान देने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा योग को भारत ही नहीं विश्व के 168 देशों तक अनिवार्य रूप लागू कराने की सराहना की।

विवि के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने योग के क्षेत्र में प्रधानमंत्री के द्वारा किये गये सतत प्रयास एवं योग के माध्यम से उनके दैनिक दिनचर्या की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को भी उनके तरह अपने जीवन में योग को अनुशासन के रूप में स्वतः प्रयोग में लाये जाने की आवश्यकता है।

स्वागत भाषण संगठन के सचिव विपिन पांडे ने दिया एवं सरला बिरला विश्वविद्यालय और रांची विश्वविद्यालय के योग विभाग के छात्रों के द्वारा योगा डेमोंसट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। इसमें विभिन्न ट्रेडिशनल आर्टिस्टिक खिलाड़ियों खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक रजत पदक एवं ताम्र पदक देकर पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष से योग के खिलाड़ी के रूप में विशिष्ट प्रतिभावान खिलाड़ियों को उन्हें शिक्षण देने वाले कोच को एवं टेक्निकल ऑफिशियल स्कोरर को विशेष रूप से सम्मानित करने के लिए झारखंड योग खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव विपिन पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष अंशु सरकार, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, आशुतोष द्विवेदी, अमित नाथ चरण, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, चंद्र शेखर महथा, श्री सुभाष नारायण शाहदेव, डॉ नीतू सिंघी, डॉ नम्रता चौहान, डॉ भारद्वाज शुक्ल, प्रो एलजी हनी सिंह, प्रो प्रवीण पाठक, डॉ ए मौर्या, अंजना सिंह, अनुभव अंकित, अमित शर्मा, ऋषि राज जमुआर, रविंद्र तिवारी, प्रशांत जमुआर, राहुल रंजन, मलय कुमार डे, संतोषी साहू, विकास सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, उमेश विश्वकर्मा, चैताली मुखर्जी, पूजा सिंह, सोनाली सरकार, एलजी हनी सिंह, डॉ एस के घोषाल, अम्या अंशु, सोनाली सरकार उपस्थित थीं।

### टीएमसी मुंबई और बीएमसी रायपुर ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर

## कौशल क्षमताओं को बढ़ाने में मिलेगा सहयोग : डॉ बड़वे



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी), मुंबई, और वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की प्रथम पहल बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी), रायपुर, छत्तीसगढ ने देश में कैंसर उपचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए एक समझौता किया। टीएमसी के निदेशक डॉ आरए बड़वे और बीएमसी की चिकत्सा निदेशक डॉ भावना सिरोही ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, बालको मेडिकल सेंटर की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। समारोह टाटा मेमोरियल अस्पताल, परेल, मुंबई में आयोजित हुआ।

समझौते के अनुसार, बालको मेडिकल सेंटर और टाटा मेमोरियल सेंटर ज्ञान एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान, कौशल, क्षमता व कार्य संस्कृति संवर्धन के जरिए कैंसर उपचार के क्षेत्र में श्रेष्ठता पाने की नदशा में मिल कर काम करेंगे। कैंसर उपचार के क्षेत्र में टाटा मेमोरियल सेंटर के दशकों के अनुभव, अत्याधुनिक तकनीकों, स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का लाभ बालको मेडिकल सेंटर को मिलेगा। इस साझेदारी से टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा बालको मेडिकल सेंटर को छत्तीसगढ और इसके पड़ोसी राज्यों के लिए रेफरल सेंटर के तौर पर पैनल में रखा जायेगा। दोनों कैंसर उपचार संस्थानों ने इन बिंदुओं पर सहमति जतायी है।

बालको मेडिकल सेंटर की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण साझेदारी पर प्रसन्नता जतायी। टाटा मेमोरियल सेंटर और बालको मेडिकल सेंटर द्वारा ज्ञान, निशेषज्ञता एवं तकनीकों की पारस्परिक साझेदारी से कैंसर चिकित्सा, मरीजों की रोगमुक्ति और देखभाल को नयी दिशा मिलेगी।

बालको मेडिकल सेंटर की निनकत्सा दिशक डॉ भावना सिरोही ने कहा कि बालको मेडिकल सेंटर में श्रेष्ठ चिकित्सा प्रतिभाएं और तकनीकें उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से यह केंद्र देश में कैंसर उपचार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक डॉ आरए बड़वे ने बालको मेडिकल सेंटर के साथ साझेदारी पर कहा कि कैंसर उपचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता के साथ सेवाएं देने में टीएमसी का निश्वस्तरीय ट्रैक रिकॉर्ड है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## जिंदल स्टील एंड पावर में विश्वकर्मा पूजा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर ने अपने अंगुल प्लांट परिसर में भगवान विश्वकर्मा पूजा की। कंपनी के प्रबंध निदेशक बिमलेंद्र झा इस्पात व्यवसाय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दिनेश कुमार सरावगी कार्यकारी निदेशक, सब्यसाची बंद्योपाध्याय और दामोदर मित्तल सहित कर्मचारियों के साथ उनके परिवार और आस पास के ग्रामीण ने इस विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए थे। अंगुल में पहली बार पूजा में शामिल हुए बिमलेंद्र झा ने कंपनी के विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रत्येक कार्यबल को उनके अपार योगदान के लिए बधाई दी।

## मरीजों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है : डॉ शुभ्रांसु पात्र



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूरा विश्व 17 सितंबर को रोगी सुरक्षा दिवस-2022 मना रहा है। इस मौके पर मेडिसिन के प्रोफेसर और कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) के वाइस प्रिंसिपल डॉ शुभ्रांसु पात्र ने कहा कि परामर्श के बिना दवाओं के सेवन की प्रथा को रोकने का समय आ गया है। दवाएं एक रोगी को बीमारी से ठीक करने के लिए होती हैं और कुछ मामलों में निवारक उपाय के रूप में उपयोग की जाती हैं, लेकिन बिना परामर्श के दवाओं का सेवन हानिकारक और विनाशकारी हो सकता है। उन्होंने कहा कि कई अध्ययनों से पता चला है कि बिना परामर्श के दवाओं के सेवन से लंबे समय में प्रतिकूल स्थिति पैदा हो सकती है और इससे रोग प्रतिरोध सक्ति में बढ़ा बढ़ा सकता है।

## किट के इंजीनियरिंग प्रोग्राम को एबीइटी यूएसए ने दी मान्यता



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के लिए प्रतिष्ठित प्रत्यायन बोर्ड एबीइटी (यूएसए) ने किट डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के छह इंजीनियरिंग कार्यक्रमों को मान्यता दिया। एबीइटी इंजीनियरिंग और इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों का प्रमुख वैश्विक मान्यता संगठन है। इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए 'गोल्ड स्टैंडर्ड' के रूप में माना जाता है। यह आश्वासन दिया गया है कि कार्यक्रम गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं, जो स्नातकों को वैश्विक कार्यबल में प्रवेश करने के लिए तैयार करता हैं। इस मान्यता के साथ किट देश का एकमात्र संस्थान बन गया है, जिसे सभी छह इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में एबीईटी (यूएसए) से मान्यता प्राप्त है। इसके अलावा किट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को भी भारत सरकार के सभी वैधानिक निकायों द्वारा मान्यता मिला है। किट के छात्रों और शिक्षकों को बधाई देते हुए किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने कहा कि यह किट के उच्च गुणवत्ता वाले कार्यक्रमों के लिए एक और मान्यता है, जो छात्रों को वैश्विक करियर के लिए प्रभावी ढंग से तैयार करता है। डॉ सामंत ने कहा कि किसी भी तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए एबीइटी मान्यता प्राप्त करना बहुत गौरव की बात है।

## वेदांता एल्युमिनियम ने लांजीगढ़ में अच्छे पोषण पर किया जागरूक



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कालाहांडी वेदांत लिमिटेड लांजीगढ़ ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2022 के दौरान स्थानीय समुदाय को अच्छे पोषण खाने पर जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय स्वदेशी भोजन, बच्चों की ऊंचाई और वजन की जांच और उनके पोषाहार की स्थिति को रेकड़ करते हुए उचित स्वास्थ्य सलाह दी गयी। संचालन महिला एवं बाल विकास के लिए मॉडर्न एडवांस कंपनी के केंदुबोडी एवं हरेकृष्णपुर नंदगड द्वारा किया गया। महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए वेदांत लांगजीगड के प्रयासों की मुगुना मांझी सरपंच जगन्नाथपुर, ललित कुमार साहू नायब सरपंच और जोस्चाराणी मिश्र आइसीडीसी के पर्यवेक्षक द्वारा सराहना की गयी। जीजी पाल डिप्टी सीइओ-एल्युमिना बिजनेस वेदांत लिमिटेड ने कहा कि हमने स्थानीय समुदाय के समग्र कल्याण के लिए प्रयास किया है।

## वायु सेना के सूर्यकिरण पायलटों ने शानदार रण कौशल का किया प्रदर्शन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पुरी में रविवार को सुबह आसमान में बादल छाए रहने के कारण विमान उत्साही इस बात को लेकर आशंकित थे कि क्या भारतीय वायु सेना के पायलटों द्वारा सूर्यकिरण एयर शो आयोजित किया जायेगा। हालांकि सुबह 10:15 बजे तक आसमान साफ हो गया और सुबह 10:34 बजे तक नौ हॉक विमान ने रण कौशल दिखाते हुए आसमान में घुस गये। शो को राज्यपाल प्रो गणेशी लाल, खेल मंत्री तुसारकांति बेहेरा और अन्य विशिष्ट अतिथि और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थिति में हुआ। 22 मिनट की इस लंबी उड़ान के दौरान हॉक एयरक्राफ्ट द्वारा वर्टिकल क्रॉसिंग, हॉरिजॉन्टल क्रॉसिंग, बबल फॉर्मेशन, एक्सवाईजेड और जय हिंद जैसे कई फॉर्मेशन प्रदर्शित किये गये।

# राष्ट्रहित की बात

एससीओ शिखर बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कह कर अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी कि वह भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब में रूपांतरित करना चाहते हैं। जाहिर है, मेक इन इंडिया के विजन से उपजी यह नीति सिर्फ भारत की जरूरत नहीं, अन्य बड़े देशों के लिए अवसर भी है। अमेरिका और पश्चिमी देश आज सप्लाई चेन के लिए चीन पर निर्भरता घटाना चाहते हैं। भारत के पास इसका फायदा उठाने का मौका है। दुनिया की 40 फीसदी आबादी और 30 फीसदी जीडीपी को कवर करने वाले शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन यानी एससीओ शिखर बैठक में की गयी इस स्पष्ट घोषणा का मकसद इस मंच की प्राथमिकताएं तय करने में मदद करना भी था। ध्यान देने लायक बात है कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण को इतना संक्षिप्त और सटीक रखा कि उसमें आतंकवाद जैसे मुद्दे को भी जगह नहीं मिली, लेकिन फिर भी खाद्य सुरक्षा का मसला उसमें आ गया। साफ है कि भारत इस मंच को आपसी सहयोग के जरिए क्षेत्रीय और वैश्विक विकास की संभावनाएं मजबूत करने के एकल लक्ष्य पर केंद्रित रखना चाहता है। लेकिन एससीओ देशों की इस दो दिवसीय शिखर बैठक की अहमियत यहां होने वाली घोषणाओं और समझौतों की वजह से ही नहीं, इस मौके पर होने वाली द्विपक्षीय मुलाकातों की वजह से भी थी। भारत के लिहाज से देखें तो चीनी राष्ट्रपति शी के साथ पीएम मोदी की मुलाकात की आधिकारिक पुष्टि न होने के बावजूद उसकी संभावना लगातार जतायी जा रही थी। खास कर इसलिए भी कि इस शिखर बैठक से कुछ ही पहले दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर विवादित हिस्से से सेनाओं की वापसी का न केवल समझौता हुआ, बल्कि उस पर अमल भी कर लिया गया। हालांकि दोनों देशों के बीच हालिया विवाद के बाद तनाव इस सीमा तक बढ़ चुके हैं कि चलते-चलते हुई किसी एक मुलाकात से इसमें निर्णायक प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं की जा सकती। लेकिन रिश्तों पर जमी बर्फ ऐसी मुलाकातों की धूप से ही पिघलना भी शुरू होती है। बहरहाल, मोदी और शी के बीच औपचारिक मुलाकात और बातचीत की पुष्टि नहीं हुई है, मगर इसी शिखर बैठक में हुई पुतिन और मोदी तथा पुतिन और शी की मुलाकात खासा अहम रहीं। पुतिन और मोदी की मुलाकात ने जहां द्विपक्षीय रिश्तों की करीबी को रेखांकित किया, वहीं पुतिन और शी की मुलाकात ने दोनों के रिश्तों में आयी हलकी सी दरार को। शी ने अपनी तरफ से यूक्रेन मसले का जिक्र तक नहीं किया, लेकिन पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर माना कि यूक्रेन मसले पर चीन की कुछ असहमतियां हैं। मगर भारत के नजरिए से तो सबसे बड़ी बात यही है कि उसने न सिर्फ एससीओ में अपनी प्रभावी मौजूदगी दर्ज की, बल्कि रूसी राष्ट्रपति के साथ करीबी बढ़ाने का संकेत देकर अपनी स्वतंत्रता और अपने व्यावसायिक हितों की सर्वोच्चता बरकरार रखी।

**शिखर बैठक में हुई पुतिन और मोदी तथा पुतिन और शी की मुलाकात खासा अहम रहीं। पुतिन और मोदी की मुलाकात ने जहां द्विपक्षीय रिश्तों की करीबी को रेखांकित किया, वहीं पुतिन और शी की मुलाकात ने दोनों के रिश्तों में आयी हलकी सी दरार को।**

**जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तब से लेकर अब तक उन्होंने जो भी विकास के कार्य किये हैं, उन सभी विकास के कार्यों में गरीब, दलित आदिवासी, शोषित परिवार के प्रति उनकी चिंता साफ साफ झलकती है। चूंकी मोदी अपनी मां की गरीबी, मजबूरी को करीब से देखा और अनुभव किये है। अतः जब वे प्रधानमंत्री बने, तो महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण करने की सोची।**

# वर्षों बाद मोदी जैसा कला प्रेमी देश को प्रधानमंत्री के रूप मिला है



मुकुंद नायक



**नरेंद्र मोदी के आने के बाद आज भारत सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से भी उन्नति की राह पर चल रहा है। मोदी देश के सांस्कृतिक धरोहर को बचाने और संरक्षण करने की दिशा में भी पहल कर रहे हैं। आज विदेशी मेहमानों को गिफ्ट के रूप में गीता भेंट की जाती है।**

एक मध्यम गरीब परिवार में जन्म लेने वाला व्यक्ति नरेंद्र मोदी आज न सिर्फ भारत मे प्रसिद्ध है, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी करिश्माई छवि के कारण और कार्य-शैली के बल पर खूब चर्चा में है। आज पूरी दुनियां उनकी व्यवहार कुशलता, कूटनीति, वाक पटुता और वसुधैव कुटुंकब की नीति से इतना प्रभावित है कि आज वे विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में जाने जाते है। पीएम मोदी की मां धार्मिक प्रवृत्ति की रही है, रोज दिन पूजा पाठ करना उनकी दिनचर्या में शामिल रहा है। अतः नरेंद्र मोदी को बचपन में ही सच्चाई, कर्तव्य पालन, अतिथि-सत्कार ,परमात्मा पर विश्वास और बड़ा लक्ष्य पाने के श्रेष्ट संस्कार दिये गये थे। राष्ट्रभक्ति मां ने संस्कारो में और संघ शाखा ने व्यवहार में सिखाई थी। मोदी बचपन से ही धार्मिक कार्यक्रमों और अध्यात्म में रुचि लिया करते थे।

जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तब से लेकर अब तक उन्होंने जो भी विकास के कार्य किये हैं, उन सभी विकास के कार्यों में गरीब, दलित आदिवासी, शोषित परिवार के प्रति उनकी चिंता साफ साफ झलकती है। चूंकी मोदी अपनी मां की गरीबी, मजबूरी को करीब से देखा और अनुभव किये है। अतः जब वे प्रधानमंत्री बने, तो महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण करने की सोची। भारत की बहुत सारी आदिवासी, दलित,गरीब और शोषित परिवार की महिलाएं खुले में शौच के लिए जाया करती थी। दिन में शौच करने की वे सोच भी नहीं सकती थी। इस तकलिफ को पीएम मोदी ने एहसास किया और उसे दूर करने की ठानी। आज लगभग पूरे देश में बाहर में शौच करने की प्रवृत्ति लगभग समाप्त हो गयी है। दूसरी योजना जो उन्हें अन्य राजनेताओं से अलग बनाता है, वो है उज्ज्वला योजना की शुरुआत करना। बचपन से ही वे अपनी मां को लकड़ी के चूल्हे पर आंख खराब करते हुए देखा था। जब मौका मिला, इस समस्या से निजात दिलाने की तो देश भर की सभी माताओं एवं बहनों की इस समस्या का समाधान उन्होंने मुफ्त में रसोई गैस का वितरण करके किया। देश की जनता छोटी छोटी बचत कर सके, इसलिए जनधन योजना की स्कीम लायी। इस योजना के माध्यम से केंद्र से जो पैसे गरीबों की मदद के लिए भेजी जाती थी, वो सीधे उनके खाते में जाने लगी। देश की सामरिक मजबूती पर भी उन्होंने खास ध्यान दिया। रक्षा बजट में बढ़ोतरी करके सेनाओं की हर जरूरत को पूरा करने की कोशिश की। इस तरह से उन्होंने अपने 8 साल के शासन काल में कई ऐसी योजनाएं लायी, जिससे आम जनता को सीधे लाभ मिला।

**पीएम नरेंद्र मोदी की ही देन है कि भारत के आदिवासियों के अगुआ धरती आबा बिरसा मुंडा की आजादी की लड़ाई में उनकी योगदान को पूरे देश ने जाना।**

पीएम मोदी ने कोरोना काल मे अपनी सूझबूझ, कार्यकुशलता, आर्थिक मैनेजमेंट की लोहा पूरे विश्व को मनवाया। जब देश मे इस बीमारी से लड़ने की साधन नही था, विदेश से मदद नहीं मिल रही थी, वैसे समय मे पीएम मोदी ने दुनियां की सबसे बड़ी आबादी का इस्तेमाल करके इस समस्या से निबटने की सोची। देश के लोगों ने खुल कर सरकार की आर्थिक मदद की। देखते ही देखते देश जिन मेडिकल सामग्री का आयात करता था, उसका निर्यातक बन गया। न सिर्फ अपने नागरिकों को इस बीमारी से बचाया, बल्कि विकसित देश के साथ साथ गरीब देशों की भी मदद की। देश मे लॉक डाउन लग गया। गरीब भूख से न मरे, इसकी भी व्यवस्था उन्होंने 80 करोड़ जनता को मुफ्त में अनाज देकर की।

नरेंद्र मोदी के आने के बाद आज भारत सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से भी उन्नति की राह पर चल रहा है। मोदी देश के सांस्कृतिक धरोहर को बचाने और संरक्षण करने की दिशा में भी पहल कर रहे हैं। आज विदेशी मेहमानों को गिफ्ट के रूप में गीता भेंट की जाती है। योग भारत की संस्कृति का एक अंग है, उसे पूरे विश्व मे स्थपित करने हेतु विश्व योगा दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की।

पीएम मोदी बहुत ही दूरदर्शी व्यक्ति हैं। मैं कई दशक से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अपनी योगदान देता चला आ रहा हूं। झारखंड की गीत, संगीत, कला और संस्कृति की पहचान को बनाये रखने हेतु भरसक प्रयास कर रहा हूं। मैं राजनीतिक आंदोलनों में अपने गीत के माध्यम से लोगों को जगाने का काम करता रहा हूं। मैंने कई समाजसेवी, राजनीतिज्ञ, कला प्रेमियों के साथ काम किया हूं। आज मुझे नरेंद्र मोदी की परखी नजर के कारण ही पदमश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरुस्कार से नवाजा गया। दिल्ली में बैठा व्यक्ति वहां से हजारों किलोमीटर दूर में बसे झारखंड, असम जैसे सुदूरवर्ती, पिछड़ा राज्य के गरीब, कला प्रेमी और समाजसेवी को भारत के इतने बड़े पुरस्कार के लिए चुना, यह इस बात को दर्शाता है कि मोदी के दिल मे समाज का अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति और पूरा भारत बसता है।

पीएम नरेंद्र मोदी की ही देन है कि भारत के आदिवासियों के अगुआ धरती आबा बिरसा मुंडा की आजादी की लड़ाई में उनकी योगदान को पूरे देश ने जाना। इसके लिए उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर इस समाज के प्रति अपनी प्रेम और लगाव को उजागर किया।

भारत के एक दलित समाज के व्यक्ति रामनाथ कोविंद को देश का राष्ट्रपति बनाया। आजादी के 70 साल तक कोई भी आदिवासी समाज का सदस्य देश के सर्वोच्च पद को प्राप्त न कर सका था, लेकिन नरेंद्र मोदी की देन है कि आज एक आदिवासी समाज की महिलाद्रौपदी मुर्मू देश की सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर विराजमान हैं।

मैं मोदी जी से अब तक नहीं मिल पाया हूं, लेकिन मिलने की तमन्ना है। जब मैं उनसे मिलूंगा, तो झारखंड की कला और संस्कृति को बचाने, संरक्षण और संवर्धन करने की गुजारिश करूंगा। झारखंड की कला और संस्कृति की जान आखरा है। उसे बचाने का निवेदन करूंगा, क्योंकि अगर आखरा बचेगा तभी झारखंड की लोक संस्कृति बचेगी। **(लेखक : पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें


# 'सेवा पखवाड़ा' के तहत लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नाम्या स्माइल फाउंडेशन और डॉ हर्ष कुमार ईएनटी सेंटर, रांची के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नाक, कान, गला जांच व परामर्श शिविर आयोजित की गयी। परसुडीह स्थित लोकनाथ भवन में आयोजित शिविर में नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी, डॉ हर्ष कुमार, पोटका के पूर्व विधायक मेनका सरदार ,सी सी आर डीएसपी अनिमेष गुप्ता तथा पूर्व जिला परिषद सदस्य सुदीप्तो दे राणा शामिल हुए। स्वास्थ्य जांच शिविर मे 185 से ज्यादा लोगों ने अपनी जांच करवाई। जांच के उपरांत लोगों को निःशुल्क दवाई भी प्रदान की गयी। जांच शिविर में ओल्ड एज होम बारीडीह तथा चैशायर होम, सुंदरनगर से आए हुए कई बुजुर्गों की जांच की गयी, जिन्हें निःशुल्क सुनने की क्षमता बढ़ाने वाली मशीन भेंट की जायेगी। इससे पूर्व नाम्या स्माइल फाउंडेशन द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों के साथ डॉ हर्ष कुमार ई एन टी सेंटर के सदस्यों को पुष्पगुच्छ, शॉल और नाम्या का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थापक कुणाल षाड़ंगी ने कहा यह ऐसे स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक महीने के किसी एक रविवार को पूर्वी सिंहभूम ज़िले के विभिन्न इलाकों में लगाया जाएगा। जिससे जरूरतमंद लोगों की समय पर जांच कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य मिल सके। उन्होंने डॉ हर्ष कुमार की पूरी टीम का आभार जताया। मौके पर परसुडीह भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिदेव चट्टराज, पियाली दे,राहुल तिवारी, रवि तिवारी, उपेंद्र कुमार, मौमिता मुखर्जी, अरविंद सिंह, अमित मिश्रा, राजू पात्रों, अमर चंद्र दास, पार्थो साहू, अनमोल वर्मा, संदीप शर्मा बॉबी, ईश्वर सोरेन, दानिश कुमार सिंह,बाबू,तरुण होड़, राजू दा, कंचन घोष, राजा उपस्थित रहे।

## टाटा पावर में मना सुरक्षा कवच सप्ताह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा पावर कंपनी में एफ जी डी प्रोजेक्ट के द्वारा सुरक्षा कवच सप्ताह सप्ताह दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी मजदूरों ने टाटा पावर के पदाधिकारियों के साथ हाथ में सुरक्षा कवच का बैंड बांधकर सुरक्षा सप्ताह मनाया। मौके पर टाटा पावर के पदाधिकारी के द्वारा कंपनी में मजदूरों को सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान एफ जी डी प्रोजेक्ट के पदाधिकारी के साथ सैकड़ो मजदूर शामिल रहे।

# विधायक मंगल कालिंदी ने हाइमास्ट लाइट, फेवर ब्लॉक सड़क और जल मीनार का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित राहरगोड़ा होली क्रॉस चर्च में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। रविवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा क्षेत्र का दौरा करते हुए विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। विधायक निधि से निर्मित जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत राहरगोड़ा होली क्रॉस चर्च में 5,29,400 रुपये की लागत से हाई मास्ट लाइट, राहरगोड़ा होली क्रॉस चर्च में 7,73,700 रुपये की लागत से फेवर ब्लॉक निर्माण कार्य,संजय नगर रेलवे ट्रैफिक कॉलोनी में 6,47,400 रुपये की लागत से जल मीनार,जमशेदपुर प्रखंड क्षेत्र मकदमपुर इमामबाड़ा में 5,29,400 रुपये की लागत से हाई मास्ट लाइट, जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत परसुडीह हाउसिंग कॉलोनी में 5,29,400 रुपये की लागत से हाई मास्ट लाइट, जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र मैं 3,21,000 रुपये की लागत से आरपी पटेल स्कूल के नवनिर्मित गेट, जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के जुगसलाई कब्रिस्तान में 5,29,400 रुपये की लागत से हाई मास्ट लाइट और कैरेज कॉलोनी के हरि मंदिर में फेवर ब्लॉक निर्माण का विधायक ने उद्घाटन किया। मौके पर विधायक कालिंदी ने कहा कि वे लगातार जनता के हित में काम कर रहे हैं। झारखंड में हेमंत सरकार द्वारा कई विकास योजनाएं लागू की गयी हैं। इसके अलावा विधायक मद की राशि से कई योजनाओं को जनता के बीच लाया जा रहा है। उन्होंने बताया विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने कहा योजनाओं को ससमय पूरा कर उसके बाद उद्घाटन किया जा रहा है। मौके पर फादर सुशील एकका, अल्बीना खालको, प्रिंसिपल फादर विजय, सिस्टर पूनम, सिस्टर रजनी, मनोहर हुसैन, मनोज यादव, जय किशन, कांता, विकास, बबलू महतो, प्रेम तिवारी, चंदन सिंह, उषा देवी अमित मुखी, रोशन बैग, शिव कालिंदी, ब्रदर मनीत, नौशाद आलम, मोहम्मद शमशाद जुगसलाई नगरपरिषद सचिव मुकेश शर्मा, राजन मिश्रा, रंजन पांडे, प्रफुल्ल तिवारी, सोनू सिंह, अखिलेश उपाध्याय, मुन्ना सिंह, पिंटू, बंटी, अब्दुल कादिर आदि उपस्थित रहे।

# झारखंड की जनता 1932 के खतियान की मांग कर रही थी, सरकार का फैसला सराहनीय : पिंटू

## 8 पंचायत के ग्रामीणों के साथ 14 अक्टूबर को मनाया जायेगा जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड वासियों के लिए 1932 का खतियान लागू करने के बाद पूर्वी सिंहभूम जिले में झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। रविवार को झामुमो नेता और जमशेदपुर 4 के पूर्व पार्षद सह बैठक के सभापति पिंटू दत्ता के नेतृत्व में 8 पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। भिलाई पहाड़ी दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित बैठक में सभी पंचायत से प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक में सभी के सहमति से सरकार के द्वारा पारित किये गये 1932 के खतियान के लिए जश्न मनाने का निर्णय लिया गया।

इस मौके पर झामुमो नेता सह पूर्व पार्षद पिंटू दत्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड की सभी जनता के लिए काम कर रहे हैं। जनता को समझना होगा। बैठक में सभी के सहमति से भिलाई पहाड़ी स्थित दुर्गा पूजा मैदान में दुर्गा पूजा के बाद 8 पंचायत के ग्रामीणों के साथ 14 अक्टूबर को जश्न मनाया जायेगा। बैठक में ग्राम प्रधान घासीराम सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार ने झारखड की जनता के लिए 1932 का खतियान लागू कर गरीब दुखी के जीवन को सुखमय होने का अवसर दिया है।

बैठक का संचालन शैलेंद्र महतो ने किया। विपिन चंद्र मुर्मू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद सह बैठक के सभापति पिंटू दत्ता, ग्राम प्रधान भिलाई पहाड़ी घासीराम सिंह, माझी बाबा बिपिन चंद्र मुर्मू, बिलाजुरी पंचायत अध्यक्ष हरिपोदो सिंह, हुरलुंग पंचायत अध्यक्ष बुक्का हो, पलाशवनी पंचायत अध्यक्ष नोगेन सोरेन, बड़ाबाकी पंचायत अध्यक्ष माझी बाबा दुखु मार्डी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मिथु कर्मकार, महाबीर पाल, धीरेन गौड़, संभु सिंह, प्राधन महतो, केशब टुड्डू, हुरलुंग पंचायत सचिव कार्तिक हांसदा शामिल रहे।

# जनता दरबार में मिलता है सेवा करने का अवसर : बन्ना गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कदमा स्थित सास्थ मंत्री के कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। रविवार को जनता दरवार में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। मौके पर जिला के विभिन्न क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्या को मंत्री ने सुना। मौके पर लोगों को स्वास्थ्य मंत्री ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जनता दरबार में फीस माफी, सोसाइटी की समस्या, रोड बनाने, नाली की सफाई,पेंशन,राशन कार्ड बनवाने, अस्पताल का बिल माफी, रांची रिम्स में इलाज करवाने के मामलों को लेकर जनता मंत्री के पास पहुंची। इस दौरान मनोज झा, प्रभात ठाकुर, संयज तिवारी, माजिद अख्तर, जयप्रकाश साहू, कैलाश रजक, इरशाद हैदर, धनु महतो, आगेस्टिंग विल्सन, आयुन राय शामिल रहे।

## नरेंद्र मोदी विचार मंच ने वृद्धा आश्रम में मनाया प्रधानमंत्री का 72वां जन्मदिन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नरेंद्र मोदी विचार मंच ने देश के यशस्वी,कर्मठ प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के 72वाँ जन्मदिन साकची बाराद्वारी स्थित वृद्धा आश्रम में मनाया। मौके पर आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के द्वारा जन्म दिन पर केक कटिंग किया गया। मौके पर वृद्धा आश्रम में उपस्थित सभी बुजुर्गों एवं सुद्धिजनों को अतिथियों के द्वारा शॉल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष बिनोद राणा ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री युगपुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस पर बधाई दी। उनके दिघार्यु जीवन के लिए भगवान से प्रार्थना की। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड भारत सरकार के पूर्वी सदस्य मनोज सिंह ने कहा हमसभी भारतीय सौभाग्यवान हैं हमलोगों को नरेंद्र मोदी के जैसा मजबूत प्रधानसेवक मिला है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत में तीव्र गति से चहुमुंखी विकास हो रही हैं। आज भारत दुनिया का सिरमौर बनता जा रहा हैं। उन्होंने मोदी जी के दृघार्यु जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री सुजीत वर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन संयोजक आश्वनी झा ने किया।मौके पर मंच में जमशेदपुर के सामाजिक कार्यकर्ता पुतुल सिंह, प्रदेश संयोजक आश्वनी झा ,भाजपा के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रांत संयोजक डॉ०राजीव कुमार, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांत सोशल मीडिया संयोजक सोनू ठाकुर,शंभु सिंह एवं मंच के प्रदेश संगठन मंत्री सुजीत वर्मा उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मेराल : लाठीचार्ज की घटना में सीओ के बाद थाना प्रभारी भी हटाये गये



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल में हुई लाठीचार्ज की घटना को लेकर दूसरी कार्रवाई हुई है। एसपी अंजनी कुमार झा ने शनिवार को मेराल थाना के थाना प्रभारी लालबिहारी प्रसाद को पुलिस केंद्र गढ़वा में स्थानांतरित करते हुए उनके जगह पर रंका थाना से नीतीश कुमार को थाना प्रभारी बनाया है। एसपी के आदेश मिलते ही शनिवार की देर शाम में ही नीतीश कुमार ने निवर्तमान थाना प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद से पदभार ग्रहण कर लिया। बता दें कि मेराल के हासनदाग के नथन चौधरी के हत्यारोपी को छोड़े जाने के बाद गत 20 अगस्त को गांव के सैकड़ों आक्रोशित लोग मेराल थाना पहुंचकर हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे, इसी बीच ग्रामीणों तथा पुलिस के बीच हुई मारपीट की घटना के बाद लाठीचार्ज हुई थी, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए थे। घटना के बाद सत्तापक्ष एवं विपक्ष दोनों ही ओर से दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही थी। थाना प्रभारी के स्थानांतरण के पूर्व मेराल के सीओ अंगार नाथ स्वर्णकार को भी मेराल से हटाकर भूमि सुधार विभाग रांची में कर दिया गया है।

## जायंट्स ग्रुप ने सेवा सप्ताह के प्रथम दिन सैकड़ों दिहाड़ी मजदूरों को भोजन कराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स सेवा सप्ताह के प्रथम दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा मुख्य पथ स्थित उपहार के पास ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी की अध्यक्षता में सैकड़ों दिहाड़ी मजदूरों को भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन विनोद कुमार गुप्ता एवं वित्त निदेशक अशोक केशरी की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के अध्यक्ष सह जायंट्स गढ़वा के संस्थापक अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सेंट्रल कमिटी सदस्य अजयकांत पाठक, ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, वाह्य उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खां, वित्त निदेशक अशोक केशरी, फेडरेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी मनोज केशरी (हिंदुस्तान सेनेटरी), यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी (रूपा गंजी), पूर्व फेडरेशन पदाधिकारी दीपक तिवारी, राकेश केशरी, सुरेश गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, रविंद्र केशरी, सुनील कुमार अग्रवाल, मंदीप प्रसाद, अशोक विश्वकर्मा, चंद्रभूषण सिन्हा, दीपक केशरी, रितेश केशरी, चंदन चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## केतार मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया



**केतार (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी केतार मंडल के कार्यकर्ताओं ने मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ के प्रांगण में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 72वां जन्मदिन छोटी सी बच्ची के द्वारा केक काटकर मनाया। इस दौरान सबको पीएम मोदी के जन्मदिन की बधाई दी तथा उनकी लंबी आयु की मां भगवती से प्रार्थना की। इस मौके पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनायी गयी। मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा कि पीएम मोदी जैसे यशस्वी, दूरदर्शी व गरीबों की भलाई की सोच रखने वाले बहुत कम नेता होते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने तरक्की के कई नये आयाम हासिल किये तथा देश विश्व में एक शक्ति के रूप में बन कर उभरा है। उन्होंने कहा कि मोदी के शासन में विदेशों में एक नयी पैठ बनी है तथा विश्व ने भारत का लोहा माना है, यदि भारत के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई तो भारत इसका जवाब देने में सक्षम है। इस मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह, उमेश दुबे, पिंकू सिंह, विमलेश पासवान, नीरज कमलापुरी, सुधीर ठाकुर, मीडिया प्रभारी रविंद्र कुमार सोनी, अनय सिंह, रामप्रवेश ठाकुर, मंदिर के पुजारी बालमुकुंद पाठक, धर्मेंद्र पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**सेवा पखवाड़ा : जिला भाजपा ने पीएम की जीवनी पर प्रदर्शनी सह रक्तदान शिविर लगाया**

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है : जिला अध्यक्ष

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला भाजपा द्वारा 17 सितम्बर 2022 को सदर अस्पताल गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी जीवनी पर प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी रामाशीष तिवारी एवं उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, महामंत्री विकास स्वदेशी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने कहा कि गढ़वा जिला में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हमारी प्राथमिकता है। रक्तदान कर हम सब दूसरे को नया जीवन दे सकते हैं। इसलिए सेवा कार्यक्रम करना अच्छी बात है।

भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है वे बचपन से ही प्रतिभाशाली रहे हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश का सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी जैसा देश के प्रधानमंत्री हैं। जब जब देश में भाजपा सरकार बनी है भारत विश्व गुरु बनने को अग्रसर हुआ है। नरेन्द्र मोदी भारत के ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके सामने भारत का मान-सम्मान पूरा विश्व में बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम से भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो चुका है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष सह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम जिला प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि गढ़वा जिला में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर प्रदर्शनी और भाजयुमो द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर की गयी है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गढ़वा डीएस डॉ अवधेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, उपाध्यक्ष राजीव तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीणा पाठक, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र पाठक, महिला मोर्चा जिला मंत्री पार्वती सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक अविनाश पासवान, महामंत्री विकास तिवारी, जिला मंत्री संजय जायसवाल, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, बसंत प्रसाद, बलराम यादव, सुधीर कुशवाहा, उदय कुशवाहा, गिरवर यादव, लाल बिहारी यादव, अनवर साह, बिनय चंद्रवंशी, यशवंत मिश्रा, मुंजकेश तिवारी, अनीत तिवारी, विकास दुबे, रंजन कुमार, देवकांत ओझा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने प्रभारी ड्रग इंस्पेक्टर का किया विरोध

**प्रभारी ड्रग इंस्पेक्टर अमरेश कुमार भ्रष्टाचार को बढ़ाने का कर रहे हैं कार्य : आद्या शंकर पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गढ़वा जिला प्रभारी ड्रग इंस्पेक्टर अमरेश कुमार पर भ्रष्टाचार को बढ़ाने का आरोप लगाया है। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष आद्या शंकर पांडे ने अपने केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय स्थित जवाहर रेसिडेंसी होटल में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि गढ़वा जिले में ड्रग केमिस्टों के बीच प्रशासनिक भय व्याप्त हो गया है। 1948 का काला कानून है जिसे 500 दवाखाना व एजेंसी झेल रही हैं। केंद्र सरकार ने कहा था कि इंस्पेक्टर राज को खत्म कर देंगे किंतु आज ड्रग इंस्पेक्टर पद पर जिले में 30 नियुक्त हैं, जबकि झारखंड राज्य में 24 जिला हैं। फिर भी गढ़वा जिला ड्रग इंस्पेक्टर पदभार पर चल रहा है। प्रभारी ड्रग इंस्पेक्टर अमरेश कुमार के द्वारा जिले में तमाम दवा से संबंधित दवाखाना एजेंसी व अन्य कार्य को व्यवस्थित करने को लेकर पद ग्रहण करवाया गया वहीं अमरेश कुमार दवा व्यापार को व्यवस्थित ना कर के तमाम दवाखाना एजेंसी व अन्य कार्य में ड्रग लाइसेंस बनवाने व रिनुअल को लेकर काफी परेशान किया जा रहा है। वहीं तमाम पीड़ितों का कहना है कि गढ़वा जिले के ड्रग इंस्पेक्टर अमरेश कुमार व किरानी विनय कुमार सिंह की मिलीभगत से भ्रष्टाचार को खुलेआम अंजाम दिया जा रहा है। इन सारी समस्याओं को लेकर बात करने पर प्रभारी ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि मैं ऊपर से पैसा देकर ड्रग इंस्पेक्टर का प्रभार ग्रहण किया हूं, यदि पैसा नहीं लेंगे तो हम ऊपर में पैसा कैसे देंगे। यदि हमको पैसा देते हैं, तब कोई काम हो पायेगा अन्यथा नहीं, जबकि होलसेलर एजेंसी से फार्मासिस्ट का पैसा मांगते हैं और उन पर आरोप लगाते हैं कि तुम सब खुदरा माल बेचते हो, उसके एवज में हमको पैसा चाहिए। वहीं रिस्ट्रिक्टेड लाइसेंसधारी से फार्मासिस्ट्स का पैसा मांगते हैं और वह बताते हैं कि इसमें माल बहुत ज्यादा रखे हो। ऐसा कहकर फंसाने पर विवश करते हैं। वह कार्यालय में बार-बार बुलाते हैं और साथ ही दवाई की गुणवत्ता जांच के नाम पर मंहगी महंगी दवाइयां दुकानदार व एजेंसी से भारी मात्रा में ले जाते हैं और दूसरे जिले में उस दवा को बेचना इनका मुख्य धंधा बन चुका है। जबकि मना करने पर उनके द्वारा एफआईआर की धमकी देकर पूरे जिले के दुकानदार व एजेंसी को शोषण व भयादोहन किया जा रहा है। गलत रिपोर्ट बनाकर निदेशालय भेजते हैं। साथ ही नयी दुकान का लाइसेंस बनाने के लिए 5000 से 7000 तक घूस के तौर पर मांग करते हैं। साथ ही गढ़वा जिले के उपायुक्त के नाम पर भी अवैध तरीके से पैसे की वसूली की जा रही है। उनके द्वारा स्पष्ट शब्दों में कहा जाता है कि जहां शिकायत करना है कर सकते हैं। माल देकर आये हैं, वसूली तो होगी ही। इन सारी ज्वलंत समस्याओं को लेकर संगठन यह मांग करता है कि ड्रग इंस्पेक्टर अमरेश कुमार का गढ़वा जिले से स्थानांतरण किया जाए। मौके पर महासचिव नंद किशोर श्रीवास्तव, पूर्व संरक्षक डॉ मुरली गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, श्रवण कुमार, दीपक तिवारी, जयंत नारायण, संतोष कुमार, संजय तिवारी दीपक कुमार नंद दुबे कांडी अन्य लोग प्रेस वार्ता में मौजूद थे।

## केतार में शांतिपूर्ण तरीके से चेहल्लुम का पर्व मनाया गया

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में चेहल्लुम का पर्व इस्लाम धर्म के लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से मनाया। इस अवसर पर बेलाबार एवं नावाडीह के लोगों ने संयुक्त रूप से ताजिया के साथ जुलूस निकाला। जुलूस में काफी संख्या में बच्चे, महिलाएं सहित आसपास गांव के हिन्दू संप्रदाय के लोग शामिल हुए। जुलूस में सुरक्षा की कमान संभाले पीएसआई संजय हेंब्रम दल बल के साथ मौजूद थे। प्रखंड सदर शमीम अंसारी ने बताया कि दुनिया भर के मुसलमान हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन के शहादत का 40वां दिन पूरा होने पर उन्हें याद करते हैं। मौके पर समाजसेवी सह जेएमएम नेता अजय वर्मा, मुखिया मूंगा साह, प्रखंड सदर शमीम अंसारी, पूर्व प्रखंड सदर, अली हुसैन अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, शिववरण गुप्ता, लव वर्मा, विशुनदेव राम सहित काफी संख्या में दोनों सम्प्रदाय के लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर किया मुफ्त दवा का वितरण



**भाजपा राजनीतिक ही नहीं, समाज सेवा का कार्य भी करती है : उमेश कश्यप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में 17 सितंबर को प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सदर अस्पताल गढ़वा में भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा मरीजों के बीच फल वितरण का कार्यक्रम किया गया।

18 सितंबर को वार्ड नंबर 3 दुर्गा मंडप के पास स्वास्थ्य शिविर लगाकर मुफ्त दवा वितरण एवं कोरोना का बूस्टर डोज लगवाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री यशवंत मिश्रा के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव राज तिवारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रितेश चौबे, स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन राजीव राज तिवारी के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलेगा।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि जब भी देश पर किसी प्रकार की दुख संकट आती है तो भाजपा कार्यकर्ता सेवा भाव से उसमें लग जाते हैं।

भाजपा के मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक ही नहीं समाज सेवा का भी कार्य करती है।

कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बंधु राम झुनू चौबे सुप्रीत केसरी गांधी पासवान चंदन तिवारी सोमनाथ सोनी रमेश कुमार दीपक कुमार सतेंदर राम अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन झुनू चौबे के द्वारा किया गया!

## श्री बंशीधर नगर जायंट्स ग्रुप ने मां शारदा मंदिर के प्रांगण में किया पौधरोपण



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर जायंट्स ग्रुप की ओर से जायंट्स सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत रविवार को पुरैनी पोखरा स्थित मां शारदा मंदिर के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आम, अमरूद सहित कई फलदार पौधा लगाकर किया गया। उस मौके पर जायंट्स ग्रुप के अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा की ग्रुप की ओर से जायंट्स सेवा सप्ताह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत आज मां शारदा मंदिर के प्रांगण में फलदार पौधा लगाया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रुप की ओर से लगातार कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसकी रूपरेखा पहले ही तैयार कर ली गई है। उस मौके पर सचिव अनूप निराला, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, सुजीत अग्रवाल, गोपाल जायसवाल, अश्वनी कुमार, प्रमोद दवा दुकान, नंद किशोर, शुभम कुमार, मंदिर कमेटी के मुकेश कुमार भगत, नंदू लाल, वार्ड पार्षद राजेश सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मुखिया संघ के अध्यक्ष बने महताब आलम



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड त्रिस्तरीय आम पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण रूप से संपन्न होने के पश्चात मंझिआंव प्रखंड क्षेत्र के सभी नौ पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया की सर्वसम्मति से करमडीह पंचायत सचिवालय सभागार कक्ष में एक बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता पुरहे पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया शंभू पासवान ने की। जिसमें मुखिया संघ के अध्यक्ष झारखंड के सबसे कम उम्र वाले तलशबरिया पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया महताब आलम को मनोनीत किया गया। महताब आलम ने सभी का आभार प्रकट किया और कहा कि मैं पूरी तरह से कर्तव्य निष्ठा और इमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करूंगा।

**बैठक : मंत्री के निर्देश पर फरठिया की तरह ओखरगाड़ा के ग्रामीणों की भी जमीन लूटने की हो रही है तैयारी**

# किसी भी परिस्थिति में ग्रामीणों को उजड़ने नहीं दिया जायेगा : सत्येंद्रनाथ तिवारी

**ग्रामीणों ने कहा- वे लोग 80 साल से अधिक समय से यहां पर घर बनाकर रहे हैं, जान दे देंगे लेकिन जमीन नहीं छोड़ेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के फरठिया गांव की तरह मेराल के ओखरगाड़ा के ग्रामीणों की भी जमीन पिछड़ा वर्ग का आवासीय विद्यालय बनाने के नाम पर लूटने की तैयारी शुरू हो चुकी है। विधायक सह मंत्री के इशारे पर वर्षों से आवासीत गरीबों को उजाड़ने की तैयारी हो रही है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने रविवार को ओखरगाड़ा गांव के ग्रामीणों के बुलावे पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि उनके रहते किसी भी कीमत पर गरीबों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। इस मामले में वह जल्द ही डीसी से मिलकर पूरी जानकारी देंगे। साथ ही अगर जरूरत पड़ी तो गरीबों को न्याय दिलाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों को न्याय दिलाने के लिए वह पूरे ग्रामीणों के साथ राजभवन जाकर राज्यपाल से भी मुलाकात करेंगे। किसी भी परिस्थिति में ग्रामीणों को वहां से बेदखल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि कल्याणपुर में जिस जमीन पर स्थानीय विधायक का घर है, वह जमीन मूसहर परिवार के लिए आवंटित किया गया था। उसी के बगल में कई शिक्षण संस्थान भी गैरमजरूआ भूमि पर काबिज हैं। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि उक्त जमीन से अवैध कब्जा हटाते हुए वहां पर पिछड़ा वर्ग के लिए आवासीय विद्यालय बनाया जाए। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री अब सिर्फ गरीबों का जमीन लूटकर उसपर भवन निर्माण कराकर उसका कमीशन लेने और अपने भाई को उक्त काम में बतौर पार्टनर रखवाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओखरगाड़ा के ग्रामीण वहां पर पिछले 80 वर्षों से अपना घर, मकान और दुकान बनाकर आवासीत हैं। जिस जमीन पर पिछड़ा वर्ग का आवसीय विद्यालय बनाने की बात हो रही है। उसी जमीन पर पिछले वर्ष करीब 50 प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विद्यालय, शिक्षण संस्थान और विकास कार्य के वे तनिक भी विरोधी नहीं हैं। विद्यालय भवन और विकास कार्य के लिए वैसी भूमि को चिन्हित किया जाए जिस पर किसी भी तरह का ग्रामीणों का कोई दखल कब्जा नहीं है। मौके पर मेराल उत्तरी मंडल के अध्यक्ष उदय कुशवाहा, कुंदन चंद्रवंशी, रामसंदुर साव, पंकज गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि उक्त लोग 80 साल से अधिक समय से वहां पर घर, मकान और दुकान बनाकर जीवन यापन कर रहे हैं। अचानक मेराल अंचल के सीओ सहित अन्य अधिकारी पहुंचकर जमीन की मापी करने लगे। इसके बाद पिछड़ा वर्ग के लिए आवासीय विद्यालय बनाने के लिए जमीन चिन्हित किया जाने लगा। ग्रामीणों ने कहा कि जान देंगे लेकिन उक्त जमीन से किसी भी कीमत पर बेदखल नहीं होंगे। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक से मदद की गुहार लगायी है।

## विधायक चंद्रवंशी ने 13 पंचायतों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**लक्ष्मी चंद्रवंशी बालिका उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी थे। मुख्य अतिथि द्वारा उक्त प्रखंड के कुल 13 पंचायत के त्रिस्तरीय पंचायत में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में क्षेत्र के जिला पार्षद, पंचायत के मुखिया, बीडीसी व वार्ड पार्षद शामिल थे।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि यह सम्मान समारोह किसी दल से जुड़ा हुआ नहीं है। सांसद, विधायक व पंचायत प्रतिनिधि सभी एक समान होते हैं। आप सभी विकास का काम करें। अगर कहीं कोई समस्या आती है तो मेरा दरवाजा आप सब के लिए हमेशा खुला है। श्रीनगर के सामने सोन नदी में पुल निर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा। साथ ही सोन व कोयल नदी में तटबंध का निर्माण भी जल्द शुरू होगा। कांडी-मोखापी मोड़ सड़क, राजा घटहुआं से सतबहिनी तक सड़क व सुगवा दामर की सड़क बनेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि गवर्नर रोड का भी टेंडर होने वाला है। ध्वस्त नारायणपुर पुल, घटहुआं कला पंचायत स्थित पंचायत सचिवालय के पास पंडा नदी में पुल का निर्माण होगा।

विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल की चर्चा करते हुए कहा गत दो वर्षों में इस स्थान का विकास तीव्र गति से किया जा रहा है। यहां पर रेस्ट हाउस, विवाह मंडप व तीन ओर से चहारदीवारी निर्माण कराया जाएगा। सम्मान समारोह के बाद विधायक रामचंद्र चन्द्रवंशी ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में पहुंचकर समीक्षा बैठक की, जहां विभिन्न विभागों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

सम्मान समारोह को विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, रामलला दुबे, डॉ. ईश्वर सागर चन्द्रवंशी व रामलखन प्रसाद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय व मंच का संचालन राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा ने किया।

मौके पर विधायक जिला प्रतिनिधि भोला चन्द्रवंशी, नंदकिशोर पांडेय,शशांक शेखर, अरुण राम, सुधीर कुमार रजक, सीताराम तिवारी, मणिकांत सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


## खलारी-पिपरवार में धूमधाम से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा



डकरा बिजली घर और रोहिणी परियोजना में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा।



डकरा में बने पूजा पंडाल के दर्शन के लिए पहुंचे लोग।





## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ की गयी विश्वकर्मा पूजा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को भगवान विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सीसीएल के सभी कार्यालय, ट्रांसपोर्टिंग कार्यालय, गैरेज, विद्युत विभाग कार्यालय आदि स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की भव्य पूजा की गई। अशोक परियोजना के वर्कशॉप कार्यालय में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया। विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालु भक्तों के लिए पंडाल का पट खोला गया। पंडाल का उद्घाटन पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय ने किया। कोरोना संक्रमण के दो वर्ष के बाद लोगों में उत्साह देखा गया और विश्कर्मा पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर एजीएम निरंजन सेनापति, स्टाफ ऑफिसर एक्सवेशन जीएस शर्मा, एससी सिन्हा, खान प्रबंधक सदाला सत्यनारायण, शिशिर गर्ग सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। वहीं सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी में भी विधिवत पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट खोला गया। मौके पर परियोजना पदाधिकारी गोविंदम सरकार, पीके सिंह, आरएस चिवंडे, राजीव वर्मा, सौमित सेनापति, ज्योति कुशवाहा सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इधर, क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में स्थापित भगवान विश्वकर्मा के दर्शन के लिए बारी-बारी से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। पिपरवार के बेती, बिजैन, बिलारी, कल्याणपुर, किचटो, कारो, हफुआ, बन्हे, बचरा आदि जगहों पर धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। वहीं क्षेत्र के लोगों ने अपने-अपने वाहनों की भी पूजा कराई। बतातें चलें कि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण पिपरवार क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया जाता है।

## चामा में कौवड़ा जिउतिया जतरा मेला 21 को, कमेटी का गठन



खलारी (आजाद सिपाही)। चामा पंचायत में कौवड़ा जिउतिया जतरा मेला 21 सितंबर को लगाया जाएगा। मेला आयोजन को लेकर रविवार को कौवड़ा जतरा स्थल पर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें चामा पंचायत मुखिया विश्वनाथ भगत एवं उप मुखिया सूरजदेव मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से मेला आयोजन कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें संरक्षक दुखन उरांव, अध्यक्ष चारो उरांव, उपाध्यक्ष लालु उरांव, सचिव गणेश लोहरा, उपसचिव बिरसा उरांव, कोषाध्यक्ष सुरजदेव मुण्डा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में गोवर्धन उरांव, राजकुमार मुण्डा, विश्वनाथ भगत, बसंत उरांव, गोपी भगत, किशुन उरांव, रामदेव मुंडा, नंदु साहू, दीपक भगत, रमेश भगत, शनिचरवा उरांव, सुकू उरांव, अनिल उरांव, रंथु उरांव को शामिल किया गया है। वहीं मेला कमेटी की ओर से क्षेत्र व्यपारियों से मेला में आकर बढ़ चढ़ कर दुकान लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है। साथ ही कहा गया कि मेला में दुकानदारों को विशेष सुविधा भी कमेटी की ओर से मुहैया कराई जाएगी। बैठक में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपकारा में जेल अदालत का आयोजन

खूंटी (आजाद सिपाही)। झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी की ओर से रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, पैनल अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक, मदन मोहन राम, ममता सिंह उपकारा खूंटी के अधीक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।


## माताओं ने रखा जिउतिया का निर्जला उपवास

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी सहित आस-पास के क्षेत्रों में रविवार को माताओं ने संतान के दीघार्यु होने एवं उनकी सुख-समृद्धि में वृद्धि के लिए जिउतिया का निर्जला उपवास रखा। 24 घंटे के निर्जला उपवास व पूजन के बाद सोमवार को पारन कर उपवास समाप्त किया जाएगा। उपवास आरंभ करने से पूर्व शनिवार को माताएं नहां धोकर पारंपरिक विधान से मडुआ के आटे की रोटी, नोनी का साग, सतपुतिया झिंगी का सेवन की। वहीं देर रात सरगही के बाद उपवास आरंभ कर दिया।

### बचरा खदान में सुरक्षा कर्मियों से मारपीट का पुलिस ने किया खुलासा

# अंतरजिला गिरोह के दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



गिरफ्तार अपराधियों के बारे में जानकारी देती पुलिस।

**पिपरवार।** पुलिस ने बचरा एक नंबर स्थित बंद पड़े खदान में सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर मारपीट करने की घटना में शामिल अंतर जिला गिरोह का खुलासा करते हुए दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अपराधियों के पास से सुरक्षा कर्मियों से लूटे गये दो मोबाईल फोन भी बरामद कर लिया है। रविवार को पिपरवार थाना में संवाददाता सम्मेलन कर सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रोशन ने बताया कि दो सितंबर की रात 10-15 अज्ञात अपराधियों ने बचरा एक नंबर बंद पड़े खदान में हमला कर लूटपाट की योजना बनाते हुए सुरक्षा में तैनात होमगार्ड के जवानों को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की थी। साथ ही सुरक्षाकर्मियों का मोबाइल फोन लूट ले गए थे। घटना के बाद बचरा परियोजना के सुरक्षा विभाग द्वारा पिपरवार थाना में मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम की ओर से विशेष अभियान चलाकर शनिवार की रात घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी पहचान सूजीत गोस्वामी और राजा राम साकिन के रूप में हुई है। सूजीत रामगढ़ जिले के पतरातु थाना क्षेत्र स्थित शास्त्री चौक सौंदा बस्ती का रहने वाला है। जबकि राजा राम पतरातु के ही गांधी स्कूल क्षेत्र का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है और कई बार जेल भी जा चुके हैं। गिरफ्तार अपराधियों द्वारा घटना में अपनी संलिप्ता को स्वीकार कर लिया है। वहीं गिरोह के अन्य अपराधियों का नाम भीबताया है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही गिरोह के अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी दिन में घूमकर कबाड़ी का काम करते थे और रात में चोरी और लूटपाट करते थे। बचरा एक नंबर में बंद पड़े खदान से अपराधियों द्वारा लोहा और तांबे की चोरी को लेकर दो बार लूटपाट करने का प्रयास किया जा चुका था। पिपरवार थाना में कांड संख्या 40/22 के तहत मामला दर्ज कर दोनों अपराधियों को जेल भेज दिया गया है। दूसरी ओर, छापामारी में थाना प्रभारी गोविंद कुमार, अवर निरीक्षक रूपेश महतो, कन्हैया यादव और विशाल कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# खलारी कोयलांचल में विश्वकर्मा पूजा की धूम

**रोशनी से नहाये आकर्षक पूजा पंडालों को देखने उमड़ी लोगों की भीड़, दिखे सुरक्षा के इंतजाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



रेलवे टीआरडी विभाग में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का पूजन करते लोग।

**खलारी।** कोयलांचल सहित आस पास के क्षेत्रों में शनिवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के केडी, खलारी रेलवे स्टेशन, खलारी बजारटांड़, रोहिणी, धमधमियां, करकट्टा सहित सीसीएल की सभी परियोजनाओं के अलावा डकरा, करकटटा बिजली घर, आर आर वर्कशॉप के अलावा डकरा और केडीएच साईडिंग में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। साथ ही खलारी सिमेन्ट फैक्ट्री, क्षेत्र की सभी ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के गैरेजों एवं केडीएच स्थित मोनेट डेनियल कोल वॉशरी में विश्वकर्मा पूजा को धूमधाम से मनाया गया। पूजा स्थलों को आकर्षक पंडालों एवं विद्युत रौशनियों से सजाया गया था। इधर खलारी रेलवे टीआरडी विभाग, महावीरनगर स्थित फिल्टर प्लांट सहित अन्य जगहों पर भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। वहीं डकरा परियोजना स्थित वर्कशॉप पूजा पण्डाल के समीप मेला भी लगाया गया था। मेले में लोगों की काफी भीड़ देखी गई। देर रात तक क्षेत्र के पंडालों में लोगों को भगवान के विश्वकर्मा के दर्शन के लिए कतारबद्ध देखा गया।

वहीं लोगों ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान अपने वाहनों के साथ-साथ घरेलू औजारों की भी पूजा की। रातभर पूजा पंडालों में भक्ति गीत गुंजते रहे। इधर रविवार की शाम में विभिन्न जगहों से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं का विधि विधान के साथ स्थानीय नदी और तालाबों में विसर्जन कर दिया गया।

## युवा कांग्रेसियों ने मुरहू में निकाली भारत जोड़ो यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** युवा कांग्रेस की ओर से रविवार को मुरहू प्रखंड में भारत जोड़ों यात्रा निकाली गयी। खूंटी विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अरुण सांगा के नेतृत्व में निकाली गयी यात्रा में जिला युवा कांग्रेस की प्रभारी डॉ एंजेला तिग्गा, साह प्रभारी रूबी कुजूर, पूर्व राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी वेदप्रकाश मिश्रा शामिल हुए। नेतओं ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यय से लोगों तक संदेश पहुंचाया गया कि आज के समय में नफरत इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि आदमी एक दूसरे को देखना तक पसंद नहीं कर रहे हैं। यात्रा में 20 सूत्री सदस्य सोहेल अंसारी, खूंटी जिला उपाध्यक्ष सिब्लू खान, जोन कोऑर्डिनेटर अरकम हुसैन, नौशाद, महताब, रजत, नारायण, हरिशंकर, सुनील लाकड़ा , बिस्मिल्ला, मार्शल मुंडा, रेहान, अनीता, फुलमनी, सावित्री, अखिलेश, सैफुल्ला आदि थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर तोरपा और खूंटी में भाजपा ने लगाया रक्तदान शिविर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रविवार को खूंटी प्रखंड के जमुवादाग और स्थित हरिजन कालौनी और तोरपा प्रखण्ड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। तोरपा के शिविर का उद्घाटन विधायक कोचे मुंडा और जमुवादाग के शिविर का उद्घाटन भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने किया। खूंटी स्वास्थ्य शिविर में नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल एवं तोरपा के शिविर में मण्डल अध्यक्ष पुरेंदर मांझी ने विशेष सहयोग दिया। शिविर में कार्यक्रम प्रभारी (तोरपा) प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कैलाश राम, जिला महामंत्री बिनोद नाग, शशांक शेखर राय, कार्यक्रम प्रभारी (खूंटी) सह कोषाध्यक्ष लव चौधरी, सोशल मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, पिछड़ी जाति मोर्चा अध्यक्ष राजीव कुमार महतो, नगर महामंत्री शंकर प्रधान, विकास चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जून पहान, वार्ड पार्षद सोनू कुमार, कलिंद्र राम, आनंद कुमार, सीताराम महतो, भगीरथ राय, कैलाश कांशी, महावीर साहू, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

### जन्मदिन पर प्रधानमंत्री के कार्यों की लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी

# भाजपा सांसद व विधायक के बीच फिर दिखी दूरियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर शनिवार को नगर भवन में उनके द्वारा किये गये कार्यो की चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन कर सेवा पखवारा का शुभारंभ किया गया। चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा ने किया। वहीं रक्तदान शिविर का उद्घाटन खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने किया। भाजपा जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इन कार्यक्रमों में तोरपा विधायक कोचे मुंडा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। पूरे दिन लगाई गई चित्र प्रदर्शनी में लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र हित में किए गए कार्यों का चित्र के माध्यम से अवलोकन किया। जिला युवा मोर्चा द्वारा सेवा पखवारा के तहत लगाए गए रक्तदान शिविर का सांसद और विधायकों ने सराहना की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पहान, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, ज्योतिष भगत, संतोष जायसवाल, संजय साहू, कैलाश राम, बिनोद नाग, अनुप साहू, लव चौधरी, जितेंद्र कश्यप, महावीर राम, सचिन कश्यप, गुलाब महतो, राजेश महतो, सुरेश जयसवाल, निखिल कन्डूलना, जगरनाथ मुंडा, प्रियांक भगत, सुदर्शन भोक्ता, शुभम जयसवाल, सत्यम मिश्रा, दीपक तिग्गा, जनार्दन मिश्रा, चेपा मुण्डा, विकास चौधरी, राजकुमार गुप्ता, परमानंद कश्यप आदि थे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद अर्जुन मुंडा और विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के बीच दूरी एक बार फिर सतह पर उबर कर सामने नजर आया। सांसद निर्वाचित होने के बाद अर्जुन मुंडा के अमूमन हर कार्यक्रम में दूरी बनाने का प्रयास करने वाले विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा यूं तो कई कार्यक्रमों में उनके साथ-साथ नजर आते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नीलकंठ सिंह मुंडा ने जिस प्रकार सांसद से दूरी बनाई, वह यहां चर्चा का विषय बना रहा। अर्जुन मुंडा के कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व ही विधायक रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर रवाना हो गए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## भर्ती कैंप में 400 युवतियों का हुआ चयन

खूंटी (आजाद सिपाही)। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय के सहयोग से रविवार को खूंटी बिरसा कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन में भर्ती शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ केंद्रीय जनजातीय कल्याण मंत्रालय के सचिव, खूंटी के डीडीसी और जिला नियोजन पदाधिकारी ने सयुक्त रूप से किया। इसमें टाटा, इलेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड तमिलनाडु नामक कंपनी शामिल हुई। नियोजक द्वारा एंट्री लेवल ऑपरेटर पद के लिए चार हजार रिक्तियां प्राप्त हुई थी। इस कार्यक्रम में लगभग 560 युवतियों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा आयोजित की गई। जिसके बाद 480 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसके अलावा 419 अभ्यर्थियों को शॉटलिस्टेड किया गया। भर्ती कैंप में उप विकास आयुक्त ने अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन कर हौसला बढाया। इस मौके पर नियोजन पदाधिकारी की ओर से अभ्यर्थियों को महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (खूंटी, कर्रा) में नामांकन एवं महिंद्रा प्राइड क्लास का लाभ उठाने की सलाह दी गई।

## खूंटी गायत्री परिवार ने किया सघन पौधरोपण



खूंटी (आजाद सिपाही)। शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से संपूर्ण भारत में चलाए जा रहे वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत रविवार को गायत्री परिवार के दीया ग्रुप खूंटी शाखा की ओर से डूमरदगा में पौधा रोपण किया गया। उल्लेखनीय है की गायत्री परिवार खूंटी शाखा के युवा मंडल की ओर से हर सप्ताह निश्चित रूप से पौधा रोपण अभियान चलाने का संकल्प लिया गया है। पिछले पांच सप्ताह के दौरान गायत्री परिवार खूंटी शाखा द्वारा अब तक 1250 पौधें लगाए जा चुके हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इस दिन अभियान का छठवां सप्ताह पूरा किया गया, जहां खूंटी के डुमरदगा में पवन प्रजापति के बाड़ी में 25 पौधों का रोपण किया गया। जिसके अंतर्गत पपीता, आंवला, जामुन, अनार, कटहल, सिंदूर आदि के पौधों का रोपण किया गया। इस उपलब्धि के साथ ही कुल लगाए गए पौधों की संख्या 1275 हो गई है और सभी सुरक्षित हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकाश कुमार, आंचल मिश्रा, ममता देवी, ब्यूटी मिश्रा, राजेश कुमार, सत्येंद्र कंसारी आदि का विशेष सहयोग रहा। आगामी रचनात्मक कार्यक्रम की जानकारी देते हुए दीया ग्रुप के अमित किरण ने बताया कि गायत्री परिवार की ओर से चलाए जा रहे 6वें राज्यस्तरीय रक्तदान शिविर के अंतर्गत 21 सितंबर को खूंटी थाना के सामने स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में तीसरा रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें खूंटी के निवासियों की ओर से पूरी सहयोग की अपेक्षा की जा रही है ।

## जितिया जतरा मेला को लेकर शांति समिति की बैठक



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में लगने वाले ऐतिहासिक जितिया मेला को लेकर रविवार को सरना क्लब कल्याणपुर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार और संचालन मेला समिति के अध्यक्ष निर्मल उरांव ने किया। बैठक में 20 से 22 सितंबर तक कल्याणपुर खेल मैदान में लगने वाले तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया मेला को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सुरक्षा संबंधी बातों पर विचार विमर्श किया गया। थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने मेला समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा को लेकर बाहर से अतिरिक्त जवानों को बुलाया गया है। पूरे मेला परिसर में महिला और पुरुष सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाएगा। वहीं सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से मेले की निगरानी की जाएगी। शरारती तत्व और मनचलों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। मेले में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए आयोजन समिति को कई बातों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद उठाने की अपील की। इस बैठक में अवर निरीक्षक कन्हैया कुमार यादव, सहायक अवर निरीक्षक लखराज सिंह के अलावे मेला समिति के निर्मल उरांव, बालेश्वर उरांव, इकबाल हुसैन, जितेंद्र कुमार, धनेश्वर गंझु, शिव शंकर साव, क्यूम अंसारी, अरुण उरांव, इदरीश अंसारी, पंकज कुमार दास, मनेश्वर भगत आदि थे।

## बंधन उदयनाथ गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट नौ अक्टूबर से

डकरा (आजाद सिपाही)। सेंट्रल स्कूल डकरा में फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मनोज गंझू ने की। बैठक में बताया गया कि झारखंड आंदोलनकारी बंधन एवं उदयनाथ गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट अब नौ अक्टूबर से शुरू होगा। इससे पूर्व यह टूनार्मेंट 20 सितंबर से शुरू होने वाला था, लेकिन किन्हीं अपरिहार्य कारणों से तिथि में परिवर्तन किया गया है। बैठक में विष्णु गंझू, रामजीत गंझू, अमित तुरी, राजेश गंझू, दिलीप तुरी, नंदकिशोर ह्लोगता, मिथुन गंझू, राजेश तुरी, बासुदेव गंझू आदि थे।

## विहिप खूंटी जिला की बैठक सोनमेर मंदिर परिसर में संपन्न



लापुंग (आजाद सिपाही)। खूंटी जिला के कर्रा प्रखंड के सोनमेर मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले खूंटी जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में हिन्दू संगठन को मजबूत करने की बात कही गयी। विहिप खूंटी जिला अध्यक्ष विनोद जयसवाल ने कहा कि हिन्दुओं को तोड़ने वाली ताकतों के विरुद्ध एकता का परिचय देना होगा। हिंदुओं पर हो रहे शोषण व धर्मांतरण पर चर्चा की गयी। हिंदुओं को सप्ताह में एक दिन मंगलवार को सभी गांव में आरती करने का संकल्प हिन्दू संगठन ने लिया। इसी क्रम में पड़गांव हनुमान मंदिर में 20 सितंबर मंगलवार को सुबह आठ बजे सुबह महाआरती का आयोजन किया गया है। इस आरती में अधिक से अधिक संख्या में सनातनी भाइयों से भाग लेने का निवेदन किया गया है। मौके पर विहिप जिला अध्यक्ष विनोद जयसवाल, संयोजक विशाल साहू, उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, लापुंग विहिप मंत्री समीर गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राम प्रसाद साहू, जितेंद्र कुमार, अरबिंद सिंह, किश्वर साहू, अनिल साहू, महेश साहू, महेंद्र नायक के अलावे गोविंदपुर, कर्रा, खूंटी, लापुंग, गोविंदपुर के अलावे सोनमेर व पड़गाव के दर्जनों हिन्दू धर्मावलम्बी भाई शामिल थे।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा ने चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा ग्रामीण जिला एवं ओबीसी मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रविवार को गोंदलीपोखर बाजार में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, वरिष्ठ नेता डॉ अमर कुमार चौधरी, सत्यदेव मुण्डा एवं जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस शिविर में करीब 60 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई तथा उनके बीच दवा का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रताप कुशवाहा, उपाध्यक्ष नरेश साहू, मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, दिलीप खत्री, राजेन्द्र महतो, रामनाथ महतो, इंद्रजीत कुमार, संतोष महतो, घनेनाथ महतो, मनीराम महतो, सुप्रेश महतो आदि मौजूद थे।

## ताइक्वांडो में पांच पदक जीत कर खिलाड़ियों ने अनगड़ा का बढ़ाया मान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा में आयोजित 22वें राज्यस्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अनगड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड, तीन ब्रोंज एवं एक सिल्वर मेडल झटके। आयु वर्ग 21 केजी में गीता कुमारी ने गोल्ड मेडल, 24 केजी में इशिका हर्ष ने ब्रोंज, 25 केजी में शशि मुण्डा ने ब्रोंज, 35 केजी में रितीका मुण्डा ने ब्रोंज मेडल तथा 24 केजी में रेणुका मुण्डा ने सिल्वर मेडल जीते। कोच संजय मुण्डा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। खासकर बालिकाओं ने स्पर्द्धा में बढ़िया प्रदर्शन कर अपना दबदबा बरकरार रखा। कहा कि पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार कर राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में ले जाया जायेगा।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 15 महिलाओं के बीच बत्तख चूजा का वितरण

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली ब्लॉक परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत 15 महिलाओं के बीच बत्तख चूजा का वितरण सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। जिसमें सिल्ली प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से महिलाएं उपस्थित थीं। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह रोजगार का एक अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिससे महिला बत्तख चूजा से पोल्ट्री फार्म का रूप तैयार कर सकें और उनकी आय में वृद्धि हो सके। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उपप्रमुख आरती देवी, पूर्व मुखिया धनेश्वर माझी, अनादि महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर तोड़ांग आम बगान मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता और मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में विधायक विकास कुमार मुंडा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो के अलावे तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, गिरीश सिंह मुंडा, अरविंद कुमार, अश्विनी कुमार महतो, मुखिया राज किशोर सिंह मुंडा, हीरा मुंडा, मुरली सेठ, सुकलाल महतो, धीरज कुमार, रंजीत सेठ, समीर कुमार, कर्णधर महतो, कुमुद सिंह मुंडा, निर्मल महतो, रंजीत महतो, प्रताप सिंह मुंडा, कृष्णा महतो, सुखदेव महतो, चुकुन महतो, मनोज कुमार, दिनेश परमाणिक उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विजेता रांची फुटबॉल क्लब व उप विजेता दीपक ब्रदर्स की टीम रही। जिन्हें अतिथियों द्वारा 50000 रु और 40000 रु. पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में बिदुभूषण स्वंसी, गुरुआ मुंडा, विश्व हरि मुंडा, लोधरो मुंडा, अभिमन्यु स्वासी, रामेसर मुंडा, शंभू नाथ मुंडा, लालमोहन मोहाली, भूतनाथ मुंडा, घासीराम मुंडा, रघु मुंडा, लखी चरण सिंह मुंडा, सुखदेव मुंडा, गुरुवा मुंडा के अलावे आसपास के सभी गांव के ग्रामीणों का योगदान सराहनीय रहा।

## बुंडू में विश्वकर्मा पूजा एवं जितिया हर्षोल्लास से मना

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड में विश्वकर्मा पूजा एवं जितिया हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुंडू में कई जगह विश्वकर्मा की मूर्ति एवं पंडाल बना कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इधर जितिया के लिए घर घर में महिलाएं जितिया गाड़ कर पूजा अर्चना की और अपने पुत्रों की लंबी आयु की कामना की।

## जंगली हाथियों ने स्कूल का दरवाजा तोड़ा

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के सारजमडीह पंचायत के बरलांगा स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र को दो जंगली हाथियों द्वारा रात को पहुंचकर खिड़की, दरवाजा एवं अलमारी को तोड़ डाला। हाथियों का झुंड में शामिल हाथी मीड डे मिल का चावल खोज रहे थे।

## हाथियों ने धान की फसलों को किया नष्ट

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेहराजरा गांव में शुक्रवार और शनिवार की रात 40 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने गांव के राजू महतो, विजय महतो, पार्थो महतो, रीता देवी, कार्तिक महतो, सुनील महाराज, अमल मेहता, त्रिभुवन महतो, मनोरंजन महतो, मोहन महतो, दल गोविंद महतो, तुलसीदास महतो, मृत्युंजय महतो, अनीता देवी के लगभग 10 एकड़ में तैयार हो रहे धान की फसल को रौंद डाला। इससे किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गांव में हाथी के उत्पात की सूचना पर प्रभारी वनपाल राजू महतो अपने दल के साथ नुकसान की जानकारी ली एवं किसानों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। सूचना पर राहे जिला परिषद सदस्य और मुखिया ने भी किसानों से मिलकर नुकसान की जानकारी ली।

## सोनाहातू में अज्ञात बीमारी से हो रही मवेशियों की मौत

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मवेशियों में लंबी बीमारी संक्रमण का रूप ले लिया है। सोनाहातू पूर्वी के पंडाडीह, तिलाईपीडी, चोकाहातू, कुटीडीह, सेरेंगडीह, उलिडीह गांव में बीमार हर घर के मवेशी में हो गयी है। मवेशी में शुरूआत में छोटे छोटे घाव दिखते हैं, जिसे पशुपालक चेचक समझ कर सामान्य उपचार करते हैं, लेकिन छोटा घाव बड़ा रूप ले ले रहा है और मवेशी की मौत हो जा रही है। तीन दिन में सोनाहातू में चार मवेशी की मौत हुई है। पंडाडीह गांव के बुद्धराम पुराण और मेघनाथ माझी सेरेंगडीह के दुलाई देवी और उलिडीह के रामाकांत पुराण के मवेशी की मौत हुई है। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी धनंजय कुमार अपनी टीम के साथ गांव गांव में टीकाकरण करा रहे हैं। लेकिन बीमारी थमने का नाम नहीं ले रही है। इससे पशुपालक काफी भयभीत हैं। इधर उप प्रमुख प्रतिनिधि निशिकान्त गोंझू ने संक्रमित गांव का दौरा कर पशुपालकों को धैर्य रखने को कहा है। विभाग से जल्द इलाज कराने की मांग की है।

**कार्यक्रम : ओरमांझी में लगायी गयी पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यों की प्रदर्शनी, रास सांसद ने कहा**

# प्रधानमंत्री ने घर-घर शौचालय बनवा कर बहन-बेटियों को इज्जत देने का काम किया

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर की गयी सेवा पखवाड़ा की शुरुआत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गयी। प्रधानमंत्री के देश सेवा के आठ साल पूर्ण होने पर उनके कार्यों की प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू के द्वारा किया गया। सेवा पखवाड़ा 17 से लेकर 2 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन अलग अलग सामाजिक, धार्मिक स्थल पर कार्यकर्ताओं को अपनी अपनी सेवा देनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को केन्द्र सरकार की उपलब्धि व योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की बात कही। कहा देश की महत्वकांक्षी योजना आयुषमान भारत के अंतर्गत पांच लाख लोगों को तीन करोड़ रुपये दिए गये। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक घर में शौचालय का घर-घर निर्माण कराकर प्रधानमंत्री ने बहन-बेटियों को इज्जत देने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्का मकान देने का काम किया है। कोविड जैसी महामारी का वैक्सीन लोगों को मुफ्त में देने का काम किया है। आज भारत मोदी जी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। कार्यकर्ताओं को 25 सितम्बर को मन की बात प्रत्येक बूथ पर सुनने एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाने को कहा। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, महामंत्री नरेंद्र सिंह, महामंत्री प्रीतम साहू, प्रदेश कार्यसमिति सह जिला परिषद सदस्य मनोज बाजपेयी,उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साहू, दिलीप मेहता अलखनाथ महतो, राज किशोर साहू, बालक पहान,सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता मुखिया दीपक बड़ाईक, किरण देवी, चतुर साहू, कामेश्वर महतो रमसाई मुंडा, बालक महतो चंद्र मोहन महतो, अरविंद महतो, राम लखन महतो, शिव चरण महतो, धनंजय महतो, बबीता देवी, रोहन बर्मन, शशि मेहता, विक्रांत तिवारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रातू हुरहुरी के पंचायत विकास समिति ने आभार यात्रा निकाली

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गठबंधन सरकार के समर्थन में जम कर नारे लगाये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** 1932 का खतियान व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलने की खुशी में रातू प्रखंड के हुरहुरी पंचायत विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन तिग्गा व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष खलिल अंसारी के नेतृत्व में प्रखंड कांग्रेस समिति ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ आभार यात्रा निकाली। जुलूस हुरहुरी अखरा से हुरहुरी चौक होते हुए रामदेव कंपलेक्स तक गया जहां सभा का आयोजन किया गया।

कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा खुशी मनायी। लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटी गयी। ढोल नगाड़े के साथ निकाली गयी आभार यात्रा में कांग्रेस पार्टी के झंडे लिए कार्यकर्ताओं ने गठबंधन सरकार के समर्थन में जमकर नारे लगाये। लोगो ने जमकर आतिशबाजी भी की। 1932 की स्थानीय नीति लागू होने के बाद झामुमो के साथ हेमंत सरकार की सहयोगी कांग्रेस भी लगातार जश्न मना रही है।

आभार यात्रा में अशोक उरांव, सुनील उरांव, बीशू उरांव, रोजीद अंसारी, रउफ अंसारी, आफताब आलम, बबलू उरांव, इरफान अंसारी, बसीरूल अंसारी, मोईन अंसारी, साहदेव उरांव, महेश कोटवार, मोहन उरांव, मनोज ठाकुर, सुखदेव गोप, अफजल अंसारी, अफरीदी, परमेश्वर साव, जगजीवन उरांव, रंथू तिग्गा के अलावे सैकड़ो लोग शामिल थे।

## मांडर थाना में नाबालिग से यौन शोषण का मामला दर्ज

**मांडर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की ने शनिवार को यौन शोषण एवं धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। 17 वर्षीय युवती ने लिखित आवेदन में कहा है विगत एक वर्ष पूर्व चान्हो थाना के चोरेया निवासी बताकर राज टोप्पो मुझसे फेसबुक के माध्यम से जान पहचान किया। फिर मोबाईल से बातचीत के क्रम में हम दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया और हम दोनों मिलने-जुलने लगे। राज मेरे घर बराबर आने जाने लगा। मुझसे शादी करेंगे बोला तो मेरे मम्मी-पापा भी अच्छा से बातचीत करने लगे। इस बीच राज मेरे घर पर आकर रुकने लगा और मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। 11 सितंबर को मैं और राजा एक साथ कमाने के लिए बेंगलुरु चले गये। बेंगलुरु में बातचीत के क्रम में मुझे पता चला कि लड़का का नाम राज टोप्पो नहीं बल्कि उसका नाम राज सिंह, पिता मनोज सिंह है। वह ग्राम गुड़गुड़ जारी, थाना मांडर का रहने वाला है। असलियत जान कर बोली कि तुम अपना नाम-पता छुपाकर मेरे साथ धोखेबाजी करते हुए मेरा योन शोषण किया है। अब तुम मुझे अपना घर मांडर पहुंचा दो। तब मुझे राज सिंह बंगलुरु से लाकर मांडर पहुंचा कर भाग गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# श्री श्री दुर्गा पूजा समिति मिलन चौक पूजा समिति का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति मिलन चौक मंझिलाटोली अनगड़ा के कार्य समिति की बैठक रविवार को सूरज नारायण महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इस बार दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम और उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से श्री श्री दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष गबेश्वर महतो, उपाध्यक्ष डब्बु महतो, सचिव राजू महतो, उपसचिव मुकेश महतो एवं कोषाध्यक्ष वकील महतो चुने गये। बैठक मे युवा कार्य समिति का भी गठन किया गया जिसके अध्यक्ष सुधांशू महतो बनाए गये। इसके अलावा संरक्षक मंडली मे सखीचंद महतो, कारीनाथ महतो, हरीलाल महतो, धनंजय महतो, सूरज नारायण महतो, जगेश्वर महतो, लाल मोहन महतो, शिवनंदन महतो, विरेन्द्र नाथ महतो, इंद्रनाथ साहू, रामनाथ करमाली, संतोष करमाली, गोविंद राम, अजीत महतो, चंदन शर्मा आदि का चुनाव किया गया।

बैठक मे मनोज महतो, सहजनाथ महतो, सीताराम महतो, विजय राम, बृज महतो, संजय महतो, कमलकांत महतो, शिवनारायण महतो, विरेन्द्र महतो आदि मौजूद थे।

**कार्यक्रम : एसके सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सम्मान समारोह में आइएस होरो ने कहा**

# सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मानित करना सराहनीय कदम

**मांडर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को तथा मांडर-चान्हो के मीडिया कर्मियों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मांडर।** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन मांडर के अंतर्गत सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए चिकित्सा पदाधिकारी आईएस होरो ने कहा कि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा समाज के प्रति समर्पित सभी लोगों को सम्मानित करने के लिए उठाया गया यह कदम सराहनीय है। इससे लोगों में सेवा का भाव और भी ज्यादा जागृत होगा। कार्य के प्रति उनका मनोबल बढ़ेगा। इस तरह के कदम उठाने के लिए महाविद्यालय प्रबंधन धन्यवाद का पात्र है।

वहीं महाविद्यालय के शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि मानव सेवा सच्ची सेवा है। इससे बढ़कर कोई सेवा नहीं है। वैश्विक महामारी तथा अन्य विकट परिस्थितियों में भी स्वास्थ्य कर्मियों, मीडिया कर्मियों और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता अपनी जान की परवाह किये बगैर निरंतर सेवा करते रहे। उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। उनके योगदान को देखते हुए इस तरीके का सम्मान बहुत छोटा हो जाता है। इसमें नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य निहारिका श्रीवास्तव, बीएड के विभागाध्यक्ष राकेश कुमार राय तथा डीएलएड के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में शमा बांधने के लिए बीच बीच में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

इस मौके पर मांडर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को तथा मांडर और चान्हो के मीडिया कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन कुमारी मीनाक्षी मोना तथा साउंड ऑपरेटर सलमान अंसारी ने किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नामकुम में भोजपुरी गायक विशाल गगन ने बिखेरा जलवा, भोजपुरी गीतों पर झूमे लोग



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के रिंग रोड लालखटंगा पंचायत स्थित अप्रैक्स कंक्रीटो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में शनिवार को विश्वकर्मा पूजा महोत्सव के अवसर पर रंगारंग भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोजपुरी सुपरस्टार गायक सह अभिनेता विशाल गगन, गायिका अनुपमा यादव एवं आदिती राज ने अपना जलवा बिखेरा। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल ने भक्ति गीत महतारी बिना दुख के हरवइया, सूर तुलसी दास कबीर रटे, लटगइले कालीदास कन्हैया जैसी देवी गीत से की। इसके बाद विशाल ने कुसुम रंग सड़िया राजा जी भोजपुरी गाना गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, विशाल, अनुपमा और अदिती ने अपने गीतों से आयोजन में चार चांद लगाया। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के अंत में रोहित ग्रुप परिवार की ओर से मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने सभी गायकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### मरीजों के बीच वस्त्र और फल वितरण कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नरेंद्र मोदी विचार मंच झारखंड के बैनर तले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल नामकुम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामकुम में मरीजों के बीच वस्त्र और फल वितरण कर मनाया। मंच के संयोजक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश प्रत्येक क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। कार्यक्रम में सुनीता देवी, डॉ रश्मि, पूनम देवी, रविंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, विनोद गुप्ता, अनिता, नारामनी, सुप्रिया, कृष्णा आदि लोग मौजूद रहे।

### जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लालखटंगा पंचायत के नया भूसुर स्कूल मैदान में सात दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के तौर पर कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, विशिष्ट अतिथि जयंत जयपाल सिंह मुंडा एवं अंतू तिर्की उपस्थित थे। फाइनल मैच पुरुष वर्ग में तीन घरवा एफसी बनाम हुलहुडु एफसी के बीच खेला गया। जिसमें प्लेंटी शूटआउट से तीन घरवा एफसी एक गोल से विजेता रही। वहीं, महिला वर्ग में डहु एफसी बनाम जेएसएसपीएस खेलगांव के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट से जेएसएसपीएस खेलगांव तीन गोल से विजेता बनी। पुरुष वर्ग में विजेता टीम को 1 लाख 50 हजार नगद व उपविजेता टीम को 1 लाख नगद सहित मोमेंटो, महिला वर्ग में विजेता टीम को 25 हजार एवं उपविजेता टीम को 15 हजार नगद सहित मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप मुंडा, पुष्पा तिर्की, रामावतार केरकेट्टा, कारमेंला कच्छप, जिता कच्छप, पतरस तिर्की, रितेश उरांव, राजेश, विक्रम, महादेव, निकोल्स, अनिल, विजय, अमित, अजीत, विमल सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### जैलेंद्र कुमार ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा के सुदूर बिसा पंचायत के टुंगरी टोली निवासी अकला बेदिया (40) का निधन गंभीर बीमारी से पिछले दिनों हो गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जशपुरिया सेवा केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, बिसा पंचायत मुखिया मंजोति देवी, पंचायत सेवा प्रमुख सोहन बेदिया आदि ने नगद राशि व खाद्य सामग्री देकर मृतक के परिवार को सहयोग किया। मौके पर बिगेशर महतो, महेश बेदिया, बालेस्वर बेदिया, सुखलाल बेदिया, एतवा बेदिया, राजेंद्र बेदिया और बिरसा बेदिया आदि उपस्थित थे।

### सिकिदिरी थाना में शांति समिति की बैठक

**सिकिदिरी( आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर थाना प्रभारी भगवान तामसोय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य एवं पूजा समिति के पदाधिकारी उपस्थित हुए। थाना प्रभारी भगवान तामसोय ने दुर्गा पूजा को आपसी भाईचारा एवं सोहार्दपूर्ण वातावरण में सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार मनाने की अपील की। मौके पर एसआई अरूण कुमार सिंह, एएसआई सुरेश ठाकुर, जितेंद्र सिंह, धर्मानंद राम, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, फारुख खान, हरातू मुखिया राजेन्द्र बेदिया, हेसातू मुखिया अनिता बारला, रोजलीन लकड़ा, पंसस अनिल महतो, खलील खान, नील मोहन पहान, बलराम साहू, निर्मल करमाली, कुच्चू उपमुखिया सहदेव बेदिया, लक्ष्मण सैनी, श्याम सुंदर बेदिया, विक्रम हजाम, विरेंद्र हजाम रामदास महतो, नयूम अंसारी संतोष बेदिया संजय भोगता, गिलू बेदिया उपस्थित थे।

### पीएम के जन्मदिन पर सांसद प्रतिनिधि ने चॉकलेट और वस्त्र का किया वितरण

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं संग ओरमांझी के आदिवासी बहुल गांव बड़ा गगारी में वृद्ध महिला-पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चों के बीच वस्त्र, बिस्किट व चॉकलेट का वितरण किया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि प्रधानमंत्री का समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाने का प्रयास रहता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, मुखिया दीपक बड़ाईक, आनंद महतो, उप मुखिया संतोष गुप्ता, रोहन बर्मन, शशि मेहता, रुपेश साहू, अशोक बेदिया, निर्मल वेदिया, धनेश्वर वेदिया सहित गांव के सैकडों लोग उपस्थित थे।

### तमाड़ में वज्रपात से तीन बच्चियां हुई घायल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत कासमबुरुडीह गांव में वज्रपात से तीन लड़की गंभीर रूप से घायल हुई हैं। वहीं दो बकरि की मृत्यु हो गयी। दिन के करीब 1.30 बजे भारी बारिश के साथ वज्रपात से तीन लड़कियां सुलेखा कुमारी (21) पिता खेत्र मोहन मुण्डा, पुर्णी कुमारी (13) पिता स्व. मनजित मुण्डा तथा उर्मिला कुमारी (13 ) पिता बुधेन्दर मुण्डा गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल लड़कियों को बुण्डू अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा, मुखिया अनिता देवी तथा पंचायत समिति सदस्य कृष्ण मुण्डा ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए प्रशासन से जांचोंपरांत उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## जगदेव विचार मंच ने किया शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस का आयोजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित बालकिशोर सिंह इंटर कालेज परिसर में रविवार को युवा समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में जगदेव विचार मंच के तत्वावधान में भारत लिनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद का 48 वां शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की सुरुआत बतौर मुख्य अतिथि सर्जन डॉ निर्मल कुमार व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा शहीद जगदेव प्रसाद जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षा पूर्व मुखिया अवधेश मेहता एवं संचालन महताब आलम ने किया। इस अवसर पर लोंगों को संबोधित करते हुए सर्जन डॉ निर्मल कुमार ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद हमेशा शोषितों, वंचितों एवं बहूजनों के दिलों पर राज करते रहेंगे, क्योंकि बहुजनों के लिए इनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जबकि युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि जगदेव बाबू के बताये मार्गो पर चलकर ही शोषितों एवं वंचितों को न्याय मिल सकता है। वही सत्येंद्र मेहता,प्रमोद कुमार रवि, डॉ नरेंद्र प्रियदर्शी, रामवृक्ष मस्ताना, भोला गुप्ता, डॉ बिरेन्द्र सिंह, अखिलेश मेहता, पेरियार सरजू मेहता, संजय मेहता आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समाजसेवी राजीव रंजन, डॉ प्रकाश वर्मा, डॉ बिरेंद्र सिंह, अखिलेश मेहता, शिक्षक अजय मेहता, विजय कुशवाहा, अनिता बौद्ध, दिनेश मेहता, मनोज कुमार, विजय प्रजापति, गोपाल प्रसाद, रामजीवन महतो, नरेन्द्र प्रियदर्शी, दिनेश पासवान, अनिल पासवान, कृष्णनंदन कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थें।

## एक चिट्ठी ने खोली आजसू की गुटबाजी की पोल



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विगत एक वर्ष से पलामू आजसू में एक नेता को लेकर सह मात का खेल चल रहा था। इस नेता को लेकर पलामू आजसू दो गुटों में बंटा हुआ था। एक तरफ पुराने आजसू जिलाध्यक्ष विकेश शुक्ला गुट आजसू के केंद्रीय सचिव बब्लू गुप्ता का आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो द्वारा निष्काशन किये जाने का दावा कर रहा था। दूसरी तरफ वर्तमान आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी गुट पार्टी के हर कार्यक्रम में बतौर केंद्रीय सचिव बब्लू गुप्ता को शामिल कर पार्टी से बब्लू गुप्ता के निष्काशन को गलत साबित करने में लगा हुआ था। पूर्व आजसू जिलाध्यक्ष विकेश शुक्ला और बब्लू गुप्ता की लड़ाई थाने तक पहुंच गई थी। विकेश शुक्ला ने शहर थाने में आजसू पार्टी के झंडे का बब्लू गुप्ता द्वारा इस्तमाल किये जाने को गैरकानूनी बताते हुए आवेदन दे दिया और बब्लू गुप्ता के वाहन से आजसू पार्टी के झंडे को हटवाने का शहर थाना प्रभारी से आग्रह किया। पूर्व जिलाध्यक्ष विकेश शुक्ला गुट के दावों की आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष और पलामू प्रमंडल प्रभारी मोहम्मद हसन अंसारी की चिट्ठी ने पोल खोल कर रख दी है। केंद्रीय उपाध्यक्ष द्वारा जारी पत्र में बब्लू गुप्ता को निलंबनमुक्त करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव के रूप में कार्य करते रहने की सूचना दी गई है। केंद्रीय उपाध्यक्ष के इस पत्र से यह स्पष्ट हो गया कि बब्लू गुप्ता के आजसू से निष्काषित किये जाने का विकेश शुक्ला गुट का दावा गलत था। अब आनेवाला समय ही बतायेगा कि बब्लू गुप्ता को लेकर पूर्व और वर्तमान आजसू जिलाध्यक्ष की लड़ाई क्या गुल खिलाती है।

## पांकी विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

# विकास योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता : मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पांकी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम से पहले नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के एरुआ में राजाराम सिंह के घर से कुबुआ रजीमन उरांव के घर होते हुए, प्रखंड पांकी के ग्राम होटाई तक 4,76,86,415 की लागत से बनने वाली 5.80 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। दूसरा शिलान्यास तरहसी के बेदानी चौक पर तरहसी पदमा के मुख्य पथ का शिलान्यास किया गया। तीसरा शिलान्यास मेदिनीनगर पांकी मुख्य पथ एसएच,10, 45.175 किलोमीटर लंबी पथ के मजबूती करण/ राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य का पांकी के कपूर्री ठाकुर चौक पर भूमि पूजन किया गया। इसी तरह चौथा शिलान्यास नीलांबर-पीतांबरपुर के जामुडीह पंचायत के बौराखाड़ और पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत के बीच पिरी नदी में पुल निर्माण



कार्य का शिलान्यास किया। पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ का भूमि पूजन करने के बाद विधायक डां शशि भूषण मेहता ने कहां कि पूरे विस क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता है। हर गांव में अच्छी सड़क हो इसके लिये लगातार प्रयास कर रहा हूं। इस सड़क के निर्माण की मांग वर्षो से लोगों की थी जो आज पूरा हुआ। क्षेत्र का विकास मेरी जिम्मेदारी है, जिसे आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग से बखूबी निभा रहा हूं। हमारे यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत क्षेत्र के बुजूर्गो के पांव धोकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बुजूर्गो को साड़ी, धोती, शॉल देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने यह भी कहा कि पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ को आप लाइफ लाइन भी कह सकते हैं, इस सड़क के मजबूतीकरण का कार्य पूरा हो जाने से यातायात व्यवस्था काफी सुलभ हो जायेगा। जो व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी लाभदायक साबित होगा। डां मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्प हूं। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, कृषि इत्यादि हर सुविधा पांकी विधानसभा क्षेत्र वासियों को उपलब्ध कराने के लिये दिन-रात कार्य कर रहा हूं। आने वाले दिनों में पांकी विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर अलग ही अंदाज में देखने को मिलेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं संवेदक को गुणवत्ता को ध्यान में रखकर कार्य समय पर पूर्ण करने का निर्देश भी दिया है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने तक विकास योजनाओं को पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है।

### मौके पर ये रहे उपस्थित

मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, जिला सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, मनोज सिन्हा, रंजय ठाकुर, नीलाम्बर पितांबरपुर विधायक प्रतिनिधि लाला यादव, पांकी सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे उर्फ चुनमून पांडे, प्रो. बचन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, जय किशोर प्रसाद, श्यामनंदन ओझा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पीएम जन्मदिन पखवाड़ा के तहत भाजपा ने स्वास्थ्य शिविर लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर अंतर्गत जोड़ पंचायत भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक मुख्य रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने



किया।कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश के नेता अविनाश वर्मा एवं जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विभाकर नारायण पांडे,अजय तिवारी, उदय शुक्ला, प्रफुल्ल सिंह,अमित तिवारी, रूपा सिंह, प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय ,अरविंद गुप्ता, शिव कुमार मिश्रा,ईश्वरी पांडे,संजय जी, सांसद प्रतिनिधि अमित आनंद,नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा, किशन मखारिया, शुभक तिवारी, जोड़ पंचायत की मुखिया प्रभा देवी, पंचायत समिति सदस्य रीना तिवारी,समाजसेवी नरेंद्र मेहता, अजय तिवारी, बैजनाथ तिवारी, कामाख्या पांडे,राजा तिवारी, विनय तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में जोड़ पंचायत के ग्रामीण जनता उपस्थित हुए एवं अपना-अपना उपचार कराया। शिविर में मुख्य चिकित्सक के रूप में डां आरके रंजन सहित कई डॉक्टर उपस्थित होकर लोगों का उपचार किया।

## आवास योजना में अनियमितता,पंचायत सेवक कार्यमुक्त, पंचायत सचिव पर प्रपत्र 'क' गठित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के उरद्वार पंचायत में आवास योजना में अनियमितता के मामले में हुसैनाबाद बीडीओ ने कड़ी करवाई करते हुए पंचायत स्वयंसेवक सतेंद्र कुमार ठाकुर को कार्यमुक्त कर दिया है। वही प्रभारी पंचायत सचिव सुनील प्रसाद के विरुद्ध प्रपत्र क गठित करने की कारवाई करते हुए उप विकास आयुक्त को अग्रेतर कारवाई के लिए पत्र प्रेषित किया है। वही भुगतान की राशि 2 लाख 50 हजार रुपये वसूली करने की कारवाई शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में बीडीओ रतन कुमार ने बताया कि उरद्वार पंचायत मे आवास योजना मे घोर अनियमितता बरतते हुए अवैध राशि की निकासी का मामला प्रकाश में आया था। इस संदर्भ में उन्होंने पंचायती राज पदाधिकारी वशिष्ठ तिवारी व पंचायत सचिव शमीम अंसारी की संयुक्त टीम बनाकर मामले की जांच का निर्देश दिया। जांच के बाद टीम ने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिसके अनुसार पंचायत स्वयंसेवक सतेंद्र कुमार ठाकुर व पंचायत सचिव सुनील प्रसाद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में पूर्व से ही निर्मित पक्का मकान में जियो टैग कर राशि की अवैध निकासी की गई है। जिसमें दोनों की संलिप्तता प्रतीत होती है। जांच रिपोर्ट के आधार पर स्वयंसेवक को कार्यमुक्त कर दिया गया है वही प्रभारी पंचायत सेवक पर प्रपत्र क गठित करते हुए पलामू उप विकास आयुक्त को अग्रेतर कारवाई के लिये अग्रसारित किया गया है। वही अवैध राशि निकासी के लिए कारवाई शुरू कर दी गयी है। बीडीओ रतन कुमार ने बताया कि दूसरे पंचायतो में भी आवास योजना पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने लाभुकों से भी अतिशीघ्र आवास पूर्ण करने की अपील की है।

## एनसीपी के पुन: प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत हुए कमलेश सिंह, पार्टी के लोगों ने दी बधाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में शरद पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद शरद पवार ने हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह को पुनः झारखंड प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने शरद पवार, प्रफुल्ल पटेल , सुप्रिया सुले का आभार जताया है। नेताओं ने कमलेश कुमार सिंह को बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की है की कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी का संपूर्ण राज्य में विस्तार होगा। बधाई देने वालों में एनसीपी नेता गोपाल सिंह, कुंदन कुमारी, मन्नान खान, अजीत सिंह, चंदन सिंह, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू, मोइन खान, जिशान हसन, बिमलेश सिंह, विनय पासवान, विजय राजवंशी, भोला राम,बिहारी पासवान,संजय सिंह, जियाउद्दीन खान, गुड्डू सिंह, उदय सिंह, अजीत सिंह, अंजली शर्मा, बबिता सिंह, सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, हसनैन अंसारी, कालिया जी, लड्डन, जोगेंद्र सिंह, ओमप्रकाश रजवार के अलावा अन्य पार्टी नेता कार्यकर्ता शामिल हैं।

## मोमेंटम क्लासेस में नीट में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मोमेंटम क्लासेस डालटेनगंज में नीट की परीक्षा में उच्च अंकों से उत्तीर्ण हुए प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इन छात्रों में प्रवीण देव गुप्ता, मो. गुलाम मोइनुद्दीन और शुभम सौरभ शामिल थे। प्रवीण देव गुप्ता ने 620,मोहम्मद गुलाम मोइनुद्दीन ने 609 और शुभम सौरभ में 601 अंक प्राप्त किये। इस प्रकार से इनका गवर्नमेंट कॉलेज से एमबीबीएस करने का सपना साकार होता दिख रहा है। मो. गुलाम मोइनुद्दीन ने कहा कि उन्होंने पूरी तरह से अपने शहर डाल्टनगंज में रहकर ही मेडिकल की तैयारी की इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन कोर्स भी लिया था पर शिक्षकों के मार्गदर्शन में हमेशा रहे। इस कोचिंग संस्थान के शिक्षकों ने हमेशा उनके समस्याओं को और प्रश्नों को हल करने में उनकी हमेशा सहायता की। इसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। सभी छात्रों ने इसी बात को दोहराया और बताया कि कठिन परिश्रम से यहां रह कर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक अभिषेक कुमार दुबे ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी छात्र और संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाएं इस मौके पर उपस्थित थे।

## पीएम के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया फल वितरण

**सतबरवा(पलामू) (आजाद सिपाही)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सतबरवा के भाजपा कार्यकताओं ने नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा में फलों का वितरण किया। इस मौके पर उपस्थित आशीष सिन्हा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को हम लोग सेवा सत्ता के रूप में मना रहे हैं। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक यह कार्यक्रम चलेगा और इसी के तहत हम लोग आज अस्पताल में मरीजों के बीच फलों का वितरण कर रहे हैं। मौके पर डाल्टेनगंज विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा,पाकी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो,भाजपा ओबीसी जिला उपाध्यक्ष अजय सोनी, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पर्यावरणविद ने जापान का मशहूर कोहिनूर आम लगाकर मनाया देश के प्रधानमंत्री का जन्म दिन

# जीवन के सभी शुभ कार्य और जन्मदिन पर पौधरोपण करना ही है : कौशल

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के जन्म दिन को जापान के सबसे मशहूर प्रजाति के कोहिनूर का आम लगाकर उसे यादगार बनाया। पलामू जिला के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर स्थित मोहनलाल खुर्जा व पार्वती देवी पार्क सह जैविक उद्यान में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु एवं वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने विश्वकर्मा पूजा और देश के सबसे लोकप्रिय एवं जनप्रिय




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दीघार्यु होने की कामना करते हुए देशवासियों को भी शुभकामनाएं दी। पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कोहिनूर आम का पौधा लगाते हुए उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरणविद ने कहा कि जापान का कोहिनूर प्रजाति का आम दुनियां का एक अलग तरह का आम है। जिसका पत्ता पेड़ और फल सब काला होता है। इतना ही नहीं उसके फल बाजार में बहुत ही महंगे और ऊंचे दामों पर बिकते हैं। इसीतरह हमारे यशस्वी व कर्मठ प्रधानमंत्री देश ही नहीं बल्कि दुनियां में एक अलग व्यक्तित्व के मालिक हैं। जिसके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का दुनियां में न सिर्फ डंका बज रहा है बल्कि सारे विश्व के लोग मुरीद भी हैं। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि उक्त जापानी प्रभेद के आम को उस पार्क में लगाने से अब वहां विदेशी प्रजाति के पौधों की संख्या 22 हो गयी। यानि पार्क में 22 देश के पौधे लगे हुए हैं। आज भी उस पार्क में थाईलैंड प्रजाति के लगे आम के फल पक रहे हैं। जो पार्क घूमने आरहे लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने विश्वकर्मा पूजा और प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन की कामना किया है। उन्होंने कहा मोदी जी ने अपने दृढ़ संकल्प से असंभव कार्यों को संभव करके दिखाया है। गरीब कल्याण, सुशासन, विकास, राष्ट्रसुरक्षा व ऐतिहासिक सुधारों के समांतर समन्वय से उन्होंने भारत माता को पुनः सर्वोच्च स्थान पर आसीन करने के अपने संकल्प को धरातल पर चरितार्थ किया है। यह निर्णायक नेतृत्व और उस नेतृत्व में जनता के अटूट विश्वास के कारण ही सम्भव हो पाया है। इस अवसर पर लोगों के बीच निःशुल्क पौधों का वितरण भी किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

**मौके पर संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, अरुण कुमार जायसवाल, अनुज कुमार,बसंत सिंह, गोपाल कुमार, संतोष मेहता, अमरेंद्र कुमार रवि, जुबेर अंसारी, शमीम अंसारी, मुनेशर मांझी, सत्येंद्र प्रसाद, रामू कुमार, संतोष प्रजापति, छोटू कुमार सहित कार्यक्रम में शामिल कई लोगों ने पीएम को जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्हें दीघार्यु होने की कामना किया है।**

# स्पोर्ट्स



भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले तीन मैचों के दिव्यांगजन टी 20 क्रिकेट सीरीज के लिये भारतीय टीम की घोषणा आज कर दी गई। टीम में झारखंड के 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

# भारत एवं बांग्लादेश दिव्यांगजन क्रिकेट टी-20 सीरीज में झारखंड के छह खिलाड़ी चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले तीन मैचों के दिव्यांगजन टी 20 क्रिकेट सीरीज के लिये भारतीय टीम की घोषणा आज कर दी गई। टीम में झारखंड के 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जो राज्य के लिए गौरव की बात है यह खिलाड़ी हैं। इनमें से मुकेश कंचन, निशांत कुमार उपाध्याय, विजय महतो, शौकत अली पहले भी भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं। जबकि वागीश




त्रिपाठी और विशाल नायक को पहली बार मौका मिला है। विदित हो कि भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों का टी 20 सीरीज रांची के मेकॉन स्टेडियम में 20, 21 और 22 सितंबर के बीच खेला जाना था जो बांग्लादेश की टीम को समय से वीजा नहीं मिलने के कारण 1 सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। अब यह सीरीज 27,28 और 29 सितंबर को खेला जायेगा। समय परिवर्तन के संबंध में महोदय सूचित करना है कि भारत एवं बांग्लादेश दिव्यांग किंतु बांग्लादेश के खिलाड़ी एवं अधिकारियों को सही समय पर वीजा नहीं मिल सका। जिस कारण से इस महाआयोजन को 27, 28 एवं 29 सितंबर 2022 को रांची के मेकॉन स्टेडियम में सुनिश्चित किया गया है।

# कोडरमा ने जीता फुटबॉल मैच

**शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया उद्घाटन**

**पूर्व सह आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह भी थे मौजूद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया में गिरिडीह और कोडरमा के बीच रविवार को फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन कोडरमा की सासंद एवं भारत सरकार में शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा किया गया। इसमें कोडरमा ने एक्स्ट्रा समय में मैच जीता। इस मौके पर पूर्व सह आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, पूर्व



भाजपा विधायक बगोदर नागेंद्र महतो, भाजपा ज़िलाध्यक्ष कोडरमा नीतेश चंद्रवंशी, कलाकार गायक नवीन पांडेय, सुदर्शन यादव, विधायक केदार हाजरा, राजकुमार यादव, अमित, मंडल अध्यक्ष मनोहर, गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, प्रणव वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश यादव और प्रतिनिधि गिरिडीह दिनेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## आज नहीं चलेगी मदार-कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन



धनबाद (आजाद सिपाही)। पश्चिम मध्य रेलवे पर जबलपुर मंडल में प्रस्तावित दोहरीकरण कार्य को देखते हुए 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन 22 और 29 सितंबर को नहीं चलेगी। इसी तरह 19608 मदार-कोलकाता एक्सप्रेस 19 और 26 सितंबर को रद्द रहेगी। इसी तरह 13025 हावड़ा-भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस 19 और 26 सितंबर और 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस 21 और 28 सितंबर को गढ़वा रोड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, कटनी मुड़वारा के रास्ते चलेगी। 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस 14 व 28 सितंबर और 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस 17 सितंबर व एक अक्तूबर को इसी रास्ते चलेगी।

## अपराधियों ने युवक से लूटी बाइक व मोबाइल

धनबाद (आजाद सिपाही)। निरसा एमपीएल ओपी अंतर्गत नीलकुठी मोड़ के पास शनिवार की देर रात सिरपुरिया निवासी रामधनी तिवारी नामक युवक से बाइक, मोबाइल फोन और पैसे लूट लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। लूट की वारदात को अंजाम देते समय अपराधियों ने कथित रूप से एक राउंड गोली भी चलाई। उनके जाने के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचन दी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने मौके से एक गोली का खोखा बरामद किया गया। हलांकि पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत अभी तक थाना में नहीं की है।

### आभूषणों की छिनतई के मामले में चास पुलिस की धनबाद के कतरास में कार्रवाई

# कतरास के नेहा ज्वेलर्स के मालिक के साथ दो छिनतई बाज गिरफ्तार

**आरोपितों के पास से 17.8 ग्राम गहने व गला हुआ सोना बरामद, तीनों आरोपित भेजे गए जेल**

## स्वर्ण कारोबारी पर चोरी के गहने खरीदने का है आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**चास।** चास पुलिस ने रविवार को धनबाद के कतरास स्थित श्यामडीह से दो चेन छिनताईबाजों के साथ ही एक स्वर्ण व्यावसायी को भी गिरफ्तार किया है। उस पर चोरी के आभूषण खरीदने के आरोप हैं। उनकी पहचान सद्दाम अंसारी (28), सफीक अंसारी (24) और अमित कुमार स्वर्णकार के रूप में हुआ है। अमित पेशे से व्यापारी है और कतरास में नेहा ज्वेलर्स नामक आभूषण दुकान का मालिक है। चार पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर रविवार को जेल भेज दिया।



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते चास के एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार व अन्य।

इनके पास से 17.8 ग्राम सोने के जेवर और गले हुए सोने का हिस्सा भी बरामद किया गया है। आभूषणों में 14 ग्राम का सोने का हार एवं 3.8 ग्राम गले सोने का ढेला है। इसके अलावा पुलिस ने छिनतई की घटना में इस्तेमाल की गयी बाइक भी बरामद कर ली है। इसकी जानकारी चास एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार ने दी। वे रविवार को चास थाना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि विगत 13 सितंबर को सेक्टर छह पांडे पुल के पास स्कूटी सवार लक्ष्मी देवी नामक महिला से बाइक सवार अपराधियों ने चेन छिनतई कर ली थी। उसी दिन सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर तीन में अहिल्या देवी नामक बुजुर्ग महिला से भी चेन की छिनतई की गई थी। दोनों घटनाओं की अलग-अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एसपी चंदन कुमार झा के निर्देश पर चास इंस्पेक्टर मोहम्मद रुस्तम के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। जिसने सफलतापूर्वक अनुसंधान करते हुए धनबाद के कतरास से दो छिनताईबाजों और चोरी के आभूषण खरीदने वाले सोना व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। जेल गए तीनों आरोपियों ने स्वीकारोक्ति बयान के जरिये घटना में खुद की संलिप्तता स्वीकार की है। वहीं, छापामारी में चास थाना प्रभारी मोहम्मद रुस्तम, पुलिस अवर निरीक्षक केशव कुमार मेहता, पुलिस अवर निरीक्षक अजय उपाध्याय और अंकित पांडे आदि शामिल थे।

## धनबाद में मिला दो युवकों का शव, हत्या की आशंका



आजाद सिपाही संवाददाता


**धनबाद।** शहर में रविवार को अलग-अलग जगहों से दो युवकों का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पहली घटना धनबाद के केंदुआडीह क्षेत्र घटित हुई। गोधर पावर हाउस के पीछे नाले से 17 वर्षीय एक किशोर का शव बरामद हुआ। वहीं दूसरा शव कुसुंडा रेलवे स्टेशन के समीप पाया गया। इलाके में दो शव मिलने की सूचना से सनसनी फैल गई। शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। नाले से मिले शव की पहचान धनसार थाना क्षेत्र के सीआईएसएफ कैंप के पीछे रहने वाले विक्की चौहान के रूप में की गई। जबकि दूसरे शव की पहचान राजू गोप के रूप में हुई है। वह गोधर 15 नंबर का रहने वाला था। उधर, घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शवों की पहचान की। कुसुंडा रेलवे स्टेशन के पास मिले मृतक राजू गोप के भाई ने बताया कि वह ओडिशा में वाहन चालक के रूप में काम करता था। 10-15 दिन पहले ही राजू गोप ओडिशा से अपने घर गोधर 15 नंबर आया था।

नाले में मिले शव के पहचान करने के बाद मृतक के भाई अमित चौहान ने बताया कि शनिवार की शाम तुरा नाम के युवक के बाइक से उसका भाई निकला था, लेकिन रात में अपने घर वापस नहीं लौटा। सुबह लोगों से पता चला कि गोधर में एक शव मिला है। इसके बाद मौके पर पहुंचा तो शव उसके भाई की ही निकली। उसने आशंका जताई है कि भाई की हत्या कर शव को यहां फेका गया है। इस मामले में कुसुंडा जीआरपी के अनिल कुमार ने कहा कि रेलवे फाटक के समीप राजू गोप नाम के युवक का शव मिला है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं, केंदुआडीह के एएसआई रामगुलाम ने बताया कि जांच की जा रही है। फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

## शर्मनाक: दोस्त से शर्त लगाकर युवक ने पड़ोसी किशोरी से किया दुष्कर्म, वीडियो भी बनायी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अलकडीहा।** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के जीनागोडा स्थित बासुदेव कोलियरी मुहल्ला में शनिवार की रात एक युवक ने अपने दोस्त से प्रतिस्पर्धा में शर्त लगाकर पड़ोस में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। यही नहीं, इस शर्मनाक घटना की आरोपित युवक ने अपने मोबाइल फोन में वीडियो भी बनाई और उसे अपने दोस्तों के पास भी भेज दिया। उक्त घटना इलाके में




जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। दूसरी ओर, पीड़ित किशोरी और उसके स्वजनों ने घटना की लिखित शिकायत अलकडीहा ओपी पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर, मामले की गंभीरता को देखते हुए ओपी प्रभारी महेंद्र कुमार ने तत्काल पुलिस बल के साथ आरोपित के घर छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान संजय कुमार भुइयां के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे धनबाद जेल भेज दिया है। प्राथमिक पूछताछ में आरोपित ने पुलिस को बताया कि वो किशोरी के साथ कथित प्रेम करता था। जबकि उसका एक अन्य दोस्त भी उस किशोरी से प्रेम करने का दावा कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच सच्चा प्रेम करने का सबूत दिखाने की शर्त लग गई। इसके बाद सबूत के तौर पर आरोपी ने पीड़िता को बहला फुसलाकर जंगल में ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के साथ ही उसका वीडियो भी बना लिया। यही नहीं, सबूत के तौर पर उस वीडियो को अपने दोस्त को भी भेज दिया।

## ईएसएल कर्मचारियों ने मनाया विश्वकर्मा पूजा



बोकारो (आजाद सिपाही)। ईएसएल स्टील लिमिटेड के कर्मचारियों ने विश्वकर्मा पूजा को धूमधाम से मनाया । पूजा का आयोजन कंपनी के एचआर और एडमिन टीम द्वारा किया गया था, जिसमें भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियाँ प्लांट के 12 अलग-अलग स्थानों पर लगायीं गयी थी। मैथन फील्ड में आयोजित मुख्य पूजा गतिविधियों का नेतृत्व अनृत मुखर्जी निदेशक, केंद्रीय इंजीनियरिंग और सुनील कुमार निदेशक, परियोजना ने किया।

## ग्रामीण इलाके में आइटीआइ का संचालन सराहनीय कदम: पीएन सिंह



धनबाद (आजाद सिपाही)। प्रधानखंता डीसीएम आइटीआइ में रविवार को दीक्षांत समारोह व प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। सांसद पीएन सिंह ने ग्रामीण इलाके में आइटीआइ के संचालन के लिए चेयरमैन डोमनचंद्र महतो व जन कल्याण संस्था के सदस्यों को बधाई दी। और तकनीकी शिक्षा की दिशा में किए गए इस प्रयास को सराहा। रेल प्रबंधन द्वारा लाइन के किनारे बनाऐ जा रहे चहरदिवारी निर्माण से ग्रामीणों के समक्ष उत्पन्न हो रही परेशानी से जीएम व डीआरएम को अवगत कराने की बात कही। वहीं, भाजपा नेता संतलाल परामाणिक ने छात्र-छात्राओं से अपनी सांस्कृतिक पहचान को बरकरार रखने की बातें कही। इस मौके पर जिप सदस्य संजय कुमार महतो, अनुदेशक किसुन मिस्त्री, सांसद प्रतिनिधि घनश्याम ग्रोवर, निताइ रजवार, अरविंद पाठक, विद्युत चक्रवर्त्ती, रतनचंद्र महतो, सीताराम महतो, विमलचंद्र महतो, नेपाल महतो, विश्वनाथ मंडल, ललन कुमार महतो, नरेश महतो, एसएन किस्कू, सिंटु गोस्वामी, उदय कुमार महतो, नीतु कुमारी, मिथिलेश महतो आदि मौजूद थे।

## झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी संघ के प्रतिनिधियों ने की शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** झारखंड राज्य गृहरक्षा वाहिनी संघ व विभिन्न प्रखंडों के जवानों ने रविवार को झारखंड शिक्षा साक्षरता सह मधनिषेध एवं उत्पाद विभाग मंत्री जगरनाथ महतो से मुलाकात कर उन्हें पूर्व में सौंपे गए मांग पत्र के समर्थन में स्मरण कराया। इस दौरान छत्रधारी महतो एवं रोबिन कुमार डे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा गया है। गृहरक्षकों ने बताया कि सरकार में शामिल मंत्रियों एवं विधायकों को पूर्व में अनेकों बार मांग पत्र सौंपा गया है। बावजूद इसके गृह रक्षको की मांग को पूरा नहीं किया गया। झारखंड सरकार के अन्य विभागों में सरकार द्वारा उचित कदम उठाए गए हैं। इसलिए इस बार राज्य के



गृहरक्षकों को भी ध्यान में रखते हुए सामान काम का सामान वेतन या फिर बिहार सरकार द्वारा गृहरक्षकों को दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं बहाल करने की आवश्यकता है। जिससे राज्य गृहरक्षकों को सही ढंग से भरण पोषण हो सके। यहां उपस्थित सभी जवानों के बातों को गौर से सुनने के बाद मंत्री ने कहा कि 23 सितंबर को झारखंडआंदोलनकारी नेता बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि है। आप लोगों को आमंत्रित दिया जा रहा है। अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो कर आए। उस दिन ही आपलोगों के लिए घोषणा की जाएगी। उससे पहले उक्त विषय में मुख्यमंत्री से बात कर लिया जाएगा। इस मौके पर रोबिन कुमार डे, बिनोद ठाकुर, राजेश कुमार रवि, परशुराम महतो, संजय कुमार महतो, तुलसी महतो, जितेन्द्र महतो, मनोज कुमार महतो, रुपेन्द्र महतो, रीतलाल महतो, महतो कपिल देव रजवार, अनिल कुमार महतो आदि थे।

## जेल अदालत में वादों के निष्पादन के लिए नहीं मिला एक भी आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** नालसा, झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमारी रंजना अस्थाना के निर्देशानुसार रविवार को तेनुघाट जेल में ऑनलाइन जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तेनुघाट व्यवहार न्यायालय से किया गया। जिसमें वादों के निष्पादन के लिए एक बेंच का गठन किया गया था। जिसके सदस्य एसडीजेएम दीपक कुमार साहू और अधिवक्ता रीतेश कुमार जयसवाल मौजूद थे। हालांकि उक्त जेल अदालत में वादों के निष्पादन के लिए एक भी आवेदन नहीं आया। साथ ही तेनुघाट जेल में एक आभासी या ऑनलाइन विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन व्यवहार न्यायालय से वीडियो कॉन्फ्रंसिंग के माध्यम से हुआ। इस जागरूकता कार्यक्रम में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के बंदियों के जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारियां दी। जेल से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला। जेल में रहने वाले बंदियों के बारे में जानकारी ली गई कि कितने महिला और पुरुष यहां मौजूद है। यह भी जानकारी ली गई कि महिलाओं के साथ कोई बच्चे भी यहां हैं कि नहीं। इस पर बताया गया कि अभी जेल में मौजूद महिला बंदी के साथ एक भी बच्चा नहीं है। इसके बाद बंदियों को बताया कि स्वच्छता बहुत जरूरी है जिससे हम स्वस्थ रह सकते हैं। बंदियों को समय-समय पर योगा करने के बारे में भी जानकारी दी गई। कहा गया कि सप्ताह में एक बार योगा क्लास होना चाहिए। यह भी जानकारी ली गई कि बंदियों का किसी भी तरह का आवेदन लंबित है या नहीं। इस पर जेलर नीरज कुमार ने बताया कि अभी तक एक भी बंदी आवेदन लंबित नहीं है। समय पर आवेदन मिलने के बाद ही आवेदन को न्यायालय या डालसा में भेज दिया जाता है। वहीं, न्यायाधीश ने पैनल अधिवक्ताओं को भी निर्देश दिया कि बंदी को अधिवक्ता मुहैया है या नहीं या पता करें। अगर मुहैया नहीं है तो तुरंत उन्हें उनका आवेदन लेकर तत्काल अधिवक्ता मुहैया कराएं ताकि उनके मामलों का निष्पादन हो सके। आगे बताया कि जेल से निकलकर बंदी अच्छे कार्यों में अपना समय बिताएं ताकि आगे वह मुसीबत में ना पड़े।

## सरकारी आइटीआइ संस्थान में आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग के बौआकला बस्ती स्थित सरकारी आईटीआई ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाघमारा में सत्र 2020-21-22 के उर्तीण छात्रों का प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 28 वेल्डर, 33 इलेक्टिशयन, 34 फिटर और 35 मेकेनिकल डीजल ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि नरेश कुमार महतो ने उर्तीण छात्रों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया। समारोह में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि नरेश कुमार महतो ने कहा कि जीवन में किसी व्यक्ति को किसी भी विषय पर प्रशिक्षित होना बहुत ही जरूरी है। बिना प्रशिक्षण के अपनी योग्यता को उभार नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस आइटीआइ से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को लाभ मिलेगा। साथ ही छात्रों को नशे से दूर रहने की अपील की। मौके पर बोआकला पंचायत के मुखिया भीमलाल रजक व आजसू पार्टी के राजगंज मंडल सचिव देवनारायण महतो उपस्थित थे।

## गोमिया विधायक ने विश्वकर्मा पूजा पंडालों का भ्रमण कर मत्था टेका

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया सहित आसपास के क्षेत्र आइइएल कॉलोनी, स्वांग कोलियरी, स्वांग वाशरी आदि में भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर गोमिया मोड़ स्थित ट्रैकर स्टैंड, बैंक मोड़, आइइएल और स्वांग टैक्सी स्टैंड आदि मोटर गैराज में विश्वकर्मा की पूजा की गई। कई जगहों पर भव्य पंडाल व आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई थी। इस अवसर पर पूजा अर्चना व दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं कई जगहों पर भजनकीर्तन व भक्ति जागरण आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज ने गोमिया क्षेत्र के कई पूजा



पंडालों में गए और मत्था टेका व क्षेत्र में सुख शांति की कामना की।

### टैक्सी स्टैंड में यात्री शेड देने की घोषणा

गोमिया बैंक मोड़ स्थित टैक्सी स्टैंड में वाहन चालकों द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री शेड की मांग की गई, जिसपर विधायक ने इसी वित्तीय वर्ष में उनकी मांग को पूरा कर दिया जाएगा। मौके पर पलिहारी गुरुडीह की मुखिया सपना कुमारी, गोमिया मुखिया बलराम रजक, मुखिया बिनोद विश्वकर्मा आदि थे।

### डीएवी ढोरी में सीसीएल की लाल लाडली परीक्षा संपन्न

## परीक्षा में शामिल हुए 244 छात्र-छात्राएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** मकोली स्थित डीएवी ढोरी में सीसीएल के लाल लाडली की परीक्षा संपन्न हुई। साव ढोरी को इस परीक्षा के लिए सीसीएल द्वारा परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जहां 244 छात्र-छात्रओं ने अपना किस्मत आजमाया। यह परीक्षा सीसीएल द्वारा आयोजित किया जाता है। सफल विद्यार्थियों को देश के सबसे बड़े इंजीनियरिंग परीक्षा आईआईटी एडवांस के लिए निःशुल्क तैयारी करवाई जाती है। परीक्षा संपन्न कराने के लिए पांच सीसीएल अधिकारी रांची, बीएंडके और सीसीएल ढोरी क्षेत्र के स्कूल में सुबह पहुंचे। अधिकारी प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट लेकर केंद्र डीएवी



परीक्षा से पर्व पर्यवेक्षक और केंद्र में मौजूद छात्र-छात्राएं

ढोरी पहुंचे। विद्यालय के प्राचार्य एस कुमार ने सभी अधिकारियों व शिक्षकों के साथ परीक्षा से संबंधित बैठक की। उसके बाद परीक्षा अपने निर्धारित समय प्रारंभ हुआ। परीक्षा तीन घंटे का था। प्राचार्य एस कुमार ने परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न होने पर प्रसन्नता व संतोष जाहिर करते हुए अपने सहयोगी कर्मी को बधाई दी। कहा कि इस परीक्षा के परिणाम के बाद चयनित विद्यार्थियों को देश के सबसे बड़े इंजीनियरिंग परीक्षा आईआईटी एडवांस के लिए तैयारी निशुल्क सीसीएल द्वारा करवाई जाएगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। वहीं, परीक्षा संपन्न कराने में शिक्षक शशिभूषण नारायण, एमके त्रिपाठी, बीके मोदी, एस के मोदी, ब्रजेश कुमार, अनिल कुमार, केके पांडे, बुल्लू प्रधान, आशीष पांडे, मनीष राणा, भुवनेश्वर सोनार, सरयू राणा, अश्विन और भगवान राजवंशी की भूमिका सराहनीय रही।

## पूर्व सांसद-विधायक ने किया श्रीतिरुपति ट्रेडस का उद्घाटन



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो रानीबाग के समीप रविवार को श्री तिरुपति ट्रेडिंग इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक स्टोर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय और बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने किया। पूर्व सांसद और विधायक ने कहा कि इस प्रतिष्ठान के खुलने से ग्राहकों को काफी सहूलियत मिलेगी। अभी त्योहारों का समय आ रहा है। धनतेरस में लोग बर्तन आदि के अलावा इलेक्ट्रॉनिक सामान काफी संख्या में खरीदते है। वहीं, प्रो विजय तिवारी, टुनटुन तिवारी व टिंकू तिवारी ने कहा कि हमारे यहां इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक के सभी सामान के साथ साथ टीवी, एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मोबाइल, पंखा आदि भी उपलब्ध है।

## डोभा में डूबने से तीन साल के बच्चे की मौत

**गोमिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत शनिवार को 3.30 बजे सियारी पंचायत के परसापानी के गोसे टोला में लाल चंद बेसरा का तीन साल के बेटा निखिल बेसरा अपनी बहन और बड़ी दादी के साथ घर से 500 मीटर दूर डोभा से पानी लाने गया था। पानी लेकर बड़ी दादी चली गई। लेकिन निखिल वहीं, अपनी बहन के साथ खेलने लगा। तभी अनियंत्रित होकर डोभा में गिर गया, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

## भेंट-मुलाकात कार्यक्रम : विधानसभा क्षेत्र गुंडरदेही को सीएम भूपेश बघेल ने दी सौगात

# गुंडरदेही में एसडीओपी की होगी पदस्थापना

- अर्जुंदा एवं गुडरदेही में स्वास्थ्य केद्र और अर्जुंदा में बस स्टैंड का होगा निर्माण
- देवगुड़ी सौंदर्यीकरण हेतु 50 लाख रुपये
- बेलौदी जलाशय का होगा गहरीकरण और विभिन्न सड़कों की होगी मरम्मत
- भाटागांव, बेलौदी, कुरदी में शुरू होगा जिला सहकारी बैंक का एटीएम
- भाठागांव बी और पैरी में संचालित दो निजी स्कूलों का होगा शासकीयकरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र गुंडरदेही के ग्राम बेलौदी पहुंचे। श्री बघेल ने ग्राम बेलौदी स्थित मां दुर्गा एवं शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए भेंट मुलाकात की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि भेंट मुलाकात के पहले चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग के लोगों से मुलाकात की। उसके बाद रायगढ़ और अब बालोद जिले में आपके पास गया हूं। आज आपके बीच पहुंच कर बहुत ही खुशी का अनुभव हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर गुंडरदेही में एसडीओपी की होगी पदस्थापना करने की घोषणा की। इसी प्रकार अर्जुंदा और गुंडरदेही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भवन और अर्जुंदा में बस स्टैंड के निर्माण की मंजूरी दी। गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी बाहूल्य गांवों में देवगुड़ी सौंदर्यीकरण हेतु 50 लाख रुपये, बेलौदी जलाशय के गहरीकरण और विभिन्न सड़कों की मरम्मत की स्वीकृति दी। इसके अलावा भाटागांव, बेलौदी, कुरदी में जिला सहकारी बैंक का एटीएम, भाठागांव बी और पैरी में संचालित दो निजी स्कूलों के शासकीयकरण की भी मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत मैं यह जानने आया हूं कि आप लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। मुख्यमंत्री के यह कहने पर सबने उत्साहपूर्वक जोर से कहा कि योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि क्या कमी रह गयी है, उसे भी अब हम दूर करेंगे।

भेंट मुलाकात के दौरान शत्रुघ्न ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तारीफ करते हुए कहा कि मुझे इस योजना का लाभ दो साल से मिल रहा है। इसके अलावा अल्पकालीन कृषि ऋण माफ योजना के तहत 35 हजार का कर्ज माफ हुआ। शत्रुघ्न ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।

मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए डोमार सिंह साहू ने बताया कि अल्पकालीन कृषि ऋण योजना तहत 3 लाख रुपये का कर्ज माफ हुआ है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत अक तक 38 हजार रुपये का लाभ मिला। इस पर मुख्यमंत्री ने डोमार सिंह साहू से पूछा कि इतना अतिरिक्त पैसा मिला




तो क्या किया? डोमार सिंह ने बताया कि बेटे की शादी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड्डू नहीं खिलाये भैया। किसान ने कहा आप तो आये नहीं। कुंवर सिंह आये थे। मुख्यमंत्री ने बहु पूर्णिमा से पूछा, क्या लिया आपके ससुर जी ने, बहु ने कहा कि मेरे लिए कार लेंगे। मुख्यमंत्री ने पूछा मायका कहां हैं। पूर्णिमा ने बताया कि अभनपुर।

मुख्यमंत्री ने पूछा किसका-किसका राशन कार्ड बना है। एक हितग्राही ने बताया कि एक कार्ड बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सास बहू साथ में रहो, कार्ड अलग होना सही नहीं है। हल्दी निवासी देववती साहू ने बताया कि परिवार में 3 लोग हैं, नमक, शक्कर, चावल सब सही निर्धारित मूल्य पर मिल रहा है। मुख्यमंत्री से देववती ने कहा : चना भी देतेव तो अच्छा होतीस कका। यह सुनकर सब खिलखिलाकर हंसने लगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत सभी पात्र किसान अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन करवा लें। इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपये देने का प्रावधान है।

मुख्यमंत्री को गोमती साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से उनके बच्चे का वजन तेजी से बढ़ गया। अब वह सामान्य बच्चों की श्रेणी में आ गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने गोमती को बताया कि एनीमिक महिलाओं के पोषण के लिए भी व्यवस्था है। एनीमिक महिलाएं योजना का लाभ लेकर स्वास्थ लाभ ले सकती हैं। एक हितग्राही ने अपने दिव्यांग बच्चे को दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हें विशेष स्कूल भेजें, इसके लिए हर जिले में सुविधा है। ऐसे सभी दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ के लिए हम कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पूछा कि हाट बाजार मोबाइल वैन में कितना पैसा दिये। ग्रामीण ने कहा कि वो तो फोकट में हे। फोकट में दवाई तको हे।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर भाठागांव में पानी और बिजली की बेहतर व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। चंचल महिला समूह की सदस्य ने मुख्यमंत्री को बताया कि 51 हजार वर्मी कंपोस्ट बेचे हैं। इससे 28 हजार शुद्ध कमाई है। इसके अलावा 15 हजार का तो कीटनाशक बेच चुके हैं। मुख्यमंत्री ने समूह की महिलाओं कि 10 साइकिल की डिमांड पर स्वेच्छानुदान से तुरंत 50 हजार रुपये स्वीकृत किये।

भोलाराम साहू ने सर्दी की फसल लेने के लिए मुख्यमंत्री से सोलर पंप की मांग की। साथ ही कहा कि समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 18 क्विंटल धान खरीदने का आग्रह भी किया। इस पर लोगों ने खूब ताली बजायी। लोगों ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों में खुशहाली का माहौल है। यदि 18 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी प्रारंभ हो जाये, तो किसान ज्यादा मजबूत होंगे। मुख्यमंत्री ने डोमर सिंह कि मांग को पूरा करते हुए कहा कि सोलर पंप दे।

हल्दी निवासी नरेंद्र सिंहा ने मुख्यमंत्री को बताया कि चिटफंड कंपनी ने मुझे लूट लिया है। मुख्यमंत्री को कलेक्टर ने अवगत कराया कि चिटफंड कंपनियों से लगातार वसूली की कार्रवाई जारी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहली बार चिटफंड कंपनियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। अब तक इन कंपनियों के कई डायरेक्टर जेल में हैं।

मुख्यमंत्री से नागेश्वरी साहू ने बेलौदी कॉलेज के संबंध में बताया कि यहां अच्छी सुविधा नहीं है, लॉ विषय और भूगोल विषय नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी शिक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों ने सबसे पहले किसानों की आय बढ़ाने पर कार्य किया है। इसके लिए हमने बड़े फैसले लिये। कोरोना की विपदा भी झेली, फिर भी लोगों के विकास के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। कोरोना काल में भी अन्नदाता से किया वायदा निभाते रहे। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ किसानों को मिलता रहा। आज किसानों से बातचीत की। लगा कि उनके जीवन में कितनी खुशहाली आयी है। खेती का रकबा भी बढ़ा। खेती में लोग लौट आये हैं। किसान की जेब में पैसा आया है। इससे खेती किसानी बहुत समृद्ध हुई है। मुख्यमंत्री ने आवारा मवेशियों से हो रही दिक्कत के बारे में बताया कि किस तरह गौठान की संकल्पना को मूर्त रूप दिया गया। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी आरंभ हो गयी। पहले कहते थे सब गुड़ गोबर हो गया। अब गोबर गुड़ हो गया है। वर्मी कंपोस्ट के उपयोग से फसल बढ़िया हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूरा माहो के लिए भी जैविक कीटनाशक बहुत उपयोगी है। स्वस्थ रहने भी यह बहुत जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात के पूर्व मंदिर दर्शन के बाद ग्राम की सरपंच कांतिबाई सारथी के घर पहुंच कर उनके दिवंगत पुत्र स्व. भूपेंद्र सारथी (ईशु) के चित्र पर माल्यार्पण कर शोक संवेदना व्यक्त की। स्व. भूपेंद्र की मृत्यु सप्ताह भर पहले, 12 सितंबर को हो गयी थी। इस दौरान दिवंगत भूपेंद्र की पत्नी शिल्पा और उनके दो वर्षीय पुत्र कान्हा से मुलाकात कर गहरी संवेदना जाहिर की। उन्होंने मासूम कान्हा को अपनी गोद में लेकर उसे पुचकारा भी। जब दिवंगत की पत्नी शिल्पा ने मुख्यमंत्री से भेंट की, तो इस दौरान अपने आंसुओं को रोक नहीं पायीं। मुख्यमंत्री ने शिल्पा को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मृतक भूपेंद्र की कमी तो पूरी नहीं हो सकती, अब मासूम कान्हा की परवरिश अच्छे से करनी होगी। उन्होंने शिल्पा के सिर पर हाथ रख कर ढांढस बंधाया।

## पीएम मोदी ने भारत को एक अलग पहचान दी है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनवार।** बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में 17 सितंबर को देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जन्म दिन के मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाग लिया। वहीं श्री सिंह के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी। इस बाबत श्री सिंह ने कहा कि 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म हुआ था। आज पूरा देश इनका जन्म दिन मन रहा है। देश के प्रधानमंत्री ने आज भारत को एक अलग पहचान दी है। इनके नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी मौजूदा समय में विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। मौके पर सुनील अग्रवाल, उदय सिंह, अशोक सिंह, उपेंद्र सिंह, नकुल राय, स्लैजा सिंह, विजय अग्रवाल, सोहन यादव, पंकज सिंह, श्रीकांत, राजेंद्र यादव, रामचंद्र यादव आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संबलपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छ संवाद का आयोजन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर मंडल में 16 से 30 सितंबर-तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। 17 सितंबर को संबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छ संवाद मनाया गया। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी रेलवे स्टेडियम से शुरू होकर रेल नगर गेट पर संपन्न हुई। स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने और स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों की स्वच्छता के बारे में यात्रियों से प्राप्त फीडबैक के लिए यात्रियों के साथ बातचीत की गयी। स्टेशनों पर विक्रेताओं की काउंसलिंग की गयी। विभिन्न स्टेशनों पर प्लास्टिक के एकल उपयोग को कम करने और 50 माइक्रॉन से कम के प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की भी घोषणा की गई है। 19 और 20 सितंबर- 2022 को यह अभियान मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छ स्टेशन के विषय पर आधारित होगा।



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**